सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-314 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
16 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# होटल में लगी भीषण आग, छह की मौत

**घटना**

- रसोई गैस से लगी आग
- 30-35 लोगों को होटल से बाहर निकाला गया



**पटना।** राजधानी पटना में जंक्शन के ठीक सामने स्थित बहुमंजिले पाल होटल में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। सुबह करीब साढ़े 10 बजे आग की सूचना सामने आयी और लगभग आधे घंटे के अंदर पूरी बिल्डिंग आग और धुएं से भर गई। होटल के बगल वाली बिल्डिंग में भी आग पहुंच गई और दोनों बिल्डिंग से सिर्फ आग और धुआं ही दिखा। इससे सटे पटना किराना को भी आग से खतरा है। अग्निशमन दस्ते का इंतजाम इस आग के सामने कमजोर साबित हो रहा है। बिल्डिंग के सामने स्थित पुल पर भी भीषण जाम लग गया है और स्टेशन रोड भी पूरी तरह जाम है। इधर, अगलगी के करीब डेढ घंटे एक शख्स की लाश बाहर निकाली गई। इसके आधे घंटे बाद दो युवतियों की लाशें बाहर निकाली गई। पटना सेंट्रल रेंज के टीएसपी सत्य प्रकाश ने पुष्टि करते हुए बताया कि पाल होटल में लगे आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन महिला एवं तीन पुरुष हैं। दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में इलाज के लिए लगभग 20 लोगों को भर्ती कराया गया है।

# मैं गरीब का बेटा हूं : मोदी

## दिल्ली में बैठा कांग्रेस का शाही परिवार कांग्रेस को वोट नहीं देगा : प्रधानमंत्री

**साधा निशाना**

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। ये चुनाव आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। दिल्ली में बैठा कांग्रेस का शाही परिवार कांग्रेस को वोट नहीं देगा, क्योंकि अमेठी में उस सीट पर कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। इस बार आपका वोट देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने वाला है। मैं गरीब मां का बेटा हूं, इसलिए देश की माताओं-बहनों का दुख-दर्द भलीभांति समझ सकता हूं। उन्होंने कहा कि जब यहां योगी जी की सरकार आई तो सपा के काल में ठप्प पड़ी सभी योजनाएं और विकास की गाड़ी तेजी से दौड़ना शुरू हुई। पहले जहां सड़कें सलामत नहीं थीं अब वहां एक्सप्रेस-वे गुजर रहे हैं। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं।



**कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी**

"राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति ये पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमने 4 करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं। यही नहीं, हम 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी अपने काम का, देश के विकास का लेखा-जोखा देकर आपसे आशीर्वाद मांगता है, वोट मांगता है।

'कांग्रेस की इस फिल्म में दो डायलॉग हैं- पहला- मोदी जीत जाएगा तो तानाशाही आ जाएगी। दूसरा- मोदी जीत जाएगा तो आरक्षण चला जाएगा ये ऐसा ही झूठ चलाते रहते हैं। लेकिन जैसे ही इस फिल्म का ट्रेलर उनके घोषणा पत्र में दिखाई दिया, लोगों ने पढ़कर निकाला तो कांग्रेस का असली चेहरा, उनका हिडेन एजेंडा देश को पता चल गया। अब इनकी एक-एक कर सारी सच्चाई देश के सामने आने लगी है।

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

**चुनाव**

- यूपी की 8 सीटों पर 91 उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग हो चुकी है। जहां पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग हुई थी। लोकसभा चुनाव के लिए अब 6 अन्य चरण (26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून) बचे हुए हैं. जबकि, 4 जून को सभी लोकसभा सीटों पर वोटों की गिनती हालांकि, अब 2024 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल यानि कि 26 अप्रैल को इस चरण में 13 राज्यों के 89 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। जिन प्रदेशों में 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है उनमें असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल है। दूसरे चरण में यूपी की 8 सीटों पर मतदान होगा, जहां 91 उम्मीदवार हैं। सबसे ज्यादा गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर 15-15 उम्मीदवार हैं। बुलंदशहर में सबसे कम केवल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। अमरोहा में 12, मेरठ में आठ बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी हैं।

# कन्नौज से चुनावी मैदान में उतरे अखिलेश यादव

**उम्मीदवार**

- परिवार की मौजूदगी में किया नामांकन
- नकारात्मक राजनीति कर रही भाजपा



**कन्नौज।** शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। सपा प्रमुख, (जिन्होंने 2000 और बाद में 2004 और 2009 में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था) ने राम गोपाल यादव सहित पार्टी नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। पत्रकारों से बातचीत में रामगोपाल यादव ने कहा कि सपा भारी अंतर से सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, भाजपा उम्मीदवार इस सीट पर अपनी जमानत जब्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक अपडेट समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व मैनपुरी सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को अपने उम्मीदवार के रूप में दाखिल करने के अपने पहले के फैसले को पूरी तरह से उलटने का प्रतीक है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी, नेताओं, कार्यकर्ताओं और सभी की भावना थी कि मैं यहां से समाजवादी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ूं। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा।

## सांसद राजवीर दिलेर पंचतत्व में विलीन

**अलीगढ़।** हाथरस संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर का 25 अप्रैल को नुमाइश मैदान स्थित श्मशान गृह में अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा विहार स्थित घर से उनकी अंतिम यात्रा निकली। उनके पार्थिव शरीर को फूलों से सजी गाड़ी में रखकर लाया गया। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। अलीगढ़ हाथरस सहित आसपास के कई जिलों की सियासी हस्तियां उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुई। इस दौरान पुलिस की टुकड़ी ने अंतिम यात्रा से पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार की औपचारिकताओं के बाद फूलों से सजी गाड़ी में रखा गया और सुरक्षा विहार स्थित आवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। अंतिम यात्रा सारसौल, जीटी रोड होते हुए नुमाइश मैदान स्थित श्मशान गृह पहुंची। वहां बेटे दीपक दिलेर ने पिता को मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में शामिल लोग अब दिलेर परिवार की राजनीतिक विरासत पर चर्चा करते रहे।

# विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए : योगी

## आगरा से एसपी सिंह व फतेहपुर सीकरी से राजकुमार को वोट देने की अपील

**हुंकार**

- जिन्हें सुरक्षित भारत अच्छा नहीं लग रहा, वे फिर से षडयंत्र करने आपके बीच आए हैं : योगी



**नफरत की भावना के साथ खड़े हैं इंडी गठबंधन के लोग**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश के आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पंच प्रण का आह्वान किया था। यह भारत के अंदर गुलामी के अंशों को समाप्त करने, विरासत का सम्मान करने, आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रत्येक भारतवासियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान करता है तो दूसरी ओर भारत के प्रति नफरत की भावना के साथ खड़े कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन के लोग हैं, जिनका इतिहास देश के खिलाफ गद्दारी और अतीत जाति, क्षेत्र व भाषा के आधार पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का रहा है।

**आगरा।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं।

जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। भारत दुनिया की सबसे बड़े आर्थिक ताकत के रूप में उभरता दिख रहा है। जिन्हें गरीब कल्याणकारी व विकास की योजनाएं और सुरक्षित भारत अच्छा नहीं लग रहा है, वे फिर से षडयंत्र करने आपके बीच आए हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कोठी मीना बाजार आगरा में मतदाताओं से आगरा के सांसद/भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल व फतेहपुर सीकरी से सांसद/भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन में भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपके वोट ने देश की तकदीर व तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। दस वर्ष में हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री योगी आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्पकर्ता हैं। मतदाताओं से आह्वान किया कि कमल पर पड़ा आपका हर वोट प्रधानमंत्री मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को बढ़ाएगा।

# झटका : स्थगित हुआ एमसीडी का मेयर चुनाव

**आदेश**

- एमसीडी चुनाव में आप को है कांग्रेस का समर्थन



**नई दिल्ली।** कल होने वाले दिल्ली एमसीडी का चुनाव टल गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मेयर चुनाव के लिए प्रीसाइडिंग ऑफिसर तय नहीं होने की वजह से यह चुनाव टाला गया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है, चंडीगढ़ की तरह दिल्ली में भी भाजपा और उनके एलजी साहब दिल्ली की जनता के द्वारा एमसीडी में चुनी सरकार को हटाने की साजिश रच रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि दिल्ली के एमसीडी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को कांग्रेस समर्थन करेगी। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) पर लिखा, '26 अप्रैल को होने वाले एमसीडी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में कांग्रेस ने आप के उम्मीदवारों के समर्थन का ऐलान किया। हम देशभर में तानाशाही शक्ति के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं और इस जंग को जीतेंगे।' बता दें कि लोकसभा का चुनाव दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ मिलकर लड़ रही है।

# राहुल और प्रियंका कर सकते हैं रामलला के दर्शन

**आशीर्वाद**

- अमेठी और रायबरेली सीट से नामांकन कर सकते हैं दाखिल





**अमेठी।** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा क्रमशः उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों से नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले दोनों कांग्रेस नेता अयोध्या भी जा सकते हैं और भव्य राम मंदिर में रामलला का आशीर्वाद भी ले सकते हैं। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है।

राहुल गांधी पहले से ही केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट पर दूसरे चरण में शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होना है। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि राहुल गांधी एक और सीट से नामांकन दाखिल कर सकते हैं और वह सीट अमेठी। राहुल का तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की स्मृति ईरानी से भी मुकाबला होगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अगर आगे बढ़ती हैं और रायबरेली से नामांकन दाखिल करती हैं तो यह उनका पहला लोकसभा चुनाव होगा। सोनिया गांधी रायबरेली से मौजूदा सांसद हैं, हालांकि, वह पहले ही राज्यसभा में जा चुकी हैं। अमेठी और रायबरेली दोनों हाल तक कांग्रेस का गढ़ बने रहे जब लोकसभा चुनाव 2019 में स्मृति ईरानी ने अमेठी में राहुल गांधी को हराया।

# सलमान खान फायरिंग केस में पंजाब से हुई गिरफ्तारी



**चंडीगढ़।** 14 अप्रैल को बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई गोलीबारी की घटना ने हर किसी को दंग कर दिया। इस बीच, मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को बांद्रा में बॉलीवुड अभिनेता के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार दो लोगों की पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी। अब इस मामले में पुलिस के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया। साथ ही मामले में बड़ा खुलासा किया है। मुंबई में अभिनेता सलमान के घर के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया।






**जवाब**

## खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी

# गलत बयानबाजी ना करें पीएम मोदी

**टिप्पणी**

- पीएम मोदी से मिलना चाहते खरगे
- मिलकर समझाऊंगा कांग्रेस का घोषणापत्र
- संपत्ति के बंटवारे का कोई जिक्र मेनिफेस्टो में नही



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कांग्रेस के घोषणापत्र पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पीएम मोदी ने संपत्ति के बंटवारे को लेकर राजस्थान के बांसवाड़ा में कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र किया था। पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए मुस्लिम समुदाय पर टिप्पणी की थी। पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी ने कांग्रेस घोषणापत्र को लेकर जो बात कही है वो झूठ है। कांग्रेस के 50 पन्नों के घोषणापत्र में कही ही भी संपत्ति के बंटवारे का जिक्र नहीं है। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पीएम मोदी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वो पीएम मोदी से खुद मिलकर उन्होंने ये बताना चाहते हैं कि संपत्ति के बंटवारे का कोई जिक्र कांग्रेस मेनिफेस्टो में नहीं है। कांग्रेस ने पत्र लिखते हुए पीएम मोदी से मिलने की मांग की। पत्र में मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा, कांग्रेस न्याय पत्र का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। आपके (पीएम मोदी) सलाहकारों द्वारा आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दी जा रही है जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मैं इससे भी अधिक हमारे न्याय पत्र को समझाने के लिए आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहता हूं ताकि देश के प्रधानमंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।

**चुनाव आयोग ने मोदी-राहुल के बयान पर मांगा जवाब**

चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी और राहुल गांधी के विवादित बयानों से चुनाव आयोग ने भी आज चिंता जाहिर की। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग ने इस मामले पर 29 अप्रैल के सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है।

## भारतीय उच्चायोग पर हमले में आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले 18 मार्च 2023 को खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

# जैसे डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया था, वैसे ही कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएगी: राजनाथ सिंह

**■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विलॉबी हाल में जनसभा को किया संबोधित**



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विलॉबी हाल में जनसभा को संबोधित किया उनके निशाने पर सपा और कांग्रेस रही। उन्होंने कहा कि जैसे डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया था, वैसे ही कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएगी और सपा भी सैम पित्रोदा के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संकेत अच्छे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने (सैम पित्रोदा) कहा कि अमेरिका में जिस प्रकार की एक व्यवस्था है उसे भारत में लागू कर देना चाहिए। यदि परिवार में किसी मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो संपत्ति में आधे से अधिक, 55 फीसदी सरकार के कब्जे में आ जाएगी और उस परिवार के लोगों को केवल 45 फीसदी संपत्ति ही मिलेगी क्या करना चाहते हैं ये लोग? कहां देश को ले जाना चाहते हैं हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। ये लोग कब क्या कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उनके निशाने पर कांग्रेस और सपा रही। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। श्रीराम कुटिया से निकल कर महल में पहुंच चुके हैं। देश में रामराज्य की शुरुआत हो गई है रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे पहले सनातन संस्कृति के विकास की चिंता नहीं की गई थी, लेकिन मोदी सरकार ने सभी धर्मों की चिंता की है। भाजपा हिंदुस्तान की अकेली पार्टी है जो कहती है वही करती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 5-10 साल के बाद लोग सपा को भूल जाएंगे। समाप्त पार्टी कहेंगे। कांग्रेस विलुप्त हो रही है। बच्चे कहेंगे कौन कांग्रेस। उन्होंने कहा कि जैसे डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया वैसे ही कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएगी।

# प्रेक्षक ने डीएम संग किया इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग से नामित 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति



स्क्रीन पर देखी सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम ने सामान्य प्रेक्षक को चुनाव कराने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम विनोद गुप्ता, प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम भारत प्रसाद मौजूद रहे।

## प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह संग कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक इकाई का अवलोकन किया उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा, परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी)/एसडीएम रेनू मिश्रा, एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## 24 घंटे के अन्दर किया घटना का सफल अनावरण

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 187/24 धारा 379 भादवि की घटना का 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र जगदीश को चोरी के 01 अदद पम्पिंग सेट (इंजन) के साथ ग्राम सिसौरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## तीन घरों में लगी आग, दो महिलाओं की जलकर मौत

**लखीमपुर खीरी।** निघासन तहसील के सिंगहा गांव में बृहस्पतिवार दोपहर को तीन घरों में आग लग गई। हवा की वजह से आग तेजी से फैल गई और तीन लोग आग की चपेट में आ गए, जिससे दो महिलाओं की जलकर मौत हो गई। मरने वाली महिलाओं में संगीता पत्नी जगदीश और रामगुनी पत्नी भागीरथ शामिल है गांव के बांके (45) पुत्र बाबूराम और सहजराम (39) पुत्र भागीरथ गंभीर झुलस गए हैं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। जांच की जा रही है। अग्निकांड में तीन मवेशी भी जलकर मर गए हैं।

## पलियांकला क्षेत्र के हवाई पट्टी मुजहा के कैंपस में लगी भीषण आग

**लखीमपुर खीरी।** तहसील पलियांकला क्षेत्र के हवाई पट्टी मुजहा के कैंपस में बृहस्पतिवार सुबह 10:30 बजे भीषण आग लग गई इससे खलबली मच गई। आग की लपटें देख कर्मचारी डर गए। फायर सर्विस पलिया यूनिट ने आग पर काबू पाया। आग से किसी प्रकार की जन एवं धन हानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि कैंपस में घास सूखी है, उसी में किसी तरह आग लगी है।

# नगर निगम को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं: नगरायुक्त

## नगरायुक्त संजय चौहान ने हाउस टैक्स-वाटर टैक्स विभाग का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा है कि नगर निगम पब्लिक फ्रेंडली होना चाहिए। निगम को अपनी व्यवस्था ऐसी बनानी होगी कि कोई भी व्यक्ति एक बार में ही अपना कार्य कराकर चला जाए, उसे बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। नगरायुक्त ने यह बात निगम के टैक्स विभाग का निरीक्षण करते हुए कही। उन्होंने लोगों की सम्पत्ति का विवरण, विभिन्न पत्रावलियां सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की सम्पत्ति का विवरण रखना निगम का दायित्व है। उन्होंने समस्त रिकॉर्ड सॉफ्ट कॉपी और हार्ड कॉपी दोनों में रखने पर जोर दिया। नगरायुक्त संजय चौहान, अपर नगरायुक्त राजेश यादव के साथ हाउस टैक्स पहुंचे और विभाग का पटलवार निरीक्षण किया। डिस्पैच पटल पर डिस्पैच रजिस्टर व फाइलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्च के अंतिम सप्ताह तथा अप्रैल प्रथम सप्ताह के प्रार्थना



पत्र/विभागीय पत्र लंबित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। पब्लिक के प्रति अपने दायित्व को अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से लें और सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। उन्होंने कुछ लिपिकों के पटलों पर गंदगी और दराजों में ठूस कर रखे गए दस्तावेजों को देखकर गहरी नाराजगी जतायी और चेतावनी देते हुए साफ-सफाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बिल वितरण के सम्बंध में पूछे जाने पर कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन होने के कारण बिल जनरेट नहीं किये जा सके हैं। उन्होंने इस सप्ताह के अंत तक बिल वितरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दफ्तर में प्रवेश करते ही उपेक्षापूर्ण वातावरण दिखायी न दे, इसके लिए टूटी-फूटी अलमारियों व जीर्ण शीर्ण फर्नीचर को ठीक कराएं और साफ सफाई व रंग रोगन कराकर वातावरण को सकारात्मक बनाएं। उन्होंने हाउस टैक्स-वाटर टैक्स से सम्बंधित पटल सहायकों के कार्य विभाजन,उनके प्रभारी आदि का विवरण स्पष्ट उल्लेख करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नगरायुक्त ने कम्प्यूटर सिस्टम, उपयोग में लाये जा रहे सॉफ्टवेयर, रिकॉर्ड के रखरखाव आदि की भी जानकारी ली। नगरायुक्त ने कर संग्रह कर्ताओं के बैठने के लिए उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा, साहबसिंह व सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुलिस फोर्स को स्कूलों में ठहराने व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए थाना जनकपुरी पुलिस ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों का आभार जताते हुए प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। गत् 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बाहर से आई पुलिस फोर्स को जनकपुरी थाना क्षेत्र के एमआर इंटर कॉलेज माहीपुरा व सड़क दूधली स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में ठहराया गया था। इस दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा फोर्स को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों का आभार जताया। बुधवार को एसएसपी के निर्देशन में थाना जनकपुरी पुलिस ने दोनों स्कूलों में जाकर एमआर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पदम् सिंह व खालसा पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डिंपल बजाज को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वाली टीम में जनकपुरी प्रभारी अमरपाल शर्मा, टीपी नगर चौकी प्रभारी पीयूष कुमार, पोपिन कुमार आदि शामिल रहे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को सुना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेत नारायण गुट के पदाधिकारियों ने नगर के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षक व शिक्षिकाओं की समस्याओं को सुना और संगठन की सदस्यता पर विचार विमर्श भी किया।

आज शिक्षक संघ के पदाधिकारी गौरी शंकर इंटर कालेज, एसडी कन्या इंटर कालेज, गुरूनानक इंटर कालेज, इस्लामिया इंटर कालेज, जेबीएस कन्या इंटर कालेज, हिंदू कन्या इंटर कालेज व आर्य कन्या इंटर कालेज खालापार में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने संगठन की सदस्यता पर संगठन की गतिविधियों व कार्यशैली को विस्तार से बताया। तत्पश्चात समस्त विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सोमप्रकाश शर्मा, राजवीर सिंह यादव, संजय शर्मा, नीरज मिश्रा व सहीराम आदि मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को अच्छे कैरियर बनाने के दिये टिप्स

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जेवी जैन महाविद्यालय में कौशल विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित वर्कशॉप में नौ विश्वविद्यालयों विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं के अच्छे कैरियर को लेकर मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय में आयोजित वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को विषय विशेषज्ञों ने जानकारी देते बताया कि कक्षा 12 पास के उपरापंत उन्हें क्या करना चाहिए। विषयों के विद्वानों द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर मिस्टर गुलशन नागपाल ने विद्यार्थियों को बताया कि रिटेल व्यापार परंपरागत ढंग से करने की जरूरत नहीं है क्योंकि टेक्नोलॉजी ने रिटेल व्यापार के प्रबंधन की बहुत सारी समस्याओं का निवारण कर दिया है। एमिटी विश्वविद्यालय के एडमिशन



डायरेक्ट डॉक्टर सुनील सैनी ने छात्र-छात्राओं को एमबीए पीजीडीएम कॉमर्स रसायन फाइन आर्ट आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इसी क्रम में क्वांटम विश्वविद्यालय के एडमिशन हेड डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने भी बच्चों के भविष्य को कैसे सुनहरा किया जाए, के बारे में बताया। कोर विश्वविद्यालय के एडमिशन डायरेक्ट डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के कोर्स कराए जा रहे हैं। सभी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने 90 से 95 प्रतिशत प्लेसमेंट के बारे में बताया। वर्कशाप में क्वांटम विश्वविद्यालय रुड़की हरिद्वार विश्वविद्यालय हरिद्वार कोर विश्वविद्यालय रुड़की, एमिटी विश्वविद्यालय मोहाली पंजाब, डीबीएस दून बिजनेस कॉलेज देहरादून, ग्लॉकल विश्वविद्यालय देहरादून, ग्राफिक्स एरा विश्वविद्यालय देहरादून, देवभूमि विश्वविद्यालय उत्तराखंड, लोइड बिजनेस स्कूल नोएडा आदि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में 280 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आईएआईएसडी की संयोजिका प्रो.ममता सिंघल ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेशनल विचारों के द्वारा उत्साहित किया। उन्होंने बताया कि आज की शिक्षा नौकरी व्यवसाय से जुड़ी होनी चाहिए। वर्कशॉप में प्राचार्य प्रो. हरिओम गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेशनल विचारों से अवगत कराया। इंस दौरान डॉ. प्रदीप कुमार जैन, डॉक्टर बेलू जैन, मिस साक्षी, मिस कृति, मिस प्राची जैन, नारायण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं समेत चार घायल

सहारनपुर। नागल क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी भिजवाया। दो व्यक्तियों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहली घटना बुधवार रात करीब 9 बजे की है नागल निवासी राधेश्याम बस अड्डे पर हाईवे पार कर रहा था तभी एक अज्ञात पिकअप ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्साको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना बृहस्पतिवार सुबह करीब 10रू30 बजे लाखनौर तिराहे की है। गांव डघेंड़ा निवासी वृध रामशरण लाखनौर में तिराहे की सड़क पार कर रहा था तभी सहारनपुर की ओर से आ रहे देवबंद निवासी बाइक सवार राजन ने उसे टक्कर मार दी घटना में रामशरण सहित बाइक सवार लक्ष्मी तथा छोटी भी घायल हो गई। तीनों घायलों को पुलिस ने नागल अस्पताल भिजवाया। वृद्ध रामशरण की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि दोनों घटनाओं की तहरीर अभी नहीं आई है तहरीर आने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बस स्टैण्ड पर हुए हादसे में तीन बच्चों व एक महिला समेत पांच घायल

सहारनपुर। नागल बस स्टैंड पर हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों एवं एक महिला सहित पांच घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भिजवाया। एक बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव रसूलपुर खेड़ी निवासी हिमांशु उम्र 12 वर्ष अपनी साइकिल से नागल बाजार में सामान लेने के लिए आया था दोपहर समय करीब दो बजे जब वह बस स्टैंड के पास से स्टेट हाईवे पार करने लगा तो देवबंद की ओर से आ रहे मुजफ्फरनगर के गांव लकड़संधा निवासी आशीष शर्मा की बाइक से साइकिल सवार की भिड़ंत हो गई घटना में साइकिल सवार हिमांशु सहित बाइक पर सवार निशा तथा 7 वर्षीय परी एवं करीब डेढ़ वर्षीय बच्चा राधे भी घायल हो गए। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं आई है। तहरीरआने पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया अग्रकुल महिला समिति का वार्षिकोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अग्रकुल महिला समिति का वार्षिकोत्सव बहुत बड़े



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों को विस्तार से बताया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. अरुणा गर्ग व इएनटी स्पेशलिस्ट शिखा बंसल ने महाराज अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से आरती भी उतारी। कार्यक्रम में 'तेरे जैसा यार कहां' गाने पर साधना बिन्दल, अलका बिन्दल, मोनू गर्ग तथा नेहा अग्रवाल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। अरुणा गर्ग ने नारी शाक्ति राष्ट्र शक्ति के विषय में अपने विचार प्रकट किये। मंजू मित्तल, कुसुम अग्रवाल, सुनीवा गोयल तथा बसल ने हास्य नाटिका की प्रस्तुत की पेश की। शिखा बंसल ने महिला सशक्तिकरण तथा अग्रकुल महिला समिति की सफलता की सराहना की। सचिव अलका बिन्दल ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए खर्च का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को विदुषी अग्रवाल तथा मंजू अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। समयावधि पुरस्कार डा. श्वेता बंसल व रश्मि सिंहल को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत प्रणव मित्तल व भूमि गुप्ता ने गणेश वंदना के साथ की। नवरात्रि के उलक्ष में हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम गाने पर श्वेता बंसल, संगीता गोयल, उर्वशी मित्तल, रोमा गुप्ता रूचि मित्तल, संगीता, पुनीत गोयल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात नई कार्यकारणी का गठन करते हुए कुसुम अग्रवाल अध्यक्ष, श्वेता बंसल सचिव, संगीता गोयल कोषाध्यक्ष, कामना गुप्ता संयोजिका के पद पर मनोनीत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे आरूषी अग्रवाल, दिव्या गुप्ता, संगीता गोयल, अल्पना मित्तल, नीलम, लवी, प्रियंका गर्ग, पूजा अग्रवाल, पूजा, धानुका गार्गी मित्तल, उमा गोयल, मधु गोयल आदि उपस्थित रही।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया आशा मॉडर्न इंटरनेशनल का स्थापना दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रमुख शिक्षण संस्था आशा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जनता रोड स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित विद्यालय का 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक भव्य जैन ने विद्यालय की स्थापना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि 20 वर्ष पूर्व विद्यालय की नींव रखी गई थी जो निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। मुख्य अतिथि रिमाउंट डिपो के कमांडेंट कर्नल लवदीप यादव का विद्यालय निदेशक भव्य जैन, सह-निदेशका रुपाली जैन, प्रधानाचार्या डॉ रुचि शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा ने के साथ सामूहिक रूप स्वागत किया। तत्पश्चात सभी ने मंगलदीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में 2024-25 के लिए नई छात्र समिति का गठन किया गया। मुख्य अतिथि करनल लवदीप यादव ने छात्र समिति के सदस्यों को अनुशासन, निष्पक्षता और सत्यप्रियता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यालय के द्वारा एक शानदार पी.पी.टी का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें गत 19 वर्षो की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर सहयोगी अध्यापक-अध्यापिकाओं में अनुशासन समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा, खेल प्रशिक्षक अमित चौधरी, मोहित कुमार, कल्पना, भारती बत्रा रजनी पायल निश्चल, सोनिका, मनिंदर पाल सिंह, अभिषेक बिंद्रा, पूनम सोनू भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## गर्म हवाओं व लू ने किया लोगों का जीना मुहाल

**सहारनपुर।** गर्मी व तेज धूप थपेड़ों ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यवस्त कर दिया। हर कोई गर्मी से बेहाल नजर आया जिसमें सबसे अधिक स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रह है। चिलचिलाती धूप के बीच बच्चे अपने गंतव्य लौटते जिस कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहजा है। जैसे-जैसे अप्रैल का महीना बढ़ रहा है यूपी का तापमान भी ऊपर चढ़ता गया। नतीजा ये आया कि गर्मी से लोगों का हाल बेहाल होता गया। चढ़ते पारे ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गर्मी से अभी राहत नहीं मिलेगी। दिन चढ़ने के साथ सूरज ने भी तेवर दिखाए। नतीजा गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लोगों को कई दिनों से सूर्य देव के प्रचंड तेवरों का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से सुबह से ही भीषण गर्मी से लोगों की हालत बिगाड़ रही है।

## श्री बाला जी महाराज की जयंती पर सुंदर कांड का पाठ किया

**सहारनपुर।** श्री बालाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष में सुंदर कांड का पाठ कर सवा मनी भोग अर्पण किया गया। इस दौरान भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान भी किया गया।

शाकुंतलम वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में मंगल नगर स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में सुंदर कांड पाठ व सवामणि भोग श्री बालाजी महाराज को अर्पित किए गए। इस दौरान भजन गायक संदीप शर्मा ने भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष शरद भार्गव, महापौर डॉक्टर एके सिंह, डॉ.राहुल सिंह, डॉ.अंकुर उपाध्याय, सुषमा बजाज, अनु बजाज, संदीप शर्मा, पार्षद मनोज प्रजापति, महासचिव तमन्ना खानिजो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश अग्रवाल, कोषध्यक्ष बी.डी. शर्मा उपाध्यक्ष प्रवीण वाधवा, उपसचिव चन्द्रशेखर ठकराल समेत कई पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजुद रहे।

# बचपन के दोस्त की बीवी से अवैध संबंध बनाया, बाधक बना पति तो मार डाला

अवधनामा ब्यूरो


घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी

- विदेश से लौटे युवक की हत्या का खुलासा
- पत्नी ने रची साजिश, मित्र ने की हत्या

**कुशीनगर।** बचपन के दोस्त की बीबी से अवैध संबंध बनाने की जानकारी होने पर विदेश रहे युवक के घर लौटने के कुछ ही दिनों बाद पत्नी ने साजिश रचकर दोस्तों के साथ मिलकर लोहे की हथौड़े से सिर कूच कर मारा डाला। पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी व बचपन के दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, तथा हत्या में प्रयुक्त दो बाइक व हथौड़ा भी बरामद किया है।

गुरुवार को घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि बीते 20 अप्रैल को समय करीब 09 बजे रात्रि में धौरा नहर सड़क पर अभियुक्त रजनीश उर्फ छोटू सिंह अपने साथी रियाजउद्दीन के साथ मिलकर पूर्व में बनाई गई योजना के मुताबिक एक राय होकर लोहे के हथौड़े से आलोक के सिर पर प्रहार कर निर्मम हत्या कर दिया। मृतक आलोक प्रताप सिंह जो पिछले कुछ वर्षो से विदेश रहता था जिसके दौरान मृतक आलोक की पत्नी का प्रेम प्रसंग ग्राम जमुनी बरवा के रहने वाले अभियुक्त रजनीश कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह से हो गया था। रजनीश उर्फ छोटू सिंह और रियाजउद्दीन दोनो बचपन के दोस्त है, दोनो में बहुत पक्की दोस्ती थी तथा रजनीश कुमार सिंह का सम्बन्ध गांव की ही अर्चना उर्फ रीना सिंह से हो गया। रजनीश कुमार सिंह ने उसके पति आलोक प्रताप सिंह से दोस्ती बढ़ाई और रजनीश सिंह व आलोक प्रताप सिंह से काफी घुल मिल गया परन्तु रजनीश कुमार सिंह के इस आपराधिक सोच के बारे में आलोक प्रताप सिंह को भनक नहीं लगने दी जब आलोक प्रताप सिंह दुबई में वर्किंग बीजा लेकर नौकरी के लिए चला गया तो तभी रजनीश कुमार सिंह ने इस मौके का फायदा उठाकर आलोक प्रताप सिंह की पत्नी अर्चना उर्फ रीना सिंह से नजदीकिया बढ़ाई तथा हंसी मजाक के साथ साथ धीरे- धीरे रजनीश सिंह व अर्चना सिंह के बीच सम्बन्ध स्थापित हो गए रजनीश सिंह के मन में उसकी छवि पत्नी की तरह स्थापित हो गई तथा अर्चना सिंह भी आलोक प्रताप सिंह के अनुपस्थित में रजनीश सिंह को मन ही मन अपना पति स्वीकार करने लगी थी तथा दोनो मे मोबाईल से आपस में रात दिन पति- पत्नी की तरह बाते होने लगी नार्मल काल के अलावा दोनो मोबाइल व्हाटसएप में वीडियो काल व व्हाटस्अप वाइस काल से भी लगातार अनवरत रूप से बात करने के आदी हो गए थे तथा आराम से जिन्दगी मस्ती से कट रही थी कि जनवरी 2024 की शुरूआत में आलोक प्रताप सिंह दुबई से सदैव के लिए घर आ गया जिससे रजनीश सिंह व अर्चना उर्फ रीना सिंह से मिलना जुलना बंद हो गया परन्तु बातचीत मोबाईल द्वारा जारी रही लेकिन दोनो परेशान रहने लगे क्योंकि दोनो की मस्ती वाली आजादी में आलोक प्रताप सिंह के वजह से विराम व ठहराव लगने लगा तथा जब रजनीश सिंह और अर्चना सिंह को यह पता लगा कि आलोक प्रताप सिंह द्वारा अपना वीजा निरस्त करा दिया गया है अब वह कभी विदेश नहीं जायेगा।

यहीं अपने गांव जमुनी बरवा में रहेगा इस पर रजनीश सिंह ने अर्चना सिंह उर्फ रीना सिंह से मोबाइल से सम्पर्क किया तथा आलोक प्रताप सिंह को रास्ते से हटाकर उसके साथ आगे की जिन्दगी पति पत्नी के रूप में निभाने की योजना बनाई थी। मुखबिर की सूचना पर आलोक प्रताप सिंह के निर्मम तरीके से जिन अभियुक्तों द्वारा योजना बनाकर हत्या की गई थी।

उनमें से दो अभियुक्त बाइक से सखोपार होते हुए बोदरवार के रास्ते गोरखपुर भागने के फिराक में थे कि अम्बेडकर मूर्ति के पास से दोनो व्यक्तियो को मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. मनोज कुमार पन्त मय टीम साइबर सेल, थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज, आलोक यादव, शरद भारती प्रभारी सर्विलांस सेल, सूर्यभान यादव थाना कप्तानगंज, प्रदीप कुमार, उपासना चतुर्वेदी, अंशिका भारती, रीता शर्मा शामिल रहे।

## खनुवां में तीन साल बीत जाने बाद नलों से नहीं टपका एक बूंद पानी

**उरई (जालौन)।** खनुवां में नमामि गंगे के तहत लगे नल से 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक एक बूंद पानी नहीं टपका। ग्रामीण इस गर्मी में पानी को लेकर परेशान हैं। इतना ही नहीं इस योजना के तहत गांव में खोद गये रास्ते से ग्रामीणों का निकलना दुरूह हो गया है। ग्रामीणों के लिऐ यह योजना मुसीबत का दूसरा नाम बनकर रह गई। ब्लॉक क्षेत्र जालौन के अंतर्गत ग्राम खनुवां में नमामि गंगे योजना ग्रामीण के लिए मुसीबत का दूसरा नाम है इस गांव में दो-तीन वर्ष पूर्व नमामि गंगे के ठेकेदार द्वारा रास्तों में डाले खरंजा ,सीसी, इंटरलॉक आदि को जेसीबी से खोदकर गड्ढों में तब्दील कर दिया था। लोगों को उम्मीद थी की इस योजना में उन्हें पानी की सुविधा मिलेगी। लेकिन ग्रामीणों को पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुई। ऊपर से रास्ते गड्ढे में तब्दील होने से जगह-जगह पानी भर जाने से लोग उन रास्तों से निकलने के लिए भी तरस रहे है, जबकि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना हर घर नल को स्थानीय कर्मचारी अधिकारी पलीता लगा रहे हैं इस संदर्भ में जब ए डी एम नमामि गंगे से दूरभाष पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## यूपीएसआईएफएस ने किया आईआईआईटी लखनऊ के साथ आठवां एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स लखनऊ ने आज संस्थान को और अधिक गति देने के उद्देश्य से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), लखनऊ के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया। यह एमओयू यूपीएसआईएफएस, लखनऊ के निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी एवं आईआईआईटी, लखनऊ के निदेशक डॉ अरूण मोहन सेरी के बीच हस्ताक्षरित किया गया।

यूपीएसआईएफएस, लखनऊ का महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ यह आठवां एमओयू है। जिनमें एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात, एकेटीयू लखनऊ, सीडीएफडी हैदराबाद, टीआईएसएस मुम्बई, एनयूजेएस पश्चिम बंगाल एवं आईआईटी कानपुर आदि प्रमुख है। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी ने बताया कि आईआईआईटी, लखनऊ से हुए इस एमओयू से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को ज्ञानार्जन हेतु एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

यूपीएस आईएफएस एवं आईआईआईटी, लखनऊ के बीच एमओयू के माध्यम से संस्थान के छात्रों को फोरेंसिक, कानून, सामाजिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और अन्य विषयों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा तथा साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी विशेषज्ञता को हासिल करेंगे। उन्होनें कहा कि दोनो संस्थान साइबर फॉरेंसिक एवं सूचना प्रद्योगिकी में नये ऑनलाइन कोर्स भी तैयार करेंगे, ताकि छात्रों एवं व्यवसायिक विशेषज्ञों को बेहतर शिक्षा दिलाया जा सके। डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि दोनों संस्थानों का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियाँ, अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग, विभिन्न संगठनों से पेशेवरों का प्रशिक्षण, संकायों और छात्रों का आदान-प्रदान एवं दोनों पक्षों की आपसी सहमति से साइबर फॉरेंसिक क्षेत्र में कार्य करना है।

## बेहतर कल के लिए अधिकाधिक पौधरोपण जरूरी : आरपीएन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भौतिकता की चमक में हम सब प्रकृति से दूर होते जा रहे। वर्तमान में चल रही गर्म हवाएं प्रकृति की तरफ से हम सबको चेतावनी है। यदि हम नही सुधरे तो भविष्य में हमें प्रकृति का और विकराल रूप देखना पड़ सकता है। हम प्रकृति के कोप से बचें इस हेतु प्रकृति की ओर वापस लौटते हुए अपने आस पास के वातावरण को हरा भरा खुशनुमा रखना होगा। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में राज्य सभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह ने जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को पडरौना राज दरबार स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में नई दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ हरिओम मिश्र के साथ पौधरोपण करते हुए कही।



श्री सिंह ने कहा कि प्राणवायु ऑक्सीजन से लेकर फल, फूल, औषधि और जीवनोपयोगी अन्य चीजों के लिए हम पेड़ पौधों पर निर्भर हैं। इसलिए बेहतर कल के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने और बचाने की जरूरत है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाई जा रहे गतिविधियों के लिए नई दिशा की सराहना भी की। पौधरोपण के पूर्व श्री सिंह द्वारा श्रीराधा कृष्ण मन्दिर में हवन, पूजन कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आरके सिंह, प्रदीप मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़-नाटक का किया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** नगर के व्यस्ततम क्रिश्चियन तिराहे पर लॉर्ड कृष्णा एजुकेशनल एकैडेमी की छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी कर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मताधिकार कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने लगन-मेहनत के साथ मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए नुक्कड़-नाटक तैयार किया है, छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़-नाटक के माध्यम से मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि आगामी 07 मई को अपनी दिनचर्या में सबसे पहला कार्य मताधिकार का रखें, अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर काला टीका अवश्य लगवायें। उन्होंने कहा कि मतदान करना न सिर्फ हमारा अधिकार है वरन् हमारा कर्तव्य भी है, सभी मतदाता अपने मत का महत्व समझ मताधिकार अवश्य करें, देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

## अज्ञात कारणों से लगी आग



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तेज पछुआ का कहर हर रोज देखने को मिल रहा है। अब तक क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल कही शार्ट सर्किट से तो कहीं अज्ञात कारणों से जल गई। किसानों का सारा मेहनत एक चिंगारी से खाक हो गई। गुरुवार को सिरसिया धुस पर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग विकराल रूप ले चुकी थी ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक निर्माणाधीन जल निगम की प्लास्टिक पाइप जल चुकी थी। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली कस्बा के सिरसिया धुस पर गुरुवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गेहूं के डंठल व धुस पर स्थित बगीचे में आग पकड़ लिया। इसको जलते देख सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण आग की तरफ दौड़ने लगे। इसकी सूचना मिलते ही चेयरमैन नवरंग सिंह भी मौके से पहुंच गए और लोगों के साथ आज बुझाने में लग गए। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन वहीं कुछ ही दूरी पर निर्माणाधीन पानी की टंकी का प्लास्टिक पाइप कुछ जल गया।

## समय से पहचान और इलाज से ठीक हो जाता है मलेरिया

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में गुरुवार को मलेरिया दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों में बेहतर कार्य के लिए मलेरिया विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों और जागरूकता कार्यक्रम के लिए फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्यों को सीएमओ डॉ राजेश झा ने मोमेंटो देकर सम्मनित किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि लक्षण दिखने पर शीघ्र जांच और इलाज से मलेरिया पूरी तरह से ठीक हो जाता है। जिले में वर्ष 2020 से लेकर अबतक तक की अवधि में करीब 2.53 लाख लोगों की मलेरिया की जांच करवायी गयी, जिनमें से नौ लोग इस बीमारी से पीड़ित मिले। सभी का इलाज किया गया और सभी ठीक भी हो गये। उन्होंने कहा कि घर के बाहर और भीतर एकत्रित हुए पानी की साफ सफाई और मच्छरों से बचाव के उपाय में विभागीय प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। इसे बढ़ाने के उद्देश्य से ही प्रति वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।



## काली माता की प्राण प्रतिष्ठा पर निकली शोभायात्रा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मोहल्ला जोशियाना में काली माता की मूर्ति की स्थापना पर भक्तों ने नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में भक्ति गीतों पर भक्तों ने भावविभोर जमकर नृत्य किया। मोहल्ला जोशियाना में काली माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। जिसमें वेदांताचार्य द्वारा हवन पूजन किया गया। इसके बाद मूर्ति को नगर के मुख्य मार्गों में मां काली की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्त लोग भक्ति गीतों में इतने मुग्ध थे कि वह अपनी सुध-बुध भूलकर सड़क पर नृत्य कर रहे थे। महिलाएं भी भक्ति गीतों को गा रही थी।



## हिंदू संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन नगर में कोच रोड स्थित बिजली पावर हाउस के पास बने एमआरएफ कूड़ा घर के बाहर डले कूड़े को कूड़ा घर के अंदर डलवा कर सफाई कराई जाने की मांग को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सोपा। जिसमें उन्होंने नगर पालिका कर्मियों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त कूड़े को खाकर आवारा गोवंश बीमार होकर मर रहे हैं।विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार रामभूषण उदैनिया अंशु गौतम बाला प्रसाद बेटू दोहरे आदि एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने उपजिला अधिकारी अतुल कुमार को एक मांग पत्र देते हुए बताया कि कोच रोड स्थित बड़े पावर हाउस पर नगर पालिका द्वारा एमआरएफ कूड़ा घर बनाया गया है जिसमें नगर पालिका के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कूड़ा को कूड़ा घर के अंदर ना डालकर कूड़ा बाहर सड़क किनारे डाला जा रहा है जिससे आसपास बदबू के अलावा गंदगी का अंबार लगा हुआ है जो आवारा घूम रही गोवंश उक्त कूड़े को खाकर बीमार होकर मर रहे हैं। उक्त कूड़ा को साफ करा कर कूड़ा को कूड़ा घर के अंदर डलाये जाने के लिए नगर पालिका को आदेशित करें।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद अरशद, जो कि बहुत उपद्रवी है, उसके कृत्यों एवं आचरण से बहुत दुखी, परेशान व तंग आ गया हूं। उसके कृत्यों एवं आचरण से दुखी होकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। उसके किसी अपराधिक कृत्य, आचरण अथवा लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कमरुद्दीन पुत्र हसन रजा**
**बर्डपुर नम्बर-1, टोला हाजीजोत,**
**पोस्ट-पचगवां, तहसील नौगढ़ थाना-कपिलवस्तु, जिला-सिद्धार्थनगर,**
**उत्तर प्रदेश।**

## डीएम व एसपी ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के द्वारा सर्किल भाटपाररानी के थाना भटनी क्षेत्रान्तर्गत व सर्किल सलेमपुर के थाना खुखुन्दू क्षेत्रान्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया एवं विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी श्री शिवप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ल व सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सम्बन्धी कार्यों को आयोग के निर्देशानुसार निष्पादित करने के दृष्टिगत की गई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सम्बन्धी कार्यों को आयोग के निर्देशानुसार निष्पादित करने के दृष्टिगत उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित निर्वाचन व्यय अनुदीक्षण कार्य से संबंधित सभी टीमों के अधिकारी/कार्मिकों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से निष्पादित किये जाने के निमित्त आपकी तैनाती की गयी है।

अपने आवंटित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं अपने टीम के दायित्व का आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मानक चालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुरुप निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी, देवरिया/नोडल आफिसर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अतुल पांडेय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी टीमों को उनके उत्तरदायित्व के परिप्रेक्ष्य में अवगत कराया कि स्थैतिक निगरानी टीम अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला बारुद के लाने व ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। जांच के दौरान यदि अभ्यर्थी, उसके एजेन्ट या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50000.00 से अधिक नगदी पायी जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा रु0-10000.00 मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुयें ले जायी जा रही हैं, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिये जाने के लिए किये जाने की संभावना हो या वाहन में कोई अन्य गैर कानूनी वस्तुयें पायी जाती हैं तो वे जब्त किये जाने की शर्त के अधीन होगी। जांच कार्यवाही के लिए आयोग द्वारा निर्धारित मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन किया जायेगा। जांच किये जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जायेगी। स्थैतिक निगरानी टीम अपनी दैनिक गतिविध रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करेगी तथा उसकी प्रतिलिपि रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी, साधारण प्रेक्षक एवं सहायक व्यय प्रेक्षक को देगी। स्थैतिक निगरानी टीम निर्वाचन की अधिसूचना तिथि से कार्य करेगी। आपको निर्वाचन के दौरान की गयी जप्तियो / अवरोधन की रिपोर्टिंग श्वस्स्ब्-के माध्यम से किये जाने हेतु जरिये प्रोजेक्टर संचालन की प्रक्रिया प्रशिक्षण में बताई जा चुका है। यह भी अवगत कराया जा चुका है कि मध्य रात्रि 12.00 बजे तक ही रिपोर्टिंग में संशोधन किया जा सकता है। इसलिए जो भी डाटा भरा जाय, वह त्रुटि रहित हो, यह सुनिश्चित कर लें। सहायक व्यय प्रेक्षक, प्रत्येक अभ्यर्थी से संबंधित रिपोर्ट, शिकायत एवं छाया प्रेक्षण रजिस्टर और अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का अध्ययन करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमों से प्रत्येक अभ्यर्थी के संबंध में व्यय से संबंधित रिपोर्ट / आदेश प्राप्त कर लिए गए हैं और अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के लेखें में उचित रूप से दर्शाए गए हैं। भ्रष्ट आचरण की शिकायत प्राप्त होने पर सहायक व्यय प्रेक्षक इसे शीघ्र कार्यवाही के लिए उडनदस्ता टीम को हस्तांतरित करेंगे और व्यय प्रेक्षक को तुरंत सूचित करेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक अपने सभी कार्यों की दैनिक रिपोर्ट व्यय प्रेक्षक को प्रस्तुत करेंगे च व्यय प्रेक्षक के निर्वाचन क्षेत्र पहुंचने तक सहायक व्यय प्रेक्षक अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी / रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत करेंगे। अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर में व्यय को कम दिखाए जाने का साक्ष्य पाये जाने पर सहायक व्यय प्रेक्षक निरीक्षण के समय उसे व्यय प्रेक्षक और उनके माध्यम से उपयुक्त रूप से अभ्यर्थी के नोटिस में लायेंगे।

## हज-2024 की लखनऊ से हवाई उड़ाने 09 मई 2024 से शुरू होगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हज यात्रियों का हज हाउस आगमन दिनांक 07 मई, 2024 से शुरू हो जायेगा। हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ान स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं समयन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट, कैसरबाग लखनऊ पर आज जिलाधिकारी श्री सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग,नगर निगम, विद्युत, चिकित्सा,एयरपोर्ट अथॉरिटी, सऊदी एयरलाइंस, कस्टम, इमीग्रेशन, सी.आई.एस.एफ. फायर सर्विस, जल निगम,वक्फ विकास निगम, उर्दू अकादमी, सूडा व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में हज यात्रियों को उड़ान स्थल पर उच्च कोटि की सुविधाएं दिये जाने हेतु विचार व्यक्त किये गये व उन्हें समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लखनऊ के 19 छात्रों ने हासिल किए 99 व उससे अधिक परसेंटाइल

अवधनामा संवाददाता



- जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

**लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने लखनऊ से अपने 19 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सत्यांश गुप्ता ने 99.93 परसेंटाइल, सूरज कुमार ने 99.92, उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.89, आयुष बरनवाल ने 99.89, नवीन कुमार ने 99.83, क्षितिज नारायण ने 99.76 (केमिस्ट्री में 100 परसेंटाइल) परसेंटाइल हासिल किए। साथ ही अन्य 13 स्टूडेंट्स ने 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।

स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया,, हम आकाश के विषेशज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। जेईई (मेन्स) छात्रों को अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान करने के लिए दो सत्रों में संरचित है। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में प्रवेश की सुविधा देता है, जेईई मेन भारत भर में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

## डीएम ने की बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में बाढ़ से निपटने के लिए स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने आगामी मानसून के दृष्टिगत बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाये। नाव मालिकों, नाविकों और गोताखोरों की सूची तैयार कर ली जाए। बाढ़ के दौरान पेयजल की समस्या के समाधान हेतु समय रहते इलाके के इंडिया मार्का हैंडपंप को इंडिया मार्का प्लेटफार्म के माध्यम से ऊंचा किया जाए। पशुपालन विभाग पशुओं के लिए टीका दवा एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख नालों की सफाई करा ली जाए, जिससे बारिश का पानी निर्बाध रूप से निकल जाए। डीएम ने सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम, सहित विभिन्न आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**सूचना**

मैं शबनम बानो पत्नी मोहम्मद फजले अहमद निवासी 351/1G दरियापुर लेबर कॉलोनी वार्ड खाला बाजार लखनऊ की हूं मैने अपना नाम शबनम बानो से बदलकर शबनम अहमद रख लिया है अब भविष्य में मुझे शबनम अहमद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या-T 2867694 में त्रुटिवश मेरा नाम सलमान (SALMAN) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम मोहम्मद सलमान (MOHAMMAD SALMAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मोहम्मद सलमान पुत्र इलियास (ILIYAS) निवासी ग्राम रानीगंज, निहालपुर जगदीशपुर तह.-मुसाफिरखाना, जिला -अमेठी**

# रोटी कपड़ा मकान के सपनों को मोदी ने हकीकत में बदला- सतीश शर्मा

- - कुर्सी विधानसभा में जागरूक मतदाता सम्मेलन आयोजित
- वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के सपनों को हकीकत में बदला है।इतना ही नहीं मोदी ने अयोध्या में गंगनचुंभी भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराकर देश के स्वाभिमान की रक्षा की है। राज्य मंत्री गुरुवार को फतेहपुर में जन प्रतिनिधि एवम जागरूक मतदाता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने मोदी सरकार की गरीब कल्याण से जुड़ी तमाम योजनाओं की चर्चा करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि विकास की रफ्तार जिले में तेज हुई है। महादेवा में 40 करोड़ से अधिक बजट से कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति देकर सीएम योगी ने जिले के लाखों श्रद्धालुओं की पुरानी मांग को पूरा किया है। कहा वैश्विक स्तर पर भारत और मजबूत हुआ है। भारत के नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए रूस और यूक्रेन ने युद्ध को कुछ दिनों के लिए रोक दिया था, ये मोदी के नेतृत्व में नए एवम सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर है। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही।राजरानी रावत ने सभी के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कहते हुए अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, हरगोविंद सिंह, शशांक कुसुमेश, संदीप गुप्ता, अंजू चंद्रा, विजय आनंद बाजपेई, जवाहर वर्मा, राजेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, रामकृपाल मिश्रा, अनुपम निगम, रंगनाथ त्रिपाठी, विनय मौर्य, रामचंद्र वर्मा, अनिल वर्मा सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों प्रधान, बीडीसी मौजूद रहे।

## शातिर अपराधी 6 माह के लिए हुआ जिला बदर

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** थाना फतेहपुर पुलिस ने गुंडा एक्ट के अन्तर्गत दोषी पाते हुए एक अभियुक्त को 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया है।

जनपद में गुण्डा व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। साथ ही गुण्डा एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित जिला बदर आदेश के क्रम में कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त गोविन्द पुत्र गोकरन निवासी ग्राम गोडियनपुरवा मजरे टाण्डा निजाम अली थाना फतेहपुर को थाना फतेहपुर पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम, गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा से 06 माह के लिए जिला बदर का आदेश पारित किया गया। जिसके अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गोविन्द उपरोक्त को आदेश की प्रति तामील कराकर बाराबंकी की सीमाओं से 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित किया गया।

# डीएम ने जीआईसी ऑडिटोरियम से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- - महिला मतदाताओं को सम्मानित कर मतदान का दिलाया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं विशाल स्कूटी रैली /तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सबसे पहले पांच महिला मतदाताओं को जिसमें 18 वर्ष की प्रथम मतदाता कुश्आरती, दिव्यांग मतदाता गीता यादव, वरिष्ठ मतदाता श्रीमती विंध्यवासिनी मिश्रा, बुजुर्ग मतदाता श्रीमती रामावती एवम युवा मतदाता प्रीति वर्मा को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वसुदन,उप जिलाधिकारी नवाबगंज श्री विजय कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सुश्री श्वेता मिश्रा ,जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी श्री ओ॰पी॰ त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी बंकी श्री राम नारायण यादव सहित सम्मानित अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने सभी महिला मतदाताओं शत प्रतिशत मतदान करने के लिए और यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वसुदन ने महिला शिक्षिकाओं से कई सवाल पूछे जैसे सबसे पहले महिला मतदान कहां शुरू हुआ और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी ? पिछले कई सालों के बाराबंकी के मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड देखते हुए कहा महिला वोटर का प्रतिशत सबसे कम रहा है इसी कम प्रतिशत को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी अश्व सुदन ने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर और हवा में गुब्बारे उड़ा कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश देकर कार्यक्रम को गतिमान किया। तत्पश्चा जिला निर्वाचन अधिकारी ने जीआईसी ऑडिटोरियम से स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महिला शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। महिलाओं ने स्कूटी रैली में वोटर को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छोड़ो सारे अपने काम सबसे पहले करो मतदान, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,स्लोगन लिखे तख्तियां और तिरंगा लेकर के जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया रैली जीआईसी ऑडिटोरियम से कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, छाया चौराहा से होते हुए ऑडिटोरियम वापस पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना मौर्य द्वारा किया गया।

## अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर


अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगो की मौत हुई व एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इसेपुर निवासी उदित नारायण (50) भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक थे। बुधवार शाम वह समेसी निवासी राम लखन (48) के साथ बाइक से बड्डूपुर क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। देर रात बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान फतेहपुर बाबा कुटी मार्ग पर स्थित शेखपुर अलीपुर गांव के निकट तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को सीएचसी फतेहपुर भिजवाया। जहां उदित नारायण को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि राम लखन को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक अन्य घटना में लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरानिया निवासी विजय तिवारी (30) पिकअप लेकर गोंडा जा रहा था।

# सरयू में शुरू होने जा रही सौर ऊर्जा से संचालित मोटर बोट

- देश के विभिन्न कोनों से मंगाये गये हैं सोलर बोट के कल-पुर्जे
- तीन किलोवॉट के सोलर पैनल से संचालित होगी बोट

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाली है। ये बोट जल्द सरयू नदी में शुरू होने जा रही है। देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। यह बोट पूरी तरह से स्वदेशी है और इसे मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, सरयू नदी में इलेक्ट्रिक चार्ज बेस्ड वर्किंग वाली बोट्स का भी जल्द ही संचालन शुरू हो जाएगा।नेवाल्ट इको मरीन टेक कंपनी के सीईओ सैंडिथ थंडाशेरी व व्यवसाय विकास प्रमुख दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि हमारी कम्पनी सौर विद्युत जहाज/नावों के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। नेवाल्ट के पास 100 से अधिक परियोजनाओं के साथ 50 से अधिक सरकारी और निजी ग्राहक और 150 से अधिक कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि नेवाल्ट टॉप मैनेजमेंट के पास समुद्री उद्योग में 22 वर्षों से अधिक का अनुभव है। नेवाल्ट वैश्विक पुरस्कार विजेता है। बताया कि अबतक उन्होंने 3000 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होने से बचाया गया है। नेवाल्ट ने गैर एसी और पूरी तरह से वातानुकूलित विभिन्न आकारों के 20 से अधिक प्रकार के इलेक्ट्रिक जहाज/नावों का निर्माण किया है।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। इस सोलर बोट में नाव निर्माता कंपनी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से पहला निर्यात ऑर्डर मिला है। इस बोट को बनने में 8 महिने लगे हैं। इस बोट को 20 कारीगरों ने बनाया है। यह केरला के कोच्चि में बना है। इस बोट को लाने में 10 दिन लगें हैं। बोट के ऊपर 3 किलो वाट के सोलर पैनल लगें हैं। एक बार चार्ज करने पर 40 से 50 किलोमीटर की दूरी यह तय कर सकती है। यह बोट 30 सीटर हैं। जो 4 से 5 घंटे में चार्ज हो जायेगा। इस बोट की लंबाई 10.600 मीटर है। बोट की लागत लगभग 1 करोड़ रुपए है। सरयू नदी में 1 हफ्ते में इसका संचालन शुरू हो जायेगा। 20-20 किलोवॉट की दो बैटरियां बैंक लगी हैं। यह पूरा प्रोजेक्ट यूपी नेडा विभाग का है।

## पूर्व विधायक ने लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारी के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** पूर्व विधायक इंद्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के तारुन बाजार में भाजपा चुनाव कार्यालय पर पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर के आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर गोसाईगंज विधानसभा से ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने के लिए पांचो मंडलों में आगामी बैठक व सम्मेलन के लिए रूपरेखा तैयार की गयी। इस अवसर पर लोकसभा सहसंयोजक राम मोहन भारती, जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी आसाराम निषाद, विधानसभा संयोजक दान बहादुर सिंह ,मंडल अध्यक्ष पतिराज वर्मा, कार्यालय प्रमुख आलोक मिश्रा, मण्डल मंत्री राज मणि तिवारी, महंत मौर्या, अरविंद पाठक, राम राज मिश्रा, दिनेश पांडेय सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

# हर्षोउल्लास के साथ कसौधन समाज का होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**गोसाईगंज-अयोध्या।** कसौधन समाज द्वारा 'होली मिलन समारोह दशरथ वाटिका परिसर में बुधवार 24 अप्रैल 2024 को विजय कसौधन की अध्यक्षता में होली मिलन एवं प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजू कसौधन पुणे (राष्ट्रीय अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि बैद्यनाथ कसौधन पवन कसौधन विनोद कसौधन एवम् श्रीमती रीता पुणे व रचना कसौधन एवम् नगर अध्यक्ष विजय कसौधन, रामेश्वरनाथ कसौधन एवं हेमन्त कसौधन विजय कसौधन तिरंगा महेश आदि द्वारा महर्षि कश्यप जी के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं शिक्षा ग्रुप के शिक्षकों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेट किया गया। बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्य्रकम प्रस्तुत किया। वही बच्चों ने सामूहिक होली पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू कसौधन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारा समाज हर मामले में आगे रहता है परन्तु राजनैतिक दृष्टिकोण में हम अभी पीछे है हमें समाज को आगे बढ़ाने में आपसी भेद-भाव को समाप्त कर एक बैनर के माध्यम से सामाजिक और राजनैतिक दिशा में आगे आना होगा साथ ही अपने समाज की महिलाओं का उत्साहवर्धन कर उन्हें भी सामाजिक और राजनैतिक दिशा आगे लाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। श्रीमती रचना कसौधन ने कहा कि हमें अपने समाज की महिलाओं को भी सामाजिक एवं राजनैतिक विचारधाराओं से जोड़ना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सूर्य नारायण कसौधन, मनीष कसौधन, मनोज कसौध्न, महिला अध्यक्ष अनुप्रिया कसौधन, ओमप्रकाश मल्लू कसौधन, महेश कसौधन, उमेश चंद कसौधन, राम जी कसौधन, अमित कसौधन, सहित सैकड़ों की संख्या में स्वजाति बन्धु परिवार सहित उपस्थित रहे।

# पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

- पूर्व जिपंअ के नेतृत्व में सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय का भाजपा लोक सभा चुनाव कार्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लखनऊ कार्यालय पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सोमवार को उन्हें भाजपा में शामिल कराया था। पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 51 किलो की माला पहना कर सभी का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के कारण भारत विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है। इसी भावना के साथ सरकार ने जनकल्याण हेतु योजनाओं की श्रंखलाओं से सभी का कल्याण किया है।

क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा पार्टी में शामिल सभी लोगों का स्वागत है। चुनाव प्रबंधन में सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी अन्त्योदय के सिद्धान्त पर कार्य करते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है।पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की जनकल्याण कारी नीतियों तथा राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए है। चार जून को लोकसभा क्षेत्र को भगवामय करने के संकल्प के साथ पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हम सभी करेंगे। भाजपा ज्वाइन करने वालों में रवि शंकर मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख मसौधा, निदानंद मिश्र उपभोक्ता भण्डारण के सभापति, राम सुभन मिश्र गब्बर अध्यक्ष ब्राहमण स्वाभिमान मोर्चा, पूर्व प्रधान अनिल विश्वकर्मा, बसपा सेक्टर प्रमुख धनश्याम गौतम, इन्द्र कुमार पासवान, सत्य प्रकाश द्विवेदी, मकरंद पाण्डेय, अविनाश कुमार, रणंजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों को भाजपा का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया गया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, प्रदीप तिवारी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, दिवाकर सिंह, नरेश गुप्ता, परमानंद स्वामी, बब्लू मिश्र सहित पार्टी पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुत्र की गायब होने से भयभीत पीड़ित पिता ने एसएसपी से की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के परोमा निवासी अशोक कुमार तिवारी ने भयभीत होते हुए बताया हैं, कि 18 वर्षीय पुत्र आदित्य 21 अप्रैल को दिन में तीन बजे से गायब होने पर स्थानीय लोगों सहित तमाम रिश्तों में खोजबीन करने पर कोई पता न चलने मोबाइल स्विच ऑफ बंद होने से तरह-तरह से मन मे आशंका होने पर 22 अप्रैल को चौरे चौकी में जानकारी देने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। आज पड़ोस के लोगों द्वारा आशंका व्यक्त की जा रही है कि गांव के वसीम अहमद की पुत्री उम्र लगभग 20 वर्ष की है जो दिल्ली में रहती है उसी के द्वारा मेरे पुत्र को बहला फैसला कर कहीं ले जाने की आशंका जताई जा रही है। गैर समुदाय होने से हम परिजन काफी भयभीत है कि मेरे पुत्र के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो जाए जिसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को ऑनलाइन शिकायत करके परिवार एवं पुत्र के प्राण की रक्षा की मांग की है।

# चार सौ पार का नारा साकार करने के लिए शत प्रतिशत मतदान कराने की जरूरत : विधायक वेद प्रकाश गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

**पूरा बाजार-अयोध्याधाम।** चार सौ पार का नारा साकार करने के लिए बूथ व पन्ना प्रमुखों सहित हम सबको कड़ी मेहनत करनी होगी। इसके लिए हमें शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए प्रयास करना होगा उक्त विचार पूरा मण्डल के भाजपा शक्ति केंद्र अंकवारा के बूथ व पन्ना प्रमुखों की सुरेश दूबे के आवास पर हुई बैठक को संबोधित करते हुए अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया।

भाजपा में शामिल हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हृदय राम यादव का फूल मालाओं व अंग वस्त्र से नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने स्वागत किया। करुणाकर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ व सबके विकास के लिए कटिबंध है उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी व माननीय मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

बैठक को पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव मंडल, प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, चुनाव सहसंयोजक नंद कुमार सिंह, स्वामीनाथ सिंह, अमरजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी सुरेश दुबे राष्ट्रीय लोकदल के नेता राम शंकर वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान शक्ति केंद्र प्रमुख शोभाराम वर्मा, आनंद सिंह पिंटू, प्रधान संघ के जिला सचिव अनूप कुमार वर्मा, अजीत वर्मा,सुरजीत वर्मा, योगेश कुमार मिश्रा, प्रमोदमौर्य, सभाजीत निषाद, प्रधान प्रतिनिधि राजेश मौर्या, योगेंद्र सिंह, लाल बहादुर वर्मा, डॉ अविनाश सिंह, समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने स्वीप कंट्रोल रूम व लोगो का किया उद्धघाटन

अवधनामा संवाददाता




**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा गुरुवार को स्वीप कंट्रोल रूम और स्वीप लोगो का उद्घाटन किया गया। साथ ही जनपद से बाहर निवासित बागापार के अजय यादव से फोन पर बात कर उन्हें 01 जून को जनपद में आकर मतदान कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम प्रभारी डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद विश्वकर्मा से वोट के लिए संपर्क किए गए लोगों की जानकारी ली। डिप्टी सीवीओ ने बताया अब तक 200 मतदाताओं से संपर्क कर उन्हे मतदान की तिथि से अवगत कराते हुए मतदान करने के लिए जनपद आने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में आज से कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जनपद से बाहर कार्यरत लोगों से टेलीफोन के माध्यम से संपर्क कर उन्हे मतदान के महत्व के विषय में अवगत कराते हुए उनसे 01 जून 2024 को जनपद में आकर मतदान करने का अनुरोध किया गया जा रहा है। यह कंट्रोल रूम मतदान के दिन तक कार्यरत रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही आज महराजगंज जनपद के स्वीप लोगो का भी शुभारंभ किया गया। इस बार हमारा स्वीप नारा है कि महराजगंज का हो मत, वोटिंग शत-प्रतिशत। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि महराजगंज में वोटिंग को बढ़ाया जा सके। कहा कि इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सभी निकायों में छूटे हुए मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में जोड़ने हेतु सभी नगर निकायों में 24 जून को विशेष कैंप का आयोजन किया था और हमे लगभग 1200 आवेदन प्राप्त हुए। इनमे बड़ी संख्या फर्स्ट टाइम वोटर की है। हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि इन सभी लोगों को मतदान का अवसर प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि 01 जून को अपने मत का उपयोग जरूर करें।

अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप के तहत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वीप कंट्रोल रूम और स्वीप लोगो का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि मतदाता सुविधापूर्वक अपने मत का प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी/डीआईओएस अमरनाथ उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नीरज कुमार अग्रवाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, नाजिर वेद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली करने के लिए इंडिया गठबंधन का दे साथ गठबंधन प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने कहा पहले चरण में हुए मतदान से मोदी बौखलाए, 10 साल में क्या किया नही बता पा रहे, केवल अब हिंदू मुस्लिम की बात कहना एक पीएम को शोभा नही देता है, कल होने वाले मतदान के बाद मोदी और बौखला जाएंगे लोकतंत्र को बचाने और किसानों, बेरोजगारों की समस्या का समाधान करने, पुरानी पेंशन बहाली करने के लिए इंडिया गठबंधन का दे साथ। भाजपा झूठ और नफरत का कार्य रही 10 साल में कुछ भी गिनाने का नही, इंडिया गठबंधन आएगा तो पुरानी पेंशन पुनः होगी शुरू प्रत्याशी अवधेश प्रसाद प्रेस वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, बीकापुर के पूर्व सपा प्रत्याशी हाजी फिरोज खा गब्बर, एजाज अहमद, छोटे लाल यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष शावेज़ जाफ़री रहे शामिल।

# आस्ताने आलिया टण्डौली शरीफ में सूफी शदीदुद्दीन शाह तेगी हनफी का सालाना उर्से मुकद्दस हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**मया-बाज़ार-अयोध्या।** विकास खण्ड मया बाजार के अन्तर्गत ग्राम सभा टण्डौली के आस्ताने आलिया में आस्ताने आलिया के सज्जादानशीन जैनुल आब्दीन तेगी हनफी की सरपरस्ती में टण्डौली शरीफ के आस्ताने आलिया में सूफी शदीदुद्दीन शाह तेगी हनफ़ी का सालाना उर्से मुकद्दस जश्न के माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सुबह कुरानख्वानी, गुस्ल, सन्दल, चादरपोशी, नज़रों-नियाज़ वा बाहर से आने वाले मेहमानों के लिये काफी देर रात तक लंगरे-आम चलता रहा।तथा पूरी रात सूफी मौलाना शीर्ष पैगम्बर अलैहिस्सलाम मणिपर्वत अयोध्या के सज्जादानशीन सूफी सैय्यद आसिफ़ फ़िरदौस साहब ने अपने बेहतरीन अन्दाज़ में नातिया-कलाम वा तकरीर करते हुये हिदायत दिया, की सभी लोगों को अपने माँ-बाप और उस्ताद का अदबो-एहतिराम करना चाहिये। क्योंकि बिना उस्ताद के आज तक किसी को कामयाबी मिली ही नहीं हैं।

और अन्त में सलातों सलाम पढ़ने के बाद के बाद मुल्क में अमन- चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआयें माँगी गयी। इस अवसर पर जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के ख़ादिम मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी, आस्ताने आलिया हसनपुर सुल्तानपुर के सज्जादानशीन इलियास अली शाह तेगी हनफी, खादिमे-खास मोहम्मद कैफ इदरीशी, मौलवी राहत अली सलमानी, सोहराब अली, डॉ. मेराज अली,उस्मान गनी इदरीशी गुलाम फरीद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उर्से मुकद्दस में शामिल रहें।

# पीठासीन मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रशिक्षण में अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों तथा अन्य मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया परीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान अधिकारी/ पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण ले, जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। ट्रेनर द्वारा अनुपस्थित मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे।जनपद अंबेडकर नगर में पहली बार प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत आधा घंटे की बहुविकल्पीय प्रश्न दिया गया रहा है जिसमें प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया का प्रश्न है।

## मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिये संकल्प एप के सम्बन्ध मे हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल/ पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान प्रतिशत संकलन एप (एमपीएस एप)के सम्बंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत संकलन एप के बारे में विस्तार पूर्वक सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया कि इस एप के माध्यम से मतदान दिवस के दिन मतदान के दौरान प्रति 2 घंटे पर इस ऐप से मतदान प्रतिशत भेजना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देशित किया गया कि इस ऐप के बारे में पीठासीन अधिकारियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित कर दिया जाए, जिससे मतदान के दिन समय-समय पर एप के माध्यम से मतदान प्रतिशत आयोग को उपलब्ध कराया जा सके।

# लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिये अपने मताधिकार का करें प्रयोग

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** भारत के उज्ज्वल भविष्य ओर विकास के लिए बिना किसी डर, भय, लोभ के लोकतंत्र को मजबूत करने में सभी लोग भागीदार बनें। उक्त बातें चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कालेज पूरनपुर मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा श्रीमती सुषमा सिंह ने किया संचालन डा प्रियंका तिवारी जिला संगठन आयुक्त एवं एकता सिंह ने संयुक्त रूप से किया जिसमे विशिष्ठ अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में तहसील आलापुर के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, गीत, प्रहसन प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि युवाओं का एक सपना होता है और सब अपने सपने पूरा करना चाहते हैं यह तभी संभव होगा जब आप एक अच्छी सरकार चुनेंगे और उसके लिए आपको मतदान आवश्य करना चाहिए। आगामी 25 मई को मतदान अवश्य करें मतदाता ही भारत के भाग्य विधाता है प्रशासन एवं भारत निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को मतदान में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए घर पर ही मतदान कर सकते हैं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने बच्चो द्वारा बनाई गई मनमोहक रंगोली, एवं मेंहदी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाई गई मेंहदी एवं रंगोली को देखा और प्रतिभाग करने वाले बच्चो का उत्साहवर्धन किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रदेश में चौथा एवं जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली नमिता वर्मा, इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली आकांक्षा यादव प्रदेश में सातवां और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने कर एवं अन्य आधा दर्जन बच्चो ने जिले की मेरिट सूची में नाम शामिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया जिनका सभी लोगों ने उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार आलापुर राजकपूर, सहायक विकास अधिकारी योगेन्द्र नाथ सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, चन्द्रमा यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी देवेन्द्र यादव, अनूप मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव विधालय के अध्यापक ज्ञानेन्द्र सिंह,अर्चना त्रिपाठी, पुष्पा सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महामंडलेश्वर रामकिशोर दास हुए ब्रह्मलीन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के महंत तथा महामंडलेश्वर बाबा रामकिशोर दास भिखारी बीती रात ब्रह्मलीन हो गए, वह 86 वर्ष के थे विगत कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। पूर्व में उन्हें लगवा भी मारा था, लेकिन वह ठीक हो गए थे और चल फिर रहे थे क्षेत्र में उनकी काफी चर्चा थी। लेकिन कल उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई और वह ब्रह्मलीन हो गए। वृहस्पतिवार देर शाम उनका उनके मंदिर के पास ही अंतिम संस्कार किया गया। उनके उनके ब्रह्मलीन होने पर पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, बलराम दास, गोविंद प्रसाद, सुदामा चौधरी आदि लोगों सहित तमाम साधु संतों ने शोक व्यक्त किया है।



## नामांकन के दृष्टिगत नामांकन कक्ष तक आने एवं अन्य व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं नामांकन के दृष्टिगत प्रत्याशियों को नामांकन कक्ष तक आने एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा एडीएम (वि0/रा0) उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर एवं नामांकन कक्ष का निरीक्षण कर की गयी समस्त तैयारियो का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने सुरक्षा के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी उमाशंकर को कलेक्ट्रेट गेट तक सी.सी.टी.वी. लगवाने का निर्देश दिया। प्रत्याशी कलेक्ट्रेट गेट से पैदल नामांकन हेतु आयेंगे। इसके साथ ही बैरिकेटिंग पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट अधिकारियों/ कर्मचारियों के वाहन कलेक्ट्रेट गेट की वायी तरफ पार्किंग में खड़ी की जायेगी।

## 41 वाहन चालको से 43,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाने के साथ-साथ यातायात नियमो का पालन न करने वाले 1शराब पीकर दो पहिया वाहन का चालान करके कुल 41 वाहनों का चालान करते हुए 43500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गई तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।



## प्रवीन्द्र पाण्डेय बने भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज क्षेत्र के अगया निवासी प्रवीन्द्र पाण्डेय उर्फ डम्पू को भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ का सिद्धार्थनगर इकाई का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सिंह के जरिए इनका मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जारी पत्र में कहा है कि श्रमिको, कामगारों, कर्मचारियों के हित व उनकी सुरक्षा के लिए डम्पू पाण्डेय को सिद्धार्थनगर की जिम्मेदारी सौपी गयी है। वहीं उनके मनोयन पर डुमरियागंज प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, अजीत उपाध्याय, नितिन त्रिपाठी आदि ने बधाई दी है।



## ललिता इंटर कॉलेज चौखड़ा के प्रांगण में पैरेंट्स मीटिंग व मतदाता जागरूक कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ललिता इंटर कॉलेज चौखड़ा के प्रांगण में शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने पर अभिभावक एवं शिक्षक की मुलाकात को लेकर पेरेंट्स मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के साथ-साथ अनुशासन के संबंध में चर्चा हुई। इसी दौरान आगामी चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुकूल मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। बृहस्पतिवार को ललिता इंटर कॉलेज चौखड़ा के के प्रांगण में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबंधक कुंवर आनंद सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन एक संघर्ष भरा सफ़र होता है। जिसमे परिश्रम करने से सफलता का मार्ग सहज होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1930 में उनके बाबा स्व. शिवगोविंद सिंह ने लोगों के शिक्षा को देखते हुए विद्यालय खोला था, जो आज फल फूल रहा है, यही नहीं डुमरियागंज चौखड़ा तथा गौरा में उन्होंने स्कूल स्थापित किया था। ताकि लोगों को अधिक से अधिक शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि वह ललिता इंटर कॉलेज में डिग्री कॉलेज संस्कृत विद्यालय तथा डुमरियागंज में स्थित कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज क्लास चलाने के लिए प्रयासरत हैं। चुनाव के बाद सारी प्रक्रियाएं पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता है कि लोगों को आसानी से पूर्ण रूप से शिक्षा मिल सके, ताकि लोग आगे जाकर के तरक्की करें। बच्चों और अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश राव ने कहा कि मतदान हमारा मूल अधिकार है, जिसे किसी लोभ एवं लालच पर किसी के बहकावे पर नहीं देना चाहिए।

## डुमरियागंज के अगया में मनाई गयी पूर्व सांसद स्व. बृजभूषण तिवारी की पुण्यतिथि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के अगया चौराहे पर गुरूवार को पूर्व सांसद व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय बृजभुषण तिवारी की पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें समाजवादी पार्टी के डुमरियागंज लोकसभा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ़ कुशल तिवारी के भाई एवं चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि डा रामनोहर लोहिया के चिन्तन से प्रभावित स्वर्गीय बृजभुषण तिवारी अजीवन समाजवादी विचारधारा के लिए समर्पित रहे, उनके द्वारा किए गये संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान घिसियावन यादव, नौशाद मलिक, रामअचल यादव, पप्पू दूबे, जीतेन्द्र, धर्मेन्द्र पाण्डेय, विजय अग्रहरि, विपिन पाण्डेय, राजमणि उर्फ राजन पाण्डेय, हमीद, अनवारूल हक, बाबर, काजी नियामतुल्लाह आदि मौजूद रहे।

## छः बच्चों ने उत्तीर्ण किया छात्रवृत्ति चयन परीक्षा

**बांसी।** बीआरसी खेसरहा अंतर्गत तीन परिषदीय विद्यालयों में नामांकित छै बच्चों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति पाने की योग्यता रखने वालों में अपना स्थान पक्का कर लिया। अब उन्हें आगे की पढ़ाई हेतु अर्थात नवीं कक्षा से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त करने तक सरकार द्वारा रुपये 1000/ प्रतिमाह बतौर छात्रवृत्ति छात्र के बैंक एकाउंट में भेजा जाएगा। बनकटा, अकोल्ही व कठमोरवा के बच्चों ने रोशन किया विद्यालय का नाम उपरोक्त के साथ बीआरसी कार्यालय से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज उश्प्र प्र श द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 की परीक्षा का 25 अप्रैल को घोषित परीक्षा परिणाम मे विकास क्षेत्र खेसरहा के परिषदीय उच्च प्रा0 वि0 - बनकटा के कुसुम, अभिमन्यु व पूजा, उच्च प्रा0 वि0 अकोल्ही के नन्दनी और आदित्य कुमार तथा पू0मा0 वि0 कठमोरवा के छात्र आकाश ने उपरोक्त परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित छात्रों को शुभकामना देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा नीरज कुमार सिंह ने बच्चों के सफलता पर बधाई देकर उक्त विद्यालयों के समस्त शिक्षकों के परिश्रम पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# भाजपा के सांप्रदायिक भाषणों पर गौर नहीं कर रही जनता

यशोदा श्रीवास्तव





**महराजगंज।** महराजगंज संसदीय सीट पर आखिरी चरण में मतदान है। इस सीट पर सभी दलों ने अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पर फिर दांव लगाया है। वे यहां से छः बार से सांसद हैं। दो बार उन्हें हार का मुंह भी देखना पड़ा है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने फरेंदा के विधायक वीरेंद्र चौधरी को मैदान में उतारा है जबकि बसपा ने अपनी इंडिया गठबंधन को कमजोर करने की नीति के तहत असम में कारोबार कर रहे एक मुस्लिम को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह मुख्य दलों के दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है।

बसपा की कोशिश होगी कि वह इंडिया गठबंधन उम्मीदवार को अधिक से अधिक कितना नुक्सान पंहुचा पा रही है। जनता की जुबान पर फिलहाल दो ही नाम है। गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी तथा भाजपा के पंकज चौधरी। इस संसदीय सीट का जो जातीय समीकरण है वह ब्राम्हण, मुस्लिम, यादव और कुर्मी बाहुल्य है। इसके अलावा वैश्य, लोनिया, चौहान, चौरसिया दलित, धूरिया आदि जातियां जब एक जुट होती हैं तो उनकी भूमिका भी निर्णायक हो जाती है। गठबंधन उम्मीदवार की ताकत यादव,मुस्लिम हैं। कुर्मी बिरादरी जो पंकज चौधरी के साथ होती थी उसमें जबर्दस्त सेंधमारी हुई है। वे बहुत तेजी से बीरेंद्र चौधरी के साथ जुट रही है। जहां तक ब्राम्हण वोटरों का सवाल है तो गैर भाजपा ब्राम्हण नेता बीरेंद्र चौधरी के साथ लामबंद हो रहे हैं। वीरेंद्र चौधरी को पूर्व में बसपा में रहने का लाभ मिल रहा है। दूसरी और दलितों में बाबा साहेब के संविधान की रक्षा का जुनून है। वे बसपा से कटने लगे हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं के स्तरहीन भाषणों का प्रवुद्ध वर्ग में रिएक्शन देखने को मिल रहा है। भाजपा के शीर्ष नेताओं का ध्रुवीकरण के हथकंडे फेल हो रहे हैं। हिंदू महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने वाला मोदी का भाषण उल्टा पड़ रहा है। वहीं योगी के शरियत संबंधी बयान की भी आलोचना खूब हो रही है। गठबंधन उम्मीदवार की संघर्षशीलता और ईमानदारी की भी चर्चा हर ओर है। इस तरह देखें तो 2014 और 2019 जैसा भाजपा का माहौल इस बार नहीं दिख रहा। युवाओं में रोजगार को लेकर बात हो रही है,मंहगाई पर भी लोग लामबंद हो रहे हैं। यद्यपि कि चुनावी माहौल किसके पक्ष में है, यह कहना मुश्किल है लेकिन यह साफ दिख रहा है कि लोग अब मंदिर मस्जिद,काशी मथुरा, हिंदू मुसलमान सुनते सुनते थक चुके हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बाढ़ कार्यों की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि जनपद बाढ़ के समय बाढ़ निरोधक कार्यो पर बाढ़ के समय आवश्यक सामाग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने हेतु शाधन, क्षतिग्रस्त स्थलो पर मरम्मत के लिये आवश्यकतानुसार श्रमिको की व्यवस्था, बाढ़ के समय सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पीएसी, पुलिस तथा होमगार्ड के द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध करना, कंट्रोल रूम व बाढ़ चौकियो को सक्रिय करना सहित राहत सामाग्रियों की समय से पूर्व सभी व्यवस्थाए नियमानुसार टेण्डर आदि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुये सुनिश्चित करा ली जाए। जिलाधिकारी ने क्वार्डिनेटर आपदा राहत एवं अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रभावित क्षेत्रो में नाविको/गोताखोरो को चिन्हित करते हुये उनके नाम, मोबाइल नम्बर की सूची बनाते हुये पर्याप्त मात्रा में नाव की भी व्यवस्था करा ली जाए। बन्धो के मरम्मत व कटान वाले क्षेत्रो में सर्वे कर बांध का पानी निकालने से पूर्व इसकी सूचना प्रसारित करना तथा सीमेंट आदि की बोरियों में बालू भरवाकर वर्षा से पूर्व बांधो के किनारे रखवाने की व्यवस्था के भी निर्देश दिये गये।

डीएम ने संबधित तहसीलों के उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों निर्देश देते हुये कहा कि बाढ़ के समय बनायी जाने वाले शरणलाय व पशुओं के लिये शरणलाय आदि को चिन्हित कर आवश्यकता नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करा ली जाए।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी की 12वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पुरोधा समाजवादी चिंतक एवं विचारक पूर्व सांसद श्रद्धेय बृजभूषण तिवारी जी की 12वीं पुण्यतिथि सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा विचार गोष्ठी कर उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। विचार गोष्ठी में पुण्यतिथि के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय तिवारी जी का पूरा जीवन सरल एवं सादगी पूर्ण रहा वह एक चलते फिरते विश्वविद्यालय थे जो समाजवादी विचारधारा से लैस कार्यकर्ता और नेता पैदा करते रहते थे श्रद्धेय तिवारी जी डॉक्टर लोहिया के अनन्य शिष्यों में से एक थे उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर देश की राजनीति में अपने संघर्ष विचारों और सिद्धांतों के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई और देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा तथा राज्यसभा का 5 बार प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ आम जनता के लिए बहुत ही सरल और सुलभ रहे तथा अन्याय और शोषण के विरुद्ध हमेशा मुखर रहे तथा दलितों पिछड़ों एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे वह व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे और वह शख्स नहीं बल्कि एक शख्सियत थे श्रद्धेय तिवारी जी भले ही आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनके विचार और उनके सिद्धांत आज भी हमारे बीच में प्रासंगिक हैं और हमें संघर्ष की लगातार प्रेरणा देते रहेंगे और देश की राजनीति में एक उदीयमान सूर्य की तरह हमेशा चमकते रहेंगे और होने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी जी को भारी मतों से जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजना ही तिवारी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त विचार गोष्ठी में पूर्व विधायक विजय पासवान, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, बेचई यादव, अफसर रिजवी, राममिलन भारती, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, खलकुल्ला खान, अयोध्या साहू, सत्यानंद सिंह, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, पारसनाथ विश्वकर्मा, चंद्रभान पहलवान, राम सेवक लोधी, अखिलेश मौर्या, जोखन चौधरी, बृजभान यादव, चंद्रजीत यादव, अनूप कुमार त्रिपाठी, शैलेंद्र शर्मा, अवधेश यादव, चंद्रहास यादव, नियाज अहमद सिद्दीकी, डॉक्टर बैतुल्लाह खान, अतिकुररहमान खान, मैनुद्दीन खान व अंगद यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज की चार व गौहनियाराज के छात्रा हुई सफल





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्रों में पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज की चार छात्राएं व गौहनियाराज की एक छात्रा चयनित हुई है। जिन्हें नौवीं कक्षा से इंटर तक पढ़ाई के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये छात्रवत्ति मिलेगी। न्यूनतम आय वाले लोगों के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन देने को चलाई गई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज की आठवीं कक्षा की चार छात्राएं व गौहनियाराज की एक छात्रा सफल हुई है। परीक्षा में सफल इन छात्रों को नौवीं कक्षा में प्रवेश लेने पर प्रतिमाह एक हजार रुपये की दर से साल में एक बार एकमुश्त 12 हजार रुपये की धनराशि दी जाएंगी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज के प्रतिभाग करने वाले 15 बच्चों में से आंचल गौड़, संजना, रोशनी और कुसुम व गौहनियाराज की काजल मौर्या सफल हुई। बच्चियों की सफलता पर इनके परिजनों में हर्ष का माहौल है, वही इनके जानने वालों ने बधाई व शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड बढ़नी कार्यालय का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विकास खण्ड बढ़नी कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्री श्याम मुरली मनोहर मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी, बढ़नी सहित लेखाकार, वरिष्ठ सहायक एपीओ, लेखा सहायक आदि उपस्थित पाये गये। खण्ड विकास परिसर में साफ सफाई एवम कार्यालय के सभी पटल पर अभिलेखों का रखरखाव एवम पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिसर के साफ सफाई एवम परिसर में लगे आरओ की टोटी बदलने के निर्देश दिया गया। कर्मचारी की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया द्य स्थापना पटल पर श्री मुस्ताक अहमद अंसारी, वरिष्ट सहायक, एवम श्री जगजीवन, ग्राम पंचायत अधिकारी की सर्विस बुक व जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया गया। जीपीएफ पासबुक की फट गया है, जिसकी जिल्द मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। लेखा पटल पर ग्रांट रजिस्टर पार्ट 3 का अवलोकन किया गया द्य क्षेत्र पंचायत द्वारा राज्य वित्त केंद्रीय वित्त से कराए गए ग्राम पंचायत रेकहट में इंटरलॉकिंग कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में श्रमिक के मस्टररोल पर कार्य प्रभारी के नाम पदनाम सहित मुहर लगाने तथा फार्म एवम बीडीओ के बीच अनुबंध की प्रति लगाने, मस्टर रोल के भुगतान की ऑनलाइन रिपोर्ट रखने के निर्देश दिया गया। मनेरगा सेल में एपीओ एवम लेखा सहायक के उपस्थित मिले ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभरी में मिट्टी पटाई कार्य की पत्रावली का अवलोकन करते हुए एनएमएस पर फीड फोटो की कॉपी रखने के निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत में अभिलेख ग्राम पंचायतवार रैक में रखने के निर्देश दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निर्धरित 8.4.9 के मानक एवम चेक लिस्ट के अनुसार पत्रावली में अभिलेख संरक्षित किया जाये। खण्ड विकास अधिकारी से मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं के उपलब्धता हेतु बूथ वार समीक्षा करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण के पाई गई कमियों को ठीक करने के निर्देश दिया गया।

## मास्टर ट्रेनरो की बैठक हुई सम्पन्न

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल चुनाव को संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरो की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित समस्त उप जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रत्येक विधानसभा में 25 मास्टर ट्रेनर भेजे जा रहे हैं, जिसके माध्यम से संबंधित कार्मिकों को ईवीएम की जानकारी प्रदान कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मतदान दिवस के लिए एक मैपिंग तैयार करें, जिससे ईवीएम की छोटी-छोटी कमियों को दूर करने के लिए 5 से 10 मिनट के अंदर संबंधित मतदान केंद्रों पर ट्रेनरो को भेजा जा सके। जिससे कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना उत्पन्न होने पाए। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, मास्टर ट्रेनर, संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## शतरंज का नया सितारा

गुकेश नाम का शतरंज सितारा कैन्डीडेटस चेस टूर्नामेन्ट में तीन भारतीय खिलाड़ियों के साथ भाग लिया। 17 साल के गुकेश ने सबको पछाड़ कर विश्वनाथ आनन्द के बाद जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। गुकेश के पहले गैरी का का सपरोव ने यह मुकाम 22 साल के उम्र में प्राप्त किया था।

गुकेश के गढने में उनके परिवार का योगदान नहीं भुलाया जा सकता। डाक्टर पिता गुकेश को लेकर दुनियां के विभिन्न चेस प्रतियोगिताओं में जाते रहे। पैसा बचाने के लिये हवाई अड्डे पर ही सो जाते थे। पिता की जगह मां जो बायोलाजिस्ट है घर का खर्च संभालती रही है।

1988 में विश्वनाथ आनन्द पहले ग्रैन्डमास्टर बने। इसके बाद 22 साल तक भारत को पांच ही ग्रैन्डमास्टर मिल सके थे। पर आज 84 ग्रैन्डमास्टर है। इससे भारत में चेस के माहौल को समझा जा सकता है। पूर्व विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन टूर्नामेन्ट शुरू होने से पहले गुकेश के प्रति बड़ी निराशा जनक भविष्य वाणी की थी। सातवे राउन्ड में गुकेश फिरोज अली राजा से हारे तो लगा कार्लसन का आकलन गुकेश के बारे में ठीक था। इस हार के बाद गुकेश खेल में जरबजस्त सुधार लाये और चैम्पियन बनकर कार्लसन के आकलन को गलत साबित कर दिया।

लाकडाउन के समय मुकेश की इएल ओरेटिंग 2250 के की थी। लाकडाउन का गुकेश ने फायदा उठाया। मुकेश ने चेस इन्जन (कम्प्यूटर प्रोग्राम) पर अपने शुरूआती कैरियर में ध्यान नहीं दिया आज के खिलाड़ी चेस इन्जन का सहारा लेते है जो गुकेश को दूसरे खिलाड़ियों से अलग करता है। गुकेश के कोच प्रसन्ना कहते है चेस इन्जन के उपयोग न करने का मकसद त्रुटहीन गणनायें करने और हालात को जल्द समझने की समझ विकसित करना था। जिसमें गुकेश सफल रहे।

गुकेश कोच की मदद से अपने तैयारी और समझ के बल पर 12 साल सात महीने और 17 दिन के उम्र में ग्रैन्ड मास्टर बन गये थे। लेकिन दुनियां के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये। अगर गुकेश अन्डर 12 विश्व चैम्पियन के दौरान आधा अंक और आ गये होते तो पहला नम्बर या कारजकिन का सबसे कम उम्र का रिकार्ड तोड़ देते। पर गुकेश ने जो मुकाम हासिल किया है वह किसी भी माने में कम नहीं है। भारतीय बच्चे इस खेल की ओर जादा से ज्यादा मुखातिब हो नये नये रिकार्ड बनायेगे। भारत ने पिछले डेढ़ दशक में शतरंज के खेल में बेहतरीन तरक्की की है। यह बात इससे साबित होती है कि दुनियां के 25 टाप खिलाड़ियों में पांच भारतीय शमिल है। यह पुरूष खिलाड़ियों का रिकार्ड है। महिलाओं में टाप 15 में तीन भारतीय महिलायें है। अब यदि डिमलारेन को गुकेश हराये और विश्व चैम्पियन बन जाय तो देश के शतरंज को इसका जबरदस्त लाभ मिलेगा।

## दलबदलू : हमको उनसे वफ़ा की है उम्मीद?



तनवीर जाफ़री

वर्तमान दौर में हमारे देश में राजनीतिज्ञों की छवि ऐसी बन चुकी है कि यदि आप किसी भी अभिभावक से पूछें कि क्या वह अपनी संतान को नेता बनाना पसंद करेगा? तो शायद ही इसके जवाब में कोई हाँ कहता दिखाई दे। दरअसल आम तौर से राजनीति में तीन श्रेणियों के लोग ही सक्रिय दिखाई देते हैं। पहली श्रेणी उन लोगों की जिन्हें राजनीति पारिवारिक विरासत में मिली है। सरल भाषा में जिन्हें परिवारवादी राजनीतिज्ञ कहा जाता है। दूसरी श्रेणी के वह लोग जो छात्र राजनीति या गांव पंचायत की सियासत से निकलकर आये हैं। और अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि तीसरी श्रेणी में वह लोग आते हैं जो अपने जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते और पूर्णतयः अयोग्य होते हैं। इसी श्रेणी प्रायः सम्प्रदायवादी,जातिवादी,क्षेत्रवादी राजनीति कर सफलता का शार्ट कट अपनाते हैं। बाहुबली व दबंग छवि के लोग भी प्रायः इसी श्रेणी में गिने जा।अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग राजनीति में ऐसे होते हैं जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर और अंतरात्मा से देश की सेवा करने की ग़रज़ से राजनीति में पदार्पण करते हैं। चूँकि ऐसे लोगों की संख्या कम होती है इसलिये कुल मिलकर नाकारे राजनीतिज्ञों का वर्ग इनपर भी हावी हो जाता है। और इसी दुर्भाग्यशाली परिस्थितियों का ही परिणाम है कि हमारा देश की राजनीति में इस समय चरित्रवान व विचारवान लोगों की कमी है जबकि अपराधी, स्वार्थी, चरित्रहीन, साम्प्रदायिकतावादी, जातिवादी, मक्कार, झूठे, बेईमान, दलबदलू, अवसरवादी तथा पूर्वाग्रही लोगों की भरमार है। आपने देखा होगा कि कभी पत्रकार ने किसी एमएलए से ही एमएलए का फ़ुल फ़ार्म पूछा और वह नहीं बता पाया। दूसरों को वन्देमातरम जबरन पढ़ाने के लिये मर मिटने के लिये तैयार कई लोगों से कैमरे के सामने लाईव डिबेट में जब वन्देमातरम सुनाने के लिये कहा गया तो वह स्वयं नहीं सुना पाया। अधिकांश नेताओं में जहालत के ऐसे अनेक प्रमाण सुनने को मिल जायेंगे।

जब ऐसे लोगों के राजनीति करने का मक़सद ही धनार्जन,स्वार्थ, और अपने राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखना हो तो ज़ाहिर है वहां विचारधारा या वैचारिक प्रतिबद्धता नाम की चीज़ कोई महत्व रखती। ऐसे ज़मीर फ़रोशों और मौक़ा परस्तों को भले ही जनता पहचानने में चूक कर देती हो और उनके वैचारिक धर्म परिवर्तन या दलबदल के बाद यहां तक कि कल के नंगे भूखे नेताओं के धनाढ्य बन जाने के बाद भी बार बार जनता उन्हें निर्वाचित भी करती रहती हो। परन्तु उनके इस चरित्र से उस दल के नेता भी भली भाँती वाक़िफ़ होते हैं जहाँ वे अपने स्वार्थवश व अपना राजनैतिक भविष्य संवारने के नाम पर पनाह लेते हैं। ऐसे दलों के नेता चतुराई वश अपना कुंबा बढ़ाने की ग़रज़ से उन्हें पनाह देकर उनके जनाधार का लाभ तो उठा लेटे हैं परन्तु दल बदल या विचार परिवर्तन की इस स्वार्थपूर्ण प्रक्रिया में वह नेता यह भूल जाता है कि उसपर दलबदलू होने का ठप्पा भी लग चुका है। राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर ऐसे तमाम स्वार्थी व मौक़ापरस्त नेता मिल जायेंगे जिन्हें आज वही पार्टियां दूध की मक्खी की तरह निकाल कर फेक चुकी हैं जिनका या तो मक़सद पूरा हो चुका है या अब उनकी वहाँ कोई ज़रुरत नहीं। वर्तमान चुनाव में भी ऐसे अनेक नेता दर दर भटकते दिखाई दे रहे हैं जिन्हें उनकी पार्टी ने इस बार प्रत्याशी नहीं बनाया। जबकि कल उन्होंने यही सोच कर दल बदल किया था कि नये दल में उनका राजनैतिक भविष्य सुरक्षित रहेगा। यहां मैं बिना नाम लिये एक उदाहरण देना चाहूंगा। एक व्यक्ति को कांग्रेस ने पहले जज फिर एक राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जबकि उसमें मुख्यमंत्री बनने का कोई गुण नहीं था सिवाए इसके कि उसके पिता बड़े राजनेता थे। बाद में वह सज्जन भाजपा में चले गये। आज चूँकि भाजपा वहां संघ पृष्ठभूमि के नेताओं को पूरी तरह आगे ला चुकी है इसलिये उस राज्य में उसे आयातित नेताओं या दलबदलुओं अथवा विचार परिवर्तन करने वालों की फ़िलहाल कोई ख़ास ज़रुरत नहीं इसलिये भाजपा ने उन पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को पन्ना प्रमुख बना कर उनकी राजनैतिक हैसियत का अंदाज़ा करा दिया है।

दलबदलुओं ख़ासकर विपरीत विचारधाराओं में दलबदल करने वाले नेताओं के साथ एक और खेल खेला जाता है। उन्हें सार्वजनिक रूप से उस विचारधारा के विरुद्ध मुखरित होकर बोलने को कहा जाता है जिसे वे छोड़ कर आये हैं। और मजबूरी वश चूँकि उसे अपने राजनैतिक भविष्य की चिंता होती है इसलिये वह पार्टी के मूल नेताओं से भी ज़्यादा मुखरित होकर बोलता है। यहाँ कुछ उदाहरण पेश हैं। जैसे हिमंत विस्वा सरमा। यह पहले कांग्रेस के विश्वस्त नेताओं में थे। परन्तु जब से भाजपा में गए हैं तब से इनकी कारगुज़ारियां,इनके वक्तव्य सब कुछ भाजपाई या संघ संस्कारित नेताओं से कहीं बढ़कर हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

असल में इस चुनाव में यह नहीं कहा जा सकता है कि हर जगह एक ही मुद्दा चल रहा है। कहीं जाति की बात हो रही है तो कहीं रोजगार की बात हो रही है। सनातन की बात भी कई मतदाता कर रहे हैं। दक्षिण भारत के मुद्दे कुछ अलग हैं और वहां के मुद्दे अलग ढंग से उठाए गए हैं। इसी तरह नॉर्थ ईस्ट के मुद्दे अलग हैं। महिलाओं की जहां तक बात है तो उन्हें यह चाहिए कि उनके लिए क्या-क्या किया गया यह भी मुद्दा है। मुद्दे बनाना विपक्ष का काम होता है। सरकार ये कहती है कि हमने बहुत अच्छा काम किया, हमने यह बना दिया इतनी सड़कें बना दीं, इतना रोजगार दे दिया हमें वोट दीजिए।

# राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द घूमता चुनाव प्रचार



राजेश माहेश्वरी

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान हो चुका है। चुनावी मंचों से मुद्दे गायब हैं। असल में इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने कोई मुद्दा तय ही नहीं किया। अलग-अलग क्षेत्रों में राज्यों के साथ ही लोकसभा चुनाव तक में अलग-अलग मुद्दे दिख रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मुद्दों का यह बिखराव क्या असर डालेगा। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मुद्दे दिखाई दे रहे हैं। असल में इस बार का आम चुनाव वादों और दावों की जगह गारंटी और भरोसे का है। हालांकि पहले चरण का मतदान बेहद सुस्त रहा है। अभी चुनाव के छह चरण बाकी है, इसके बावजूद केंद्रीय मुद्दों और प्रभावी नारों के अभाव में चुनाव प्रचार में उफान नहीं दिख रहा। शांत मतदाता न तो गारंटी की ओर भरोसे से देख रहे हैं और न ही भरोसे पर गारंटी देने का संकेत दे रहे हैं। न तो किसी मुद्दा विशेष पर देश में बहस छिड़ी है और न ही कोई ऐसा नारा है, जो लोगों की जुबान पर चढ़ा हो।

2019 का आम चुनाव इस चुनाव से बिल्कुल अलग था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही सियासी मैदान भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद का रूप ले चुका था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी राफेल सौदे में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर चैकीदार चोर है, के नारे लगवा रहे थे, जबकि भाजपा पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ हुई एयर स्ट्राइक को मोदी है तो मुमकिन है नारा लगा रही थी। राफेल मामले में पीएम पर व्यक्तिगत हमले को भाजपा गरीब पर हमले से जोड़ रही थी। इन दोनों ही मुद्दों पर तब राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो चुकी थी। असल में इस चुनाव में यह नहीं कहा जा सकता है कि हर जगह एक ही मुद्दा चल रहा है। कहीं जाति की बात हो रही है तो कहीं रोजगार की बात हो रही है। सनातन की बात भी कई मतदाता कर रहे हैं। दक्षिण भारत के मुद्दे कुछ अलग हैं और वहां के मुद्दे अलग ढंग से उठाए गए हैं। इसी तरह नॉर्थ ईस्ट के मुद्दे अलग हैं। महिलाओं की जहां तक बात है तो उन्हें यह चाहिए कि उनके लिए क्या-क्या किया गया यह भी मुद्दा है। मुद्दे बनाना विपक्ष का काम होता है। सरकार ये कहती है कि हमने बहुत अच्छा काम किया, हमने यह बना दिया इतनी सड़कें बना दीं, इतना रोजगार दे दिया हमें वोट दीजिए। अगर विपक्ष की बात करेंगे तो पिछले एक साल में मुद्दा बनाने की जगह विपक्ष गठबंधन बना रहा है नहीं बना रहा इसी पर उलझा रहा।

सरकार की बात करेंगे तो वह कह रही है कि हमने राम मंदिर बनाने की बात कही थी हमने बना दिया। विपक्ष ने जितने मुद्दे उठाए वो सभी चूचू का मुरब्बा निकले। हर चुनाव में विपक्ष ईवीएम का मुद्दा उठाता है। अगर यह इतना बड़ा मुद्दा होता तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर देता। देश के राजनीतिक दल विजन से ज्यादा टेलीविजन पर निर्भर है। टेलीविजन प्रभावित जो राजनीति हो गई है उसकी वजह से विजन कहीं मिसिंग है। जहां तक घोषणा पत्र की बात है तो



भाजपा का घोषणा पत्र अच्छा है और कांग्रेस का भी घोषणा पत्र अच्छा है, लेकिन देश में घोषणा पत्र पर कभी चुनाव नहीं हुए। यह बस औपचारिकता भर रह गया है।

घर घर गारंटी अभियान की शुरुआत कर चुकी कांग्रेस पहली नौकरी पक्की, भर्ती भरोसा, पेपर लीक मुक्ति, वर्कर सुरक्षा और युवा रोशनी गारंटी के रूप में अलग-अलग वर्गों को साधने की कोशिश की है। इसके अलावा पार्टी ने महिला, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय के तहत अलग-अलग वर्गों के लिए कई वादे किए हैं। हालांकि पार्टी का घोषणापत्र अब तक जारी नहीं हुआ है। एनडीए के लिए अबकी बार चार सौ पार, तो अपने लिए 370 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने मतदाताओं को साधने के लिए ब्रांड मोदी को हथियार बनाया है। पार्टी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और हाशिये पर पड़े कमजोर लोगों के सशक्तीकरण के लिए मोदी गारंटी दे रही है। जबकि विकसित भारत के निर्माण और देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी दे रही है।

किसी एक मुद्दे को केंद्र में लाने की सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन की तमाम कोशिशें सिरे नहीं चढ़ी हैं। विपक्षी गठबंधन के नेता लालू प्रसाद की पीएम मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणी के खिलाफ भाजपा ने मोदी का परिवार अभियान चलाया। भाजपा इंदिरा सरकार के समय तमिलनाडु से सटे कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दिए जाने के मुद्दे पर आक्रामक है। वहीं, विपक्षी गठबंधन कभी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, कभी चुनावी बॉन्ड में भ्रष्टाचार, तो कभी केंद्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है।

चुनाव प्रचार के उफान पर न आने का सबसे बड़ा कारण मुद्दों को लेकर विपक्ष में निरंतरता प्रदर्शित करने का अभाव है। खासतौर से विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी विपक्ष मैदान में खुलकर उतरने के बदले सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने में ही उलझा है। भले ही यह गठबंधन दो बार एक मंच पर आने में सफल रहा है, मगर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मोदी, शाह, नड्डा की तुलना में बहुत कम जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि चुनाव में आम जनता से संबंधित मुद्दों का सर्वाधिक महत्व होना चाहिए। हालांकि राजनीतिक नूरा-कुश्ती में ऐसा हो नहीं पाता है। लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के इर्द-गिर्द सिमटकर रह जाता है। इस बार भी कमोबेश वैसी ही तस्वीर दिख रही है। पूरे देश के नागरिकों के लिए पांच साल में एक बार यह मौका आता है। इस मौके पर वे अपनी बात और अपने मुद्दे पुरजोर तरीके से अपने होने वाले जनप्रतिनिधियों के सामने रख सकते हैं। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अतीत में किए गए वादों पर सवाल पूछ सकते हैं। रोजमर्रा की समस्याओं को उठा सकते हैं। देश के आम लोग राजनीतिक जिम्मेदारी और जवाबदेही को लेकर अपने नेताओं को कटघरे में खड़े कर सकते हैं। बेरोजगारी और महंगाई जनता के सामने सबसे बड़ी समस्या है जिसका निदान होना चाहिए। साथ ही पर्यावरण भी चुनावी मुद्दा बनना चाहिए क्योंकि इसके बगैर हमारा जीवन मुश्किल हो सकता है। आज चुनाव आकर्षक वादों और आधारहीन दावों के बल पर लड़ा-लड़ाया जा रहा है। जनता से जुड़े मुद्दों को नजरंदाज कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। मतदाता को राजनीतिक दलों से उनके दावों और वादों के आधार के बारे में पूछना चाहिए। एक तरफ तो पांचवें पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंचने के दावे और वादे किए जा रहे हैं और दूसरी ओर देश की अस्सी करोड़ जनता को मुफ्त अनाज देने की आवश्यकता पड़ रही है, यह कैसा विकास है? वास्तविकता तो यह है कि चुनावी मुद्दों के नाम पर अनावश्यक मुद्दे उछाल कर जनता का ध्यान विकेंद्रित किया जा रहा है। जहां तक मुद्दे की बात है तो यह पूरा चुनाव विकेंद्रित हो गया है। जैसे जम्मू-कश्मीर के मुद्दे जो है वो वहां के लोगों के मुद्दे हैं। यहां तक कि चुनाव क्षेत्र तक के हिसाब से मुद्दे विकेंद्रित हो गए हैं। 2014 और 2019 के चुनाव हमने राष्ट्रीय मुद्दे पर देखे। इस बार का चुनाव स्थानीय मुद्दे पर हो रहा है। विपक्ष अगर कमियां गिनाएगा तो वह किसे इसके लिए जिम्मेदार बताएगा।

# बढ़ने लगी हैं पुंछ में भी केसर उत्पादन की संभावनाएं

केसर उत्पादन में पुरुषों के साथ साथ महिला किसान भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। बायला की रहने वाली 35 वर्षीय किसान शमीम अख्तर कहती हैं कि मैं पिछले कुछ वर्षों से केसर की खेती रही हूं, जिसका परिणाम भी मुझे बहुत अच्छा मिल रहा था। परंतु हमारी जमीन से सड़क निकाली गई जिससे मेरी फसल बर्बाद हो गई। परंतु मैं अभी केसर का उत्पादन करना चाहती हूं। मुझे इससे बहुत लगाव हो गया है। लेकिन मेरे पास इतना सामर्थ्य नहीं है कि मैं इसका बीज खरीद सकूं, इसके लिए मैं यह चाहती हूं कि मुझे सरकार की ओर से थोड़ी बहुत आर्थिक सहायता मिल जाए जिससे मुझे इसे उगाने में मदद मिल सके।



भारती देवी

पिछले 5 वर्षों से हम केसर को ट्रायल बेस पर लगा रहे थे और 1 साल पहले पूर्ण रूप से इसकी खेती शुरू कर चुके हैं। आप यकीन मानिए परिणाम इतना अच्छा आया कि हमारी प्रोग्रेस को देखते हुए स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी - यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू की ओर से हमें 10 लाख रुपए की धनराशि दी गई है। हमारे यहां केसर की पैदावार को देखते हुए जम्मू विश्वविद्यालय के इस विभाग की प्रोफेसर ज्योति ने हमारी बहुत मदद की है। उन्होंने विश्वविद्यालय के पीएचडी स्कॉलर ताहिल भट्टी और एसडीओ, हॉर्टिकल्चर, पुंछ के मोहम्मद फरीद के मार्गदर्शन में हमें रिसर्च के लिए 10 लाख दिए और कहा कि आप यह खोज करें की पुंछ में केसर उत्पादन की और कहां-कहां संभावनाएं हो सकती हैं? इस रिसर्च में हमने यह पाया कि पुंछ में केसर का उत्पादन सुरनकोट, अढ़ाई, फतेहपुर, बायला, मंडी और मेंढ़र के क्षेत्र में भरपूर मात्रा में किया सकता है। यहां का वातावरण और मिट्टी लगभग वैसी ही है, जैसी जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों में है जहां केसर का उत्पादन होता है। यह कहना है जम्मू संभाग के सीमावर्ती जिला पुंछ के मंडी तहसील स्थित बायला गांव के 35 वर्षीय किसान एजाज़ अहमद का। जो पिछले कुछ वर्षों से परंपरागत खेती से हटकर पुंछ में केसर का उत्पादन करने वाले किसान के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

एजाज़ अहमद कहते हैं कि यहां के किसानों का अधिकतर रुझान मकई जैसे सीजनल खेती पर ही रहा है। परंतु अब धीरे-धीरे उनकी सोच बदल रही है। अब केसर उत्पादन के प्रति उनमें एक नया जुनून पैदा हुआ है। हमने केसर का बीज कश्मीर के पंपोर और किश्तवाड़ जिले से मंगवाया है। अब मेरी यह ख्वाहिश है कि पंपोर और किश्तवाड़ के बाद पुंछ, जम्मू कश्मीर में केसर उत्पादन का तीसरा सबसे बड़ा केंद्र बने। एजाज़ अहमद का कहना है सरकार इसके उत्पादन में सब्सिडी देने की जगह हमें सुरक्षा प्रदान करे। केसर का बीज अन्य फसलों और सब्ज़ियों की तुलना में महंगा है, लेकिन फिर भी हम किसान उस खर्च को सहन कर सकते हैं। सरकार केवल जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा का प्रबंध कर दे क्योंकि आये दिन भालू जंगलों से निकल कर खेतों में तैयार फसल को नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों का बहुत नुकसान होता है। इसके लिए सरकार की ओर से यदि फेंसिंग (तारबंदी) की व्यवस्था कर दी जाए तो तैयार फसल को जंगली जानवरों द्वारा नष्ट होने से बचाया जा सकता है।

दरअसल केसर को दुनिया के सबसे महंगे मसालों में एक माना जाता है। इसे कश्मीरी में कोंग, उर्दू में जाफरान तथा हिंदी में केसर के रूप में जाना जाता है। यह एक सुगंधित फूलों का एक छोटा सा हिस्सा होता है। इसका उत्पादन लंबे समय से इस केंद्र शासित प्रदेश के एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र तक ही सीमित रहा है। किश्तवाड़ के कुछ क्षेत्रों में इसका उत्पादन होता है। लेकिन कश्मीर



के पम्पोर क्षेत्र को आमतौर पर केसर के सबसे बड़े उत्पादन के रूप में पहचाना जाता है। यहां के उगने वाले केसर की कीमत बहुत अधिक है। जिसे लगभग 3 लाख प्रति किलोग्राम पर बेचा जाता है। एक ग्राम केसर लगभग 160 से 180 फूलों से प्राप्त होता है। वहीं करीब डेढ़ लाख फूलों से एक किलो केसर का उत्पादन होता है।


ऐसे में आसानी से समझा जा सकता है कि इसके लिए किस प्रकार व्यापक परिश्रम की आवश्यकता होती होगी? बात की जाए केसर की खेती की, तो भारत में केसर की खेती जून तथा जुलाई जबकि कुछ क्षेत्रों में अगस्त व सितंबर में शुरू की जाती है। अक्टूबर माह से इसमें फूल आना शुरू हो जाते हैं। भारत के अलावा इसकी खेती मुख्य रूप से स्पेन, इटली, ग्रीस, तुर्की, ईरान और चीन में की जाती है। विश्व के कुल केसर उत्पादन का 80 प्रतिशत अकेले स्पेन और ईरान में होता है। इसका उत्पादन करने वाले किसानों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है क्योंकि बाजार में इसकी कीमत 3 से 3.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम होती है। केसर उत्पादन में पुरुषों के साथ साथ महिला किसान भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। बायला की रहने वाली 35 वर्षीय किसान शमीम अख्तर कहती हैं कि मैं पिछले कुछ वर्षों से केसर की खेती रही हूं, जिसका परिणाम भी मुझे बहुत अच्छा मिल रहा था। परंतु हमारी जमीन से सड़क निकाली गई जिससे मेरी फसल बर्बाद हो गई। परंतु मैं अभी केसर का उत्पादन करना चाहती हूं। मुझे इससे बहुत लगाव हो गया है। लेकिन मेरे पास इतना सामर्थ्य नहीं है कि मैं इसका बीज खरीद सकूं, इसके लिए मैं यह चाहती हूं कि मुझे सरकार की ओर से थोड़ी बहुत आर्थिक सहायता मिल जाए जिससे मुझे इसे उगाने में मदद मिल सके। मंडी तहसील स्थित बायला गांव के ही किसान अब्दुस समद और अब्दुल गनी कहते हैं कि मंडी में हम इसे मध्य जुलाई में लगा देते हैं और नवंबर के मध्य तक यह पूरी तरह से तैयार हो जाती है। वह बताते हैं कि केसर को अलग-अलग प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है। वह मिट्टी जिसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम कार्बोनेट होता हो वह केसर उत्पादन के लिए एक अति उत्तम मृदा मानी गई है।

हालांकि अब्दुस समद बदलते पर्यावरण से प्रभावित होती कृषि से चिंतित भी नज़र आते हैं। वह बताते हैं कि क्लाइमेट चेंज की वजह से पिछले वर्ष कश्मीर के केसर उत्पादन में कमी आई है। इसके लिए 1000 से 1500 मिमी वर्षा की जरूरत होती है। जो कम हुई है और बर्फ़बारी में असमय हुई है, जिससे मिट्टी पर बुरा प्रभाव पड़ा है और इसका परिणाम है कि केसर का कम उत्पादन हुआ है। हर साल जम्मू कश्मीर में 15 टन तक केसर का उत्पादन होता था, जो अब घटकर 8 से 9 टन ही रह गई है। यह काफी चिंता का विषय है। वह बताते हैं कि कम उत्पादन के बावजूद कश्मीरी केसर बेहद फायदेमंद है। जैसे यह रक्तचाप को कम करने तथा माइग्रेन का इलाज करने आदि में औषधि गुण माना जाता है। वहीं सौंदर्य उत्पाद बनाने में भी इसका प्रयोग किया जाता है। इसीलिए कश्मीर के केसर की बहुत डिमांड होती है।

केंद्र सरकार भी कश्मीरी केसर को लेकर अत्यधिक सतर्क है। इसके लिए 2010-11 में चार वर्षों के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय केसर मिशन (हस्रू) शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य केसर के अधिक से अधिक उत्पादन को बढ़ावा देकर कश्मीर में रहने वाले लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना था। इससे केसर उत्पादन करने वाले किसानों को बहुत फायदा पहुंचा था। ऐसी और भी कई सरकारी योजनाएं हैं जो केसर उत्पादन का समर्थन करती हैं। परंतु इन योजनाओं का अगर किसानों को तुरंत लाभ मिले तो इसे बड़े पैमाने पर पहुंचाया जा सकता है क्योंकि लोग अब केसर की खेती को लेकर जागरूक भी हो रहे हैं और उत्साहित भी हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि यदि सरकार, प्रशासन और संबंधित विभाग मिलकर किसानों का हर तरह से सहयोग करें, उन्हें इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करे तो पुंछ में भी केसर उत्पादन की असीम संभावनाएं उभर कर सामने आ सकती हैं। (चरखा फीचर)

# सोचिए आखिर इन सबका जिम्मेदार कौन...?

पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के लोग आए दिन हेलमेट पहनो सीट बेल्ट लगाओ, गति सीमा नियंत्रित रखो, डीएल और आरसी साथ रखो। चालान जुर्माना से भी बचो। नशा करके वहां मत चलाओ, यातायात के नियमो को पालन करो। सुरक्षित घर पहुंचो वहां आप का कोई इंतजार कर रहा है। लेकिन नही...लोगों का मानना है कि जो कुछ भी हो रहा है, सब प्रभु इच्छा पर। मारपीट बलवा, दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के साथ छेड़खानी, छात्राओं को अगवा कर बंधक बनाकर उनके साथ दुष्कर्म और सामूहिक बलात्कार किया जाना, चोरी छिनैती आदि दुखद एवम अप्रिय घटनाएं होना जाहिरा तौर पर पुलिस महकमे की हनक और सख्ती की नाकामी ही कही जाएगी।




सत्यम सिंह गर्गवंशी

इस समय अपराधिक घटनाओं जैसे बलवा मारपीट, जबरन दूसरों की जमीनों पर कब्जा, सड़क हादसे, दुरुतगामी बाइक फोर व्हीलर भिडंत,दहेज हत्या, आत्महत्या जैसी संदिग्ध मौतों में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बलात्कार, छेड़खानी, छिनैती, महिलाओं युवतियों और छात्राओं को अगवा करके उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाली अप्रिय घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। अग्निकांड, किसानों की पकी खेतों में खड़ी फसलें जलकर राख में तब्दील हो रही हैं। ये अग्निकांड जैसी घटनायें अज्ञात कारणों, बिजली की चिंगारी और मानव जनित भी होती हैं।

दुखद अप्रिय वारदातें तो होती ही रहेंगी। लोगों को खुद बाखुद ऐसी वारदातो को अंजाम नही देना चाहिए। स्वयं की लालच, हवस पर नियंत्रण पाने की जरूरत है। लालच और खुद गरजी की वजह से ही हत्या, बलात्कार, छिनैती चोरी डकैती, दहेज हत्या जैसी घटनाओं में इजाफा हो रहा है। सड़क हादसे के बारे में इतना कहना ही काफी है कि वहां चालकों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नहीं किया जा रहा है। जब कि सरकार जागरूकता पर लाखो रुपए खर्च करती है। पुलिस यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के लोग आए दिन हेलमेट पहनो सीट बेल्ट लगाओ, गति सीमा नियंत्रित रखो, डीएल और आरसी साथ रखो। चालान जुर्माना से भी बचो। नशा करके वहां मत चलाओ, यातायात के नियमो को पालन करो। सुरक्षित घर पहुंचो वहां आप का कोई इंतजार कर रहा है। लेकिन नही...लोगों का मानना है कि जो कुछ भी हो रहा है , सब प्रभु इच्छा पर ।मारपीट बलवा, दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के साथ छेड़खानी, छात्राओं को अगवा कर बंधक बनाकर उनके साथ दुष्कर्म और सामूहिक बलात्कार किया जाना, चोरी छिनैती आदि दुखद एवम अप्रिय घटनाएं होना जाहिरा तौर पर पुलिस महकमे की हनक और सख्ती की नाकामी ही कही जाएगी। ऊपर से यदि थाना पुलिस पीड़तों की तरफ तवज्जो नहीं देता है तो सबसे अधिक दुखद स्थिति यही कही जाती है।

थानों पर गंभीर मामलों में सुसंगत धाराओं की अनदेखी करके उनका अल्पीकरण करना एक परंपरा बन गई है। हत्या को दुर्घटना और डकैती को छोटी चोरी कहने का रिवाज समाप्त किए जाने की जरूरत है। पुलिस पीड़ितों के साथ मित्रवत व्यवहार भी नही करती है। पुलिस का रवैया अंग्रेजों के जमाने जैसा ही है। बड़े बड़ों की अकल थाना पहुंचने पर ठिकाने लग जाती है। थाना पुलिस से यदि



दलालों और बिचौलियों की मित्र सेवा कम या बंद हो जाए तब कुछ उम्मीद जगती है कि आम आदमी गरीब तबके के लोग पुलिस से जस्टिस पा सकते हैं।

पुलिस जन भी अपने हाव भाव से दर्शाते हैं कि उन्होंने इस महकमे में नौकरी ही इसीलिए किया है कि रुतबा रुआब और पैसा मिले। सरकारी विभागों में छोटे से लेकर बड़ा काम लेकर कार्यालयों में जाने वालों को तरह तरह से परेशान किया जाता है। यह क्रम तब तक जारी रहता है जब तक बिचौलियों का सहारा न लिया जाए। यहां भी दलाल प्रथा कायम है। घूस देने पर ही काम होगा अन्यथा भटकते ही रहिए। परिवहन विकास कृषि गन्ना मार्केटिंग उद्यान बिजली रजिस्ट्री पूर्ति शिक्षा बैंक डाकघर रेलवे जैसे अनेकों प्रदेशीय और केंद्रीय महकमे में सुविधा शुल्क का प्रचलन अपनी गति से चल रहा है। हो हल्ला करने वाले भी अपना काम करते हैं। लेकिन मजाल क्या कि किसी पर कोई असर पड़े।

पूर्ति महकमा की बात चले तो कोटेदार और राशन लाभार्थियों की बातें होना लाजिमी हो जाती हैं। इनके बीच होने वाली अप्रिय घटनाएं अशोभनीय वार्ता लाप, घटतौली कट तोली आदि का जिक्र न हो तो सब अधूरा ही कहा जायेगा। कोटेदारों की हरकतें प्रायः मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। सरकारी महकमों में तो ऐसा रिवाज है जहां फरियादियों को नजरंदाज किया जाता है। प्रशासन हो या पुलिस महकमा कहीं पर बगैर सुविधा शुल्क के कोई भी काम नही हो रहा है। उधर सरकार जिले में विकास के नाम पर सरकारी तिजोरी का मुंह खोल देती है। और यहां अधिकारी गण जिले के अवाम को विशुद्ध भारतीय रूप से माननीयों की तरह भ्रमित करने में जुट जाते हैं। मीडिया के जरिए ये होगा वो होगा मतलब जिले में गांव से लेकर कस्बों, बाजारों, और शहरों का काया कल्प हो जाएगा। ऐसा होगा जैसा दुनिया के विकसित देशों में होता है। इनके ऐसा कहने से प्रतीत होता है कि ये किसी विकसित देश के सरकारी अफसर हैं। ऐसे वक्तव्य सर्वथा हास्यास्पद लगते हैं। विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि ऐसे मीडिया वक्तव्यों से परहेज करें। इनके द्वारा सच्चाई से रूबरू कराकर जिज्ञासुओं की जिज्ञासा शांत किया जाना चाहिए।

**वन विभाग** – जिले में जंगलों की कटान जारी है, कई लाख पेड़ लगाने यानी पौध रोपण होना है। परिणाम सभी देख रहे हैं। फोटो सेल्फी का प्रचलन जोरो पर है। पौध रोपण तो आवश्यक है ही फिर भी पुराने प्राण वायु प्रदाता पेड़ों की अवैध कटान रोकने की जरूरत है।पौध रोपण के बाद ट्री गार्ड और समय समय पर खाद पानी जैसे पोषण की नितांत आवश्यकता होती है। परंतु सरोकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। यह सोचनीय विषय है।

**अग्निकांड और दमकल विभाग :** दमकल विभाग में संसाधनों का अभाव है। मैन पावर और संसाधन बढ़ाए जाएं। ऐसा होने पर ही समय पर अग्निकांडो से जूझा जा सकता है। जन धन की हानि से बचा जा सकता है।

**मिलावट एक अति महत्वपूर्ण विषय :** आज हम जो कुछ भी खाद्य पदार्थ का सेवन कर रहे हैं, वे मिलावटी और सेहत के लिए हानिकारक हैं। मिलावट खोर अपनी कमाई के लिए रसायनों का इस्तेमाल कर अशुद्ध और प्राण घातक सामग्रियां बेंच रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग कार्य रात है। लेकिन विभागीय अधिकारी खाना पूर्ति करके स्वयं की जेबें भर रहे हैं.....सरकारी जिम्मेदारों से बड़े जिम्मेदार हम खुद हैं। हम सुधरेंगे जग सुधरेगा।

# जिस गाड़ी में सपा का झण्डा, उस गाड़ी में बैठा गुण्डा : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की नामांकन जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव सरकार के गुण्डाराज और अराजकता को ना कन्नौज भूला है और ना ही उत्तर प्रदेश। सपा सरकार में नारा था कि जिस गाड़ी में सपा का झण्डा, उस गाड़ी में बैठा गुण्डा। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव अपराधी, गुण्डों, माफियाओं तथा आतंकियों के रहनुमा ना होते तो 2017 में सदैव के लिए ना विदा होते और ना ही सपा सफा होती और ना ही समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनी होती। समाजवादी पार्टी गुण्डा, माफिया, दंगाई व भ्रष्टाचारियों की फैक्ट्री



है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज सपाई ना तो बूथ लूट सकते और ना ही जनता को डरा धमका सकते है इसलिए सपा की हार निश्चित है। जिस अखिलेश यादव ने अपने पिता का सम्मान नहीं किया, वह अखिलेश यादव मेरे पिता या किसी और के पिता का क्या सम्मान करेंगे? अखिलेश यादव ने विधानसभा में मेरे पिता के लिए अपशब्द कहे। उन्होंने कहा कि जब मैं

■ कहा, सपाईयों की गालियों का जबाब आपको कमल का बटन दबाकर देना है

अखिलेश यादव को गुण्डों, माफियाओं, अपराधियों व भ्रष्टाचारियों का सरदार कहता हूं। तो वे भड़क जाते है। अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव समेत तमाम सपाई नेता मुझे गाली देते हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपाईयों की गालियों का जबाब आपको कमल का बटन दबाकर देना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य आपको पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आपके कमल का बटन दबाने से गरीब का पक्का घर बन जाएगा, किसान को सम्माननिधि मिलती रहेगी, बहने लखपति दीदी बन जाएगीं, 80 करोड़ लोगों को राशन मिलता रहेगा। कमल का बटन दबाने से नौजवानों के उज्वल भविष्य की गारंटी सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तो जम्मूकश्मीर से 370 हटी है, आप भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीटें दीजिए तो पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहरा दिया जाएगा।

श्री मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए परिवार डेबलपमेंट अर्थॉरिटी है जिसमें उनके परिवार के ही पांच सदस्य लोकसभा प्रत्याशी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का काम करना है। 4 चार जून को 4 बजे 400 पार और फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार। घर-घर में खुशहाली पहुंचे बस इतना फर्ज निभा देना, बाकी सब मोदी कर देगें तुम कमल का बटन दबा देना।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमले करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**संत कबीर नगर।** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमले के मुख्य आरोपी मोहम्मदपुर कठार निवासी राधेश्याम यादव को कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुर्गा मंदिर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। अभी भी तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पिछले दिनों एक वैवाहिक आयोजन में शामिल होने आए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ स्थानीय लोगों के साथ कुछ अन्य लोगों ने मारपीट की घटना कर दी थी। उनके नाक पर चोंट लग गई थी। उनके पीएसओ की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

# पीएम मोदी बौखलाहट में झूठ बोल रहे हैं, देश की जनता कांग्रेस के साथ है

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एक दिन में 20 किसान आत्महत्या करते हैं। यूपीए ने जिस तरह से किसानों को राहत दी थी, उस तरह से आज तक नहीं मिला। प्रधानमंत्री अपने 10 साल के सवाल का जवाब दें। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा निकालने के बाद न्याय पत्र बनाया। उन्होंने न्याय पत्र तक नहीं पढ़ा। वह झूठ बोल रहे हैं। देश का राजा जब झूठ बोलता है तो देश की अवनति होती हैं। हम सभी न्याय की बात कर रहे हैं। इसमें क्या गलत है?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री न्याय पत्र से घबरा गए हैं। वह दोबारा जीत गए तो सभी विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे। मीडिया अपना काम नहीं कर पाएगी। उन्होंने बताया कि जिसने हमारा न्याय पत्र पढ़ा वह दूसरे को वोट नहीं देगा। हम लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अब बहकी हुई बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद कई भाई-बहन हैं।



मंगलसूत्र की बात भी उनके मुंह से अच्छी नहीं है। राम हमारी आस्था का स्रोत है। हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो ओल्ड पेंशन स्कीम लाई जाएगी। पवन खेड़ा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अभी समय खत्म नहीं हुआ है। पार्टी उन्हें लड़ने का आदेश देगी तो लड़ेंगे।

## शाह के बयान पर अजय राय ने किया पलटवार

**वाराणसी।** गठबंधन के सभी जिलाध्यक्षों ने गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवास पर संयुक्त प्रेसवार्ता की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अमित शाह बनारस में आए और झूठ बोलकर चले गए। बनारस में कोई उद्योग नहीं लगा, किसी को रोजगार नहीं मिला, जिसे मिला हो मुझे बताए। अजय राय ने कहा कि खुद अमित शाह बताएं चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अलावा उन्होंने कितने उद्योग का उद्घाटन किया। भाजपा में पुराने कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं है। अब यह अटल की नहीं अडानी अंबानी की पार्टी रह गई है। राय ने कहा कि बीएचयू में बच्ची से दुष्कर्म करने वालों के यहां बुलडोजर क्यों नहीं चला। कहा कि बनारस में कॉरिडोर के नाम पर सिर्फ मंदिर तोड़े गए हैं।

# 'कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना था हिंदुस्तान'

**उन्नाव।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी डा. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज के समर्थन में श्री रामलीला मैदान पर आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए कहा मोदी सरकार में जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों को मारा। वहीं 2004 से 2014 तक कांग्रेस की सरकार में हिंदुस्तान भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना था। इंडी गठबंधन से सजग हो जाओ, यह सब भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। मोदी से ही देश की तरक्की और विकास संभव है।

पाठक ने यहां के लोगों से भावनात्मक रिश्ता जोड़ते हुए कहा आज उन्नाव की बदौलत मैं राजनीति में खड़ा हूं। यहां की जनता ने 2004 में सांसद बनाया था। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 10 साल में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। 2014 से 2024 तक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मोदी ने दी है, हर गरीब का सपना पूरा हुआ है। अब आप लोगों की बारी



है। उन्नाव से साक्षी को जिताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। भाजपा ने नारा नहीं दिया बल्कि गरीबी हटाकर जमीन पर काम किया। यह मोदी-योगी की ही दम हैं आज उप्र की जेलों में भी अपराधी डर रहे हैं। सपा का नारा था जितना बड़ा सपा का झंडा उतना बड़ा गुंडा। इस लिए अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए भाजपा को ही लाना है। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहे। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज का नामांकन जुलूस निकाला गया।

## इश्क ने कर दिया अंधा, शादीशुदा प्रेमिका के साथ बिस्तर में था प्रेमी

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा में महिला ने प्रेमी संग मिलकर सास की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद दोनों फरार हो गए। पुलिस ने महिला को दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था। अब उसके प्रेमी को भी पकड़ लिया गया है। घटना निधौली कलां थाना क्षेत्र के मुमिया खेड़ा गांव की है। पुलिस के अनुसार दुर्गेश उर्फ दुर्गा 21 अप्रैल को अपनी सास बैकुंठी देवी (70) की हत्या करने के बाद प्रेमी आसू के साथ फरार हो गई थी। महिला को गांव के पास से ही 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस पूछताछ में बताया था कि गांव का ही प्रेमी आसू रविवार की रात करीब 2 बजे घर में मिलने आया था। जब वह प्रेमी को लेकर कमरे में संबंध बनाने गई तभी सास जाग गई और कमरे में आ गई। प्रेमी को धक्का मारकर निकालने लगी। तभी गुस्से में आकर दोनों ने गला दबाकर सास की हत्या कर दी। मृतका के पति उदयवीर सिंह उर्फ नत्थू सिंह ने पुत्रवधू और उसके प्रेमी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# 25 मीटर ऊंची हाईटेक चिमनी से नहीं उड़ेगी चिता की राख



**वाराणसी।** मोक्ष तीर्थ मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर 25 मीटर ऊंची हाईटेक चिमनी बनाई जाएगी ताकि आस पास के घरों में चिता की राख भी न उड़ने पाए। कार्यदायी एजेंसी की ओर से निर्माण कार्य शुरू करने की पूर्व की प्रक्रियाएं तेज की गई हैं। संबंधित विभागों को यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य शुरू होना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप हो चुकी है। जल्द ही सभी बाधाएं दूर कर ली जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि चिमनी का निर्माण वेल्लारी में हो रहा है। इसमें विशेष प्रकार केहाई स्पीड ब्लोअर लगाए जाएंगे ताकि शवदाह केदौरान निकलने वाली लपट भी आस पास न जाने पाए। केवल चिमनी पर ही छह करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पूरी तरह से अत्याधुनिक होगा। यहां शवदाह केलिए आने वाले शवयात्रियों को पूरी सुविधाएं दी जाएंगी।

चुनार और जयपुर के पत्थरों से महाश्मशान का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। बाढ़ के दौरान भी शवदाह में किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए यहां बड़ी नाव केजरिए बड़ी मशीनें पहुंचा दी गई हैं ताकि किसी प्रकार की दिक्कत निर्माण कार्य में न होने पाए। मणिकर्णिका के आस पास चक्र पुष्करिणी, रत्नेश्वर महादेव मंदिर, तारकेश्वर मंदिर और दत्तात्रेय पादुका का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

इसके अलावा शव स्नान के लिए पवित्र जल कुंड, वेटिंग एरिया होंगे। भूतल पर पंजीकरण कक्ष, नीचे के खुले में दाह संस्कार के 19 बर्थ, लकड़ी भंडारण क्षेत्र, सामुदायिक प्रतिक्षा कक्ष, दो सामुदायिक शौचालय, अपशिष्ट ट्रालियां का स्थापन, मुंडन क्षेत्र होंगे। चारों तरफ से कवर दाह संस्कार क्षेत्र में पांच बर्थ, सर्विस एरिया, अपशिष्ट संग्रह की व्यवस्था, घाट पर सीढ़ियों व सड़क आदि निर्माण शामिल है। महाश्मशान केविकास कार्य पर कुल 36.86 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मणिकर्णिका घाट के विकास कार्य में 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भूतल का कुल क्षेत्रफल 29.350 वर्ग फीट है।

# स्मृति ईरानी का आरोप : मेरी सभा में आया राहुल गांधी का गुंडा




**अमेठी।** अमेठी में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे 10 साल के राजनीतिक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि महोना में मेरे कार्यक्रम में राहुल गांधी का एक गुंडा आया। मैं सौगंध खाती हूं कि आने वाले पांच साल में एक भी कांग्रेस का गुंडा अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रह नहीं पाएगा। महोना में केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम था, जिसमें वह लोगों से संवाद कर रही थीं। इसी दौरान कोविड का टीका लगवाने के मुद्दे पर लोगों से सवाल जवाब भी किया। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम के बाद पुलिस एक युवक को थाने ले गई। एसओ तनुज पाल कहते हैं कि युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। राबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की मांग का पोस्टर अमेठी में लगने के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी खुलकर बोलीं। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब जीजा मांग रहे हैं अमेठी से। पहले साले साहब को मांग रहे थे।

# न्यूक्लियर पावर नेट ज़ीरो में बड़ी भूमिका निभा सकता है : डॉ जगताप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** देश में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने एवं इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी आईएनएस मुंबई द्वारा, लखनऊ में पहली बार वियार्थियों के लिए देश के वरिष्ठ एवं विशिस्ट परमाणु वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु दिनांक 25 अप्रैल को सेक्टर. 14, इन्दिरा नगर एवं सेक्टर. 06,विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन.जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई एन एसए के अध्यक्ष एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र बीएआर सी मुंबई से सेवानिवृत देश के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ बी एन जगताप ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बोला कि ष्परमाणु ऊर्जा में काफी क्षमता है और इस से



■ रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित तरीके से बिजली का उत्पादन करके कार्बन का उत्सर्जन कम किया जा सकता है और वर्ष 2070 तक भारत नेट ज़ीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल कर सकता है। इसके साथ ही उन्होने भारत में न्यूक्लियर साइन्स एवं टेक्नालजी के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि के बारे में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत करवाया । इसके अलावा उन्होने ये भी बताया कि किस तरह से आई एन एस देश भर में लोगों को परमाणु ऊर्जा के महत्वपूर्ण आयामों के बारे में बताने एवं लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर लगभग 1500 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मुंबई से आए हुए परमाणु वैज्ञानिकों से परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता एवं भविष्य में इसके योगदान पर जानकारी हासिल की। कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए विद्यालय के निदेशक श्री मोहिंदर सिंहए निदेशिका श्रीमती आशा अरोरा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती उमा मानवेन्द्र पांडेय ने मुंबई से आए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# बसपा ने रायबरेली सीट पर घोषित किया प्रत्याशी

**लखनऊ।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बहुजन समाज पार्टी ने रायबरेली संसदीय सीट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बसपा ने ठाकुर प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद दो बार यहां से विधानसभा का चुनाव लड़े हैं, लेकिन हार गए थे। 2024 में वह सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं।

वैसे तो ठाकुर प्रसाद लखनऊ के मानसरोवर सेक्टर बी के रहने वाले हैं लेकिन उन्होंने अपना आशियाना सरेनी विधानसभा क्षेत्र के बहाई लालगंज में भी बनवा लिया है। सरेनी विधानसभा सीट से ठाकुर प्रसाद 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़े, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सके।

इस बार बसपा ने ठाकुर प्रसाद पर एक बार फिर विश्वास जताया है और उनको दिल्ली का रास्ता तय करने के लिए लोकसभा का टिकट दिया है।

■ ठाकुर प्रसाद को मिला टिकट, लड़ चुके हैं विधानसभा चुनाव




बसपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा का इंतजार है।

इससे पहले विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन हार गए थे। अबकी बार लोकसभा से टिकट मिला है। रायबरेली सीट से बसपा ने सबसे पहले प्रत्याशी घोषित किया है। अब भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा का इंतजार है।

# टीएमयू अब फ्रांस के विवि संग देगी ज्वाइंट डिग्री

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के वर्ल्ड क्लास एजुकेशन के सपने को नए पंख मिलेंगे। ऐवनसिटी स्कूल फॉर टेक्नोलॉजी, बिजनेस एंड सोसाइटी, फ्रांस के संग हुए इंटरनेशनल कोलेबोरेशन के तहत टीएमयू के स्टुडेंट्स को अब टीएमयू और फ्रांस के प्राइवेट विश्वविद्यालय की ज्वाइंट डिग्री मिलेंगी। एमएससी- एआई इंजीनियरिंग और एमएससी- डेटा इंजीनियरिंग के इन रेगुलर कोर्स का स्ट्रक्चर वन प्लस वन है। मसलन, स्टुडेंट्स प्रथम वर्ष टीएमयू कैंपस, जबकि अंतिम वर्ष में ऐवनसिटी स्कूल फॉर टेक्नोलॉजी, बिजनेस एंड सोसाइटी, फ्रांस में अध्ययन करेंगे। इस इंटरनेशनल कोलेबोरेशन के तहत इन प्रोग्राम्स में सत्र 2024-25 से अध्ययन प्रारम्भ हो जाएगा। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और जीवीसी श्री मनीष जैन कहते हैं,



टीएमयू इंटरनेशनल कोलेबोरेटिव प्रोग्राम शुरू करने वाली यूपी की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है। इन प्रोग्राम्स के लिए टीएमयू सरीखी प्राइवेट यूनिवर्सिटी का फ्रांस की ऐवनसिटी स्कूल फॉर टेक्नोलॉजी, बिजनेस एंड सोसाइटी जैसे निजी विश्वविद्यालय से अनुबंध हुआ है। इन नए प्रोग्राम्स से टीएमयू के सीसीएसआईटी को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, छात्र दो साल के वर्क परमिट वीजा के लिए पात्र होंगे। इन प्रोग्राम्स के जरिए टीएमयू छात्रों के लिए विभिन्न वैश्विक करियर अवसरों के द्वार खुल जाएंगे। दो वर्षीय एमएससी- एआई इंजीनियरिंग और एमएससी- डेटा इंजीनियरिंग प्रोग्राम्स में कम्प्यूटर साइंस- सीएस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन-सीए, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- आईटी में यूजी के छात्र पात्र होंगे, जबकि एमसीए, एमटेक- सीएस, आईटी के स्टुडेंट्स भी इसमें प्रवेश ले सकेंगे। वीसी प्रो.वीके जैन कहते हैं, ये प्रोग्राम्स यूनिवर्सिटी की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होंगे। सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी कहते हैं, स्टुडेंट्स-फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टीएमयू स्टुडेंट्स और फैकल्टी भी लाभ उठा सकेंगे।

## राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने पर अखिलेश की दो टूक


**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनावी दंगल में उतरने से अब कन्नौज संसदीय क्षेत्र का सियासी रण और रोचक व दिलचस्प हो गया है। वहीं, अमेठी से राहुल गांधी के चुनावी मैदान में उतरने की अटकलें भी तेज हो गई हैं।

राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने की अटकलों पर खुद सपा मुखिया अखिलेश यादव कुछ ऐसा बोल गए, जिससे चर्चाओं का बाजार अब और गर्म हो गया है। दरअसल गुरुवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज में नामांकन दाखिल किया। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलों पर अखिलेश यादव ने कहा कि अब सब आएंगे।अखिलेश ने कहा कि अरे अब तो सब आएंगे, अब महफिल यूपी में ही सजनी है।

# सीएमएस के सर्वाधिक 169 छात्र जेईई मेन्स परीक्षा में हुए सफल

■ 26 सीएमएस छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से 'जे.ई.ई. मेन्स' परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर सी.एम.एस. के सर्वाधिक 169 छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित कर जे.ई.ई. एडवान्स में शामिल होने की अर्हता अर्जित की है तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. के 26 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि हालाँकि



सी.एम.एस. के 181 छात्रों ने 90 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है परन्तु अलग-अलग वर्गों के कट-आफ परसेन्टाइल के आधार पर सी.एम.एस. के सर्वाधिक 169 छात्र जे.ई.ई. एडवान्स परीक्षा में शामिल होंगे। जनरल वर्ग का कट-आफ93.23621 परसेन्टाइल है।

श्री शर्मा ने बताया कि जे.ई.ई. मेन्स परीक्षा में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्रों में श्रेयांस चतुर्वेदी (99.89 परसेन्टाइल), यशार्थ सेंगर (99.73 परसेन्टाइल), अभिसार सिन्हा (99.73 परसेन्टाइल), अनिकेश अग्रवाल (99.72 परसेन्टाइल)।

# रोड शो शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी, कंगना व गोविल

**कानपुर।** कानपुर और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के शहरी हिस्से में पार्टी सभी बड़े नेताओं के कार्यक्रमों को रोड शो के रूप में ही कराने की योजना बना रही है। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का प्रस्ताव तो पहले ही भेज चुकी है, इसके साथ ही अब अभिनेत्री कंगना रनौत, दीपिका चिखलिया, अभिनेता अरुण गोविल के भी कार्यक्रम मांगे गए हैं। इनके भी रोड शो कराने की तैयारी है।

बढ़ते तापमान को देखते हुए भाजपा ने चुनाव में जनसभा करने का इरादा बदलना शुरू कर दिया है। पार्टी पहली बार कानपुर और अकबरपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री का रोड शो कराने की योजना तैयार कर चुकी है। इसका प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई है कि गर्मी को देखते हुए सभी बड़े नेताओं के रोड शो ही कराए जाएं। ये रोड शो कानपुर संसदीय क्षेत्र के सभी हिस्सों में और अकबरपुर संसदीय क्षेत्र के महाराजपुर,



कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्रों में कराने की योजना है।

गृह मंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को कानपुर, अकबरपुर, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद संसदीय सीटों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। टिकट को लेकर चल रहे तमाम विवादों को शांत करा वह चुनाव जीतने का मंत्र फूंकेंगे। वह 28 अप्रैल को इटावा की जनसभा के बाद शहर आएंगे और कानपुर और अकबरपुर संसदीय सीट की कोर कमेटी की अलग से बैठक करेंगे।

कानपुर और अकबरपुर संसदीय सीटों के साथ कई अन्य पर चल रहे विवादों को देखते हुए गृह मंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को कानपुर आएंगे। वह इटावा से शाम पांच बजे के करीब आएंगे। वह खलासी लाइन स्थित विजय विला में रात्रि विश्राम करेंगे। अमित शाह की शहर में समीक्षा बैठक के लिए बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय में अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में जिन पांच लोकसभा सीटों पर चौथे चरण में चुनाव हो रहा है, उन सीटों पर चल रही तैयारियों पर चर्चा करेंगे। इसके लिए लोकसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी भी बैठक में रहेंगे।

## अलीगढ़ में वोटिंग 26 अप्रैल को

**अलीगढ़।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान अलीगढ़ जिले में होने जा रहा है। इसके लिए पुलिस स्तर से सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और फोर्स को पूरी कमान सौंप दी गई है। एडीजी जोन ने ब्रीफ मीटिंग के बाद फोर्स को रवाना किया और साफ हिदायत दी गई कि किसी भी गड़बड़ी करने वाले से हर स्तर की सख्ती से निपटना है। पुलिस फोर्स को रवाना करने के लिए 24 अप्रैल को नुमाइश मैदान में ब्रीफ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी शलभ माथुर, डीएम विशाख जी, एसएसपी संजीव सुमन आदि अधिकारियों ने फोर्स को संबोधित किया। पांच विधानसभा क्षेत्रों के लोकसभा क्षेत्र में 15 हजार से अधिक जवान चुनाव कराने के लिए मौजूद रहे।

# बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मनाया मानव एकता दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** निरंकारी मिशन के पूर्व मार्गदर्शक युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में मानव एकता दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मथुरा जोन द्वारा हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर सत्संग आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा गुरबचन सिंह के लोक कल्याण की भावना को समर्पित परोपकारी जीवन एवं अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह की महान सेवाओं से प्रेरणा लेते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मथुरा में हुए सत्संग में मुख्य वक्ता संत निरंकारी सेवादल के संचालक अशोक दयालु ने जहां बाबा गुरबचन सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संपूर्ण जीवन को मानवता के कल्याणार्थ समर्पित बताया, वहीं दिल्ली में हुए मुख्य आयोजन में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने मानव एकता दिवस को बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओ को समर्पण के साथ याद करने का अवसर बताया।

उन्होंने कहा कि निराकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके, इसके लिए परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने मानव एकता दिवस के अवसर पर देशव्यापी शुरू हुई रक्तदान शिविरों की श्रृंखला का उद्घाटन करते हुए कहा कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है। जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है। रक्तदान, मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा मानव एकता दिवस पर संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पचास हजार 50,000 युनिट रक्त संग्रहित किया गया। मथुरा जोन द्वारा जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा की अध्यक्षता में आगरा के अर्जुन नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 201 निरंकारी भक्तों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। आगरा के इंचार्ज अमन मेहन्दरु , केंद्रीय ज्ञान प्रचारिका श्रीमती कांता मेहन्दरु, क्षेत्रीय सेवादल संचालक महेश चौहान आदि मौजूद रहे। कोसीकलां की आफिसर कालोनी स्थित निरंकारी भवन पर भी स्थानीय भक्तों ने बाबा गुरबचन सिंह जी की शिक्षाओं को याद किया।

# पूर्व सैनिकों की सैनिक बंधु बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सैनिक बंधु मीटिंग गुरुवार को संपन्न हुई जिसमें सैनिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखा।जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आदेश दिये और काफी समस्याओं का निस्तारण किया गया।

मीटिंग में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हयात उल्ला, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया, कैप्टन सुरेश सिंह, कैप्टन अनिल अवस्थी, कैप्टन शैलेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, राकेश यादव, बृजेंद्र चौहान, राधा रमन, सी पी सिंह, एस एस सेंगर, भगवानदास प्रशांतउपेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, नारायण सिंह, विश्राम सिंह, सोहन लाल, सर्वेश सिंह, धर्म देव शाक्य आदि के अलावा पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।अंत में जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया ने सैनिकों के सम्मान में जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्ताव रखा कि हमारे वीर और शहीद सैनिकों के नाम पर चौराहों का, मुहल्लों का नाम रखा जाना चाहिये, जिसपर प्रशासन ने नगर पालिका को अवगत कराया और बताया कि जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया और कर्नल हयात उल्ला नगर पालिका में जाकर इस विषय पर वार्तालाप करेंगे। इसी के साथ मीटिंग समापन हुई।

# एमवीडीए आवासीय परियोजनाओं में भूखंडों की दरें निर्धारित

**अवधनामा संवाददाता**

- ऑनलाइन पोर्टल पर होगा आवेदन

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित हनुमत विहार और गोविंद विहार आवासीय परियोजना के लांच होने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया गया है। हनुमत विहार में प्लॉट खरीद के रेट साढ़े 22 हजार और गोविंद विहार में साढ़े 21 हजार प्रति वर्ग मीटर के रेट निर्धारित किए गए हैं।2007-08 में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की वृंदावन छटीकरा रोड पर रुकमणि विहार आवासीय योजना के 16 साल बाद एमवीडीए दो आवासीय योजनाओं को धरातल पर लाया है। इसमें एक कॉलोनी छटीकरा गोवर्धन रोड पर गांव बाटी, मघेरा हनुमान मंदिर के समीप हनुमत विहार और दूसरी कॉलोनी जैत में सुनरख गांव के समीप गोविंद विहार है। इन दोनों कॉलोनियों का क्षेत्रफल 27-27 हेक्टेयर का है। इन आवासीय परियोजनाओं में विकास प्राधिकरण के भू उपयोग परिवर्तन की कार्रवाई के बाद सड़क बाउंड्रीवाल आदि विकास कार्य कराए हैं। हनुमत विहार में 237 और गोविंद विहार में 119 प्लॉट तैयार कराए गए हैं। विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंथन के बाद हनुमत विहार में साढ़े 22 हजार और गोविंद विहार में साढ़े 21 हजार प्रति वर्ग मीटर के रेट निर्धारित किए हैं।विप्रा की आवासीय योजनाओं में प्लॉट लेने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विप्रा के इस पोर्टल को एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएसआर के तहत विकसित किया गया है। इस पोर्टल पर प्लॉटों के लिए आवेदन कब प्रारंभ किए जाएं, इस पर विचार किया जा रहा है।छटीकरा-गोवर्धन रोड और जैत में विकसित हो रहीं आवासीय कॉलोनियां आगरा-एनसीआर क्षेत्र के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार हो रहीं हैं। धार्मिक पर्यटन के केंद्र वृंदावन और गोवर्धन के बीच आवासीय कॉरीडोर की संभावनाओं को तलाशने के दृष्टिगत ये दोनों कालोनियां महत्वपूर्ण हैं। स्थानीय लोगों के लिए तो यहां निवेश का अच्छा मौका होगा ही, बाहरी श्रद्धालुओं के लिए आवास का सबसे अच्छा विकल्प है। यही कारण है कि बेसब्री से लोग इस आवासीय योजनाओं का इंतजार कर रहे हैं।

## रापसुप ने की मतदान करने की अपील

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा संरक्षक और मथुरा जिला उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी सहित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने लोकतंत्र के महापर्व पर मथुरा जनपद के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा भारत दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र वाला देश है। दुनिया की निगाह इस समय भारत पर टिकी है इस लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भारत का नाम लोकतांत्रिक देशों की लिस्ट मैं और मजबूत करने के इरादे से मतदान करने अपने बूथ पर पहुंच कर लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें । मथुरा जिला उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि देश में विकास कार्यो के लिए जनता को भी अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकल कर मतदान करना चाहिए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला कोषाध्यक्ष दिनेश आचार्य ने कहा जनता के मतदान करने से ही देश में मजबूत सरकार चुनी जाती रही है देश विकास के रथ पर सवार हो इसलिए मतदान अवश्य करें।

# केएम में हो रहे है कैंसर के सफल ऑपरेशन

**अवधनामा संवाददाता**

- ईएनटी डाक्टर्स टीम ने किया राइट हैमी थाईराइड डैक्टोमी का सफल ऑपरेशन
- गले में ध्वनि यंत्र को सप्लाई देने वाली नस में हुए कैंसर का केएम हॉस्पिटल में हुआ सफल ऑपरेशन
- करीब 20 ग्राम की गांठ निकालकर केएम डाक्टर्स टीम ने दिया महिला को नया जीवन

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के ईएनटी डिपार्टमेंट के चिकित्सकों ने थायराइड ग्रंथि कैंसर का सफल ऑपरेशन किया है। ऑपरेशन के जरिए आगरा के किरावली क्षेत्र में रहने वाली शहनाज के गले से करीब 20 ग्राम की गांठ निकाली गई है। महिला के गले में यह गांठ पिछले तीन साल से थी, ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ है, वह खाना पीना खा रही है और बोल रही है। ईएनटी विभाग के डा. दीपक सिंघल, डा. निशांत गिल ने बताया कि शहनाज महिला पिछले तीन साल से गले में कैंसर युक्त गांठ की वजह से परेशान थी, महिला मरीज के पति ने उन्हें आगरा, भरतपुर के बड़े बड़े अस्पतालों में दिखा चुके थे लेकिन कहीं भी तकलीफ से निजात नहीं मिली। पैसे की कमी के वजह से भी इलाज नहीं करा पा रही थी। सबसे बेहतर बनी स्वास्थ्य के राजधानी कहलाने वाले अस्पताल केएम में शहनाज का पति लेकर पहुंचा, जहां ईएनटी नाक कान गला रोग विभाग के चिकित्सकों को दिखाया। गले की ध्वनि यंत्र को सप्लाई करने वाली नस में गांठ के होने से यह ऑपरेशन काफी रिस्की था। डाक्टर्स टीम ने राइट हैमी थाईराइड डैक्टोमी ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। महिला शहनाज को भर्ती करने के बाद निचेतना विभाग के डाक्टर्स द्वारा मरीज को पूरा बेहोश कर दिया गया। ईएनटी विभाग की डाक्टर्स टीम ने मरीज के गले में आठ सेंमी का चीरा लगाकर 20 ग्राम की थाईराइड ग्रंथी की गांठ(कैंसर) को बाहर कर सफल ऑपरेशन किया। राइट हैमी थाईराइड डैक्टोमी ऑपरेशन करने वाली टीम में डा. साक्षी जैन, डा. दीपक सिंघल, डा. निशांत गिल, डा. रबीना मेहरा, डा. शैली शैल, डा. तरल कचौरिया ने सहभागिता दिखाई।

ईएनटी डिपार्टमेंट की असिटेंट प्रोफेसर डा. साक्षी जैन ने बताया कि कोई छाला, या सूजन शरीर के किसी भी अंग में व्यक्ति के होती है तो डाक्टर्स से उसकी जांच तुरंत करवाएं, कैंसर का इलाज संभव है, प्रथम अवस्था में ही जांच करवाकर मरीज जल्द रिकवर हो सकता है। केएम में कैंसर का इलाज वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जा रहा है, कम खर्चे पर मरीजों का इलाज हो रहा है।

## सूचना साक्ष्यों सहित वाट्सअप पर भेजी जा सकती है

**इटावा।** वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी अधिकारी-निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा सोशल मीडिया पर राजनैतिक प्रचार, बल्क एसएमएस एवं वॉइस कॉल के माध्यम से अपना प्रचार किया जाता है तो इसकी सूचना निर्वाचन कन्ट्रोल रुम, कलैक्ट्रेट, इटावा के फोन नम्बर 05688-297655 पर दी जा सकती है। इसकी सूचना नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को व्हाट्सअप नं0 70372 54949 पर भी दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी कोई प्रचार सामग्री (पम्पलेट,पोस्टर आदि) आम जनता में चुनाव प्रचार हेतु बांटता है अथवा सार्वजनिक रुप से चस्पा करता है तो उसकी भी सूचना उपरोक्त नम्बर पर दी जा सकती है। यदि अभ्यर्थी द्वारा चुनाव प्रचार में कोई उपहार, निश्शुल्क सामग्री बांटी जाती है तो यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

## सर्वजन सुखाय पार्टी व बहुजन समाज पार्टी का आपसी चुनावी तालमेल

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** रामदास यादव प्रदेश महासचिव सर्वजन सुखाय पार्टी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जैसा कि सर्वविदित है कि सर्वजन सुखाय पार्टी व बहुजन समाज पार्टी का आपसी चुनावी तालमेल हुआ है जिसके तहत शिव प्रसाद यादव हाथी चुनाव चिन्ह पर मैनपुरी लोक सभा से चुनाव लड़ रहे है तथा सर्वजन सुखाय पार्टी समझौते के बहुजन समाज पार्टी को इटावा, फर्रुखाबाद व फिरोजाबाद में समर्थन करके जितायेगी। श्री रामदास ने कहा कि कन्नौज लोकसभा में सर्वजन सुखाय पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी रामबख्श वर्मा पूर्व सांसद का भरपूर समर्थन करेगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए कहा है।

# यमुना के पानी में घोल रहे थे 'जहर' अब भरेंगे करोड़ों का जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यमुना नदी में प्रदूषण के बढ़ने पर आगरा-मथुरा नगर निकायों पर सख्त टिप्पणी की है, साथ ही इस दोनों ही निकायों पर 65 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एनजीटी का कहना है कि नगर निकाय यमुना नदी में प्रदूषण को रोकने में असफल हुए हैं। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश के नगर निकाय पर करोड़ों का जुर्माना ठोक दिया है। राज्य के दो निकायों पर एनजीटी ने 65 करोड़ का जुर्माना लगा दिया है। यह जुर्माना आगरा-मथुरा वृंदावन के नगर निगमों पर लगाया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस जुर्माने के पीछे का कारण यमुना नदी में गंदे और प्रदूषित जल के प्रवाह न रोक पाना बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी के मुताबिक, राज्य के दो निकाय यमुना नदी में प्रदूषित पानी को नहीं रोक पाए, जो नियमों के खिलाफ है. एनजीटी के अध्यक्ष न्यायप्रकाश श्रीवास्तव ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नगर निकायों की यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह यमुना नदी की स्वच्छता का ख्याल रखें. लेकिन वह अपनी इस जिम्मेदारी में बुरी तरह फेल हुए हैं. यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर अपने चरम स्तर पर है। इस पीठ में न्यायिक सदस्य के तौर पर सुधीर अग्रवाल, ए. सेंथिल वेल शामिल थे, जिन्होंने करीब 200 पन्नों के फैसले में नगर निकाय को चेताया कि यमुना नदी में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही माफी के योग्य नहीं होगी। यमुना नदी में प्रदूषण के मसले पर जारी किए गए जुर्माने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ का पर्यावरण जुर्माना देना होगा, जबकि मथुरा-वृंदावन नगर निगम को 7.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। विशेषज्ञ सेंथिल वेल ने कहा कि नगर निकाय अगर यमुना नदी में प्रदूषित जल और दूसरी प्रदूषित सामग्री को रोकने में सफल होते तो यमुना नदी के गुणवत्ता पर इतना बुरा प्रभाव नहीं पड़ रहा होता। एनजीटी की ओर से लगाए गए जुर्माने की राशि को यमुना नदी की स्वच्छता में लगाया जाएगा, जिससे प्रकृति की इस अनोखी और बहुमूल्य संपदा को सुरक्षित किया जा सके. इसकी योजना सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड), यूपीपीसीबी और संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों की एक संयुक्त समिति के सहयोग से किया जाएगा।

## बॉबी शूटर गिरफ्तार , अधेड़ व्यक्ति की हत्या करने के बाद था फरार

**मथुरा।** थाना कोसीकलां के गांव फालैन में अधेड़ की हत्या के मामले में वांछित बॉबी शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया है। फालैन निवासी मूलचंद बीती 20 अप्रैल को नातिनी तेजस्वी को स्कूल से लेकर आ रहे थे, तभी रास्ते में नारायन सिंह, नरेश, तेज सिंह, राहुल, बॉबी, बाला, विद्या ने मूलचंद की पिटाई की, जिससे घुटनों के नीचे गंभीर चोट आई। उपचार के दौरान मूलचंद की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जिसकी जांच में पता लगा कि मोबाइल फोन घटना के समय आरोपी बॉबी शूटर के पास था। घटना के दौरान उक्त मोबाइल फोन का प्रयोग किया गया।

# एसएमजीआई बीएससी नर्सिंग में पलक बनी टॉपर

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस इटावा द्वारा संचालित सर मदनलाल कॉल। ज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल संबद्ध अटल बिहारी बाजपेई विश्विद्यालय(लखनऊ)के बीएससी नर्सिंग के प्रथम सेमेस्टर में पलक यादव ने 72 प्रतिशत अंको के साथ कालेज टॉप कर दिया। कालेज की छात्रा अनुप्रिया 69.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर रही। चारू यादव ने 69.2 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंबुज कुमारी ने 68 प्रतिशत अंको के साथ चौथा स्थान और मेघा वर्मा ने 68 प्रतिशत अंको के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। तृप्ति शाक्य ने भी 68 प्रतिशत अंकों के साथ कालेज में छठवां स्थान प्राप्त किया तो वहीं छात्रा पार्वती 67.6 प्रतिशत अंको के साथ सातवें स्थान पर रहीं। इस अवसर पर चेयरमैन एसएमजीआई डॉ.विवेक यादव ने सभी बच्चों को बेहतर परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, एसएमजीआई हमेशा से ही जनपद में अपने श्रेष्ठ परिणामों और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रणाली से पहचाना जाता है।

# नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म सहेली की संलिपितता आई प्रकाश में

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना कोसीकलां क्षेत्र के एक गांव की 13 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात में उसकी सहेली की संलिप्तता सामने आई है। बुधवार को पीड़िता ने इसका खुलासा किया। इधर, परिवार वालों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी बेटी को पुलिस ने बरामद कर लिया। बेटी ने खुद के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात बताई। इसके साथ ही दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

बुधवार को किशोरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस बयान के लिए उसे मथुरा लेकर आई। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे वह चारपाई पर सो रही थी। तभी पड़ोसी सहेली उसके पास आई और जगाकर अपने साथ ले गई। घर के सामने ले जाकर कहा कि यहां खड़े रहना। इसके बाद वह अपने घर में घुस गई और दरवाजा बंद कर लिया। तभी पांच युवक आए और उसे उठाकर खेत में बनी एक कोठरी में ले जाकर दरिंदगी की। तमंचा दिखाकर धमकाया कि किसी को भी इस वारदात के बारे में जानकारी दी तो परिवार को जान से मार देंगे। किशोरी के अनुसार इसी बीच एक आरोपी को उसकी सहेली ने फोन किया और बताया कि उसके गायब होने की बात सबको पता लग गई है। परिवार वाले उसे तलाश रहे हैं। इसी बीच वह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पास ही एक गांव में अपनी सहेली के घर पहुंची। सहेली के पिता ने उसके परिजनों को जानकारी दी।

मुकदमा दर्ज कराने वाले किशोरी के चाचा ने आरोप लगाया कि उनकी भतीजी को पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके बाद उससे पूछताछ की। भतीजी ने साफ तौर पर खुद के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात कही। इसके बाद भी पुलिस ने सिर्फ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कराने के लिए पहले लिखी गई तहरीर को बदलवा दिया। किशोरी ने बताया कि वह मंगलवार को घर लौटकर आई तो उसने सहेली से बात की। उसके बारे में सभी को बताने की धमकी दी। तब उसने बताया कि मोनू पुत्र रमेश, गोपाल पुत्र प्रताप व तीन अज्ञात व्यक्ति निवासी खिटाविटा, कोसीकलां उसे लेकर गए थे। किशोरी ने बताया कि नामजद आरोपी उसके घर के पास संचालित जिम में आते हैं। कोसीकलां इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा था। रिपोर्ट आने पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। पीड़िता जिस सहेली के विषय में बता रही है। उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## रोज़गार मेला 2 मई को

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायन ग्रुप ऑफ इन्टीट्यूशन्स आलमपुर हौज आगरा रोड द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0कानपुर के सहयोग से विशाल रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 2 मई 2024 दिन गुरूवार को किया जा रहा है। जिसमे 30 से अधिक कम्पनियॉ प्रतिभाग कर रही है। ग्रेजुएट, अण्डर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट सभी विशयों के छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकते है। सम्पर्कसूत्र- 9557314706, 9027614812, 8630177748

## ना छूटे कोई वोटर ना कोई सपोर्टर

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी हर रणनीति को सफल बनाने की किलेबंदी की है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज की फूलपुर एवं इलाहाबाद की दोनों सीट प्रचंड बहुमत के साथ जीतने के लिए समाज के हर वर्ग को साध रही है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रकोष्ठ और प्रकल्प की टीम को सक्रिय रूप से प्रभावी कर रखी है। उन्होंने कहा कि ना छूटे कोई वोटर ना छूटे कोई सपोर्टर की विशेष कार्य योजना को लेकर व्यापारी समाज, शिक्षक समाज, श्रमिक समाज, बुनकर समाज, चिकित्सक समाज, महिला समूह, सामाजिक सांस्कृतिक कलाकार समूह, एनजीओ समूह, पंचायत समूह के सम्मानित लोगों के साथ सामूहिक बैठक एवं सम्मेलन के माध्यम से उन्हें सम्मानित करते हुए भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने की तैयारी कर रखी है। अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के समाज को साधने के लिए अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति समाज का सम्मेलन और असंख्यक समाज को साधने के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा अल्पसंख्यक समाज का सम्मेलन विधानसभा एवं लोकसभा स्तर पर करने की तैयारी है।

# मथुरा में ग्रामीणों ने किया मतदान के बहिष्कार का एलान

**अवधनामा संवाददाता**




**राया (मथुरा)।** सामान्य लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए कल आज मतदान होना है ऐसे में एक गांव के लोगों के द्वारा मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है प्रशासनिक अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों को मतदान करने के लिए सहमत करने पर जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार जनपद के विकास खण्ड राया के गांव नगला भरऊ गढ़ में ग्रामीणो ने लामबंद होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का एलान किया है। दस वर्ष पूर्व सन 2014 में भी ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था जिसकी सूचना पर जिला प्रशासन के अधिकारी तत्काल गांव में पहुच गए थे उन्होंने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मतदान करने पर मना लिया था। ग्रामीण रमेशचंद्र ने बताया कि गांव का अनोडा सम्पर्क मार्ग से जुड़ा होने के बाबजूद भी गांव की सड़क का अभी तक निर्माण नही कराया गया है। सरकारी आश्वासन के बाबजूद भी ग्रामीण उबड़ खाबड़ रास्ते से निकलने को मजबूर है। सड़क में दो दो फुट के गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में सड़क पर पानी भर जाने के कारण दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके है जिसको लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाब का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस दौरान सुभाष चन्द्र कालीचरन गोपीचंद दलवीर सिंह मुन्नालाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अभी अपनी मांग पर जमे हुए है।

# बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी के साथ डीएम ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से बचाव हेतु की जाने वाली तैयारी के सम्बंध में जिलाधिकारी आजमगढ़ की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक किया गया। बैठक में सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी (वित्तराजस्व) आजाद भगत सिंह द्वारा जनपद में बहने वाली मुख्य नदियों घाघरा एवं तमसा का विवरण बताया गया। बदरहुआ नाला पर स्थापित वाटर गेज पर घाघरा नदी का चेतावनी, खतरा बिंदू का विवरण के साथ साथ विगत वर्षों में कब कब बाढ़ आई विस्तृत से बताया गया। जनपद तहसील सगड़ी में बाढ़ प्रभावित ग्रामों के बारे में बताया गया जिसमें यह बताया गया कि तहसील सगड़ी के 125 गांव ऐसे हैं, जो बाढ़ से प्रभावित होते हैं। जनपद में कुल 20 स्थान पर राहत शिविर स्थापित किया जाएगा। आगे उन्होने बताया गया कि विगत वर्षो के भातिं इस वर्ष भी नाव का उपयोग किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को बाढ़ की कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देश दिए गए तथा कहा कि 15 जून से मानसून आने की संभावना होती है, अभी सभी विभाग के पास पर्याप्त समय है, वे अपनी तैयारी पूर्ण कर लें। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता बाढ को निर्देश दिया कि उनके विभाग की कोई योजना का संचालन हो रहा हो तो उस कार्य को प्रत्येक दशा में 15 जून से पूर्व पूर्ण करा लें। बाढ़ में उपयोग में ली जाने वाली नावों के दर का पुनः निर्धारण कर लिया जाए, दर का निर्धारण करते समय नाव की क्षमता अवश्य देखी जाए। विभागों के पास उपलब्ध उपकरणों की जांच कर लें, यदि किसी विभाग के पास किसी उपकरण की आवश्यक हो तो तत्काल उसकी मांग कर लिया जाए। उन्होने कहा कि जनपद में स्थापित होने वाले राहत शिविरों में समस्त मूलभूत सुविधाएं अवश्य मिलें, यदि किसी चीज की आवश्यकता हो तो उसकी तैयारी अभी से कर लें तथा सभी राहत शिविर में सोलर लाइट अवश्य रूप से लगाई जाए। अर्ली वार्निंग हेतु लगने वाले पी0ए0 सिस्टम में स्थान को चिन्हित कर लिया जाए, स्थान को चिन्हित करते समय बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत शिविर अवश्य रूप से चिन्हित किया जाएगा। पशुओं हेतु भूसा की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन एवं एन्टी स्नेक वैनम रखा जाएगा। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए खाद्यान की व्यवस्था की जाए, बाढ़ से प्रभावित किसी भी व्यक्ति को किसी चीज की कमी न होने पाए तथा किसी भी दशा में बाढ़ से कोई जनहानि नही होनी चाहिए, यह सुनिश्चित किया जाए। उक्त के अतिरिक्त वर्तमान में चल रही गर्मी से बचाव हेतु भी जिलाधिकारी ने समस्त विभाग को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि पेयजल हेतु पर्याप्त मात्रा में टैंकर लगाए जाए, पशुओं हेतु भी पानी का उचित प्रबंध किया जाए, अग्निकांड की घटनाओं को कम करने हेतु अग्निशमन विभाग को तत्पर रहने हेतु निर्देशित किया गया।

# राहुल बनाम संजू, आवेश बनाम बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को।

समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिये एक



मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है। पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिये आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सकते हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिये केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाये हैं। अक्षर ने सात विकेट लिये हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा के जबड़े से जीत छीनी

मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी सात मिनटों मे तीन गोल कर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के पहले चरण के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को यहां एफसी गोवा को 3-2 से शिकस्त दी। गोवा के घरेलू मैदान पर मुम्बई सिटी 90वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन लालियानज ुआला छांगटे ने 90वें और 90+6वें जबकि विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 90+1वें मिनट में गोल करके पूरी बाजी पलट दी। छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच का पहला गोल 16वें मिनट में आया, जबबोरिस सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिला दी। कप्तान ब्रैंडन फर्नांडीस ने 56वें मिनट में गोवा की बढ़त दोगुनी कर दी। जब लग रहा था कि टीमआसानी से जीत की तरफ बढ़ रही है तब मुंबई सिटी ने पलक झपकते ही मैच का पासा पलट दिया। इस सेमीफाइनल मुकाबले का दूसरा चरण मंबई में सोमवार को खेला जायेगा।

# हो गया पक्का अब चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम!

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है। लेकिन उससे पहले इस पर पेंच फंसता नजर आ रहा है। दरअल, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं इस पर कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा? इस पर पीसीबी ने बयान दिया है।

दरअसल, पीसीबी के एक सूत्र का कहना है कि, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो पीसीबी विकल्पों पर विचार करेगा। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत अगले साल



पड़ोसी देश में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा।

पीसीबी के सूत्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के सासथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो।

वहीं सूत्र ने कहा कि, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है। इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छु हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है।

# गुकेश ने विश्वनाथन आनंद को दिया जीत का श्रेय, कहा विशी सर नहीं होते तो आज जहां हूं उसके करीब नहीं होता

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुएबृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी



से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।

गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। उन्होंने कहा काफी अपेक्षायें हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि मेरी जीत के देश के लिये क्या मायने हैं। जोश से भरे बच्चों को इस तरह मेरा स्वागत करते देखकर अच्छा लगा। यह काफी खास है और मेरे लिये बहुत मायने रखता है।

# दिल्ली ने गुजरात को आखरी गेंद पर दी मात, पंत और अक्षर ने खेली अर्धशतकीय पारी

बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। इस दौरान कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। वहीं गुजरात की तरफ से साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (06) का विकेट गंवाने के बाद 67 रन बनाए। गिल ने एनरिक नोर्किया पर चौका जड़ने के बाद उनकी गेंद को मिड ऑफ पर अक्षर के हाथों में खेल दिया। साहा और साई सुदर्शन ने इसके बाद पारी



को संभाला। साहा ने खलील अहमद की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोलने के बाद इस तेज गेंदबाज के दूसरे ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा। साई सुदर्शन ने भी नोर्किया पर छक्के से खाता खोलने के बाद इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में लगातार दो चौके मारे। वह हालांकि रसिक सलाम की पहली ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने मिड ऑन पर उनका आसान कैच टपका दिया। साई सुदर्शन ने अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे लेकिन कुलदीप ने साहा को अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया। सुदर्शन ने कुलदीप की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अक्षर के पारी के 11वें ओवर में जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अजमतुल्लाह उमरजई (01) का शानदार कैच लपककर टाइटंस का स्कोर तीन विकेट पर 98 रन किया। इसी ओवर में टाइटंस का शतक पूरा हुआ। रसिक ने साई सुदर्शन को लॉन्ग ऑफ पर अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को बड़ा झटका दिया और फिर शाहरूख खान (08) को पंत के हाथों कैच कराया।

मिलर हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने मुकेश कुमार पर लगातार दो चौकों के बाद रसिक की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 78 रन की जरूरत थी। कुलदीप ने 16वें ओवर में राहुल तेवतिया (04) को पंत के हाथों कैच कराया जबकि इस ओवर में सिर्फ पांच रन बने। मिलर ने नोर्किया के अगले ओवर में तीन छक्कों और एक चौके से 24 रन बटोरे। उन्होंने इस बीच 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

मुकेश कुमार ने अगले ओवर में मिलर को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर रसिक के हाथों कैच कराके दिल्ली का पलड़ा भारी किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर में 37 रन की दरकार थी। राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 21) ने रसिक पर चौका और साई किशोर (13) ने लगातार दो छक्के जड़कर 18 रन बटोरे लेकिन साई किशोर अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए। मुकेश के अंतिम ओवर में राशिद ने दो चौके और एक छक्का मारा लेकिन जीत के लिए जरूरी 19 रन नहीं बना पाए। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पृथ्वी साव (11) और फ्रेजर-मैकगर्क (23) ने अजमतुल्लाह उमरजई के पहले ओवर में चौके से खाता खोला।

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने गृह मंत्रालय से अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का अनुरोध किया



सलमान खान के घर फायरिंग मामले में अहम घटनाक्रम में मुंबई क्राइम ब्रांच ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का अनुरोध किया है। अनमोल बिश्नोई ने घटना के कुछ घंटों बाद अपने फेसबुक प्रोफाइल के जरिए सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी. इस सप्ताह की शुरुआत में, मुंबई क्राइम ब्रांच ने गोलीबारी की घटना में इस्तेमाल की गई दूसरी बंदूक बरामद की। सूरत की तापी नदी से तीन मैगजीन के साथ बंदूक बरामद की गई।

16 अप्रैल को कच्छ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दिया। बाद में, शहर की एक अदालत ने गोलीबारी की घटना के सिलसिले में दोनों आरोपियों को 25 अप्रैल तक मुंबई अपराध शाखा की हिरासत में भेज दिया। आरोपियों की पहचान बिहार के विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के रूप में हुई, जिन्हें मेडिकल जांच के बाद अदालत में पेश किया गया।

मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक, कथित तौर पर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले शूटरों के पास दो बंदूकें थीं और उन्हें 10 राउंड गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था. 14 अप्रैल की सुबह, दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और अभिनेता के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर चार गोलियां चलाईं। घटना के बाद हमलावर तेजी से मौके से भाग गए। निगरानी फुटेज से पता चला कि दोनों संदिग्धों ने टोपी पहन रखी थी और बैकपैक ले रखा था।

अनजान लोगों के लिए, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार की धमकियों के बाद 2022 में सलमान की सुरक्षा का स्तर वाई-प्लस तक बढ़ा दिया गया था। अभिनेता को व्यक्तिगत बन्दूक ले जाने के लिए भी अधिकृत किया गया था और अतिरिक्त सुरक्षा के लिए उन्होंने एक नया बख्तरबंद वाहन भी खरीदा है।

# अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2024 मिला, रणदीप हुड्डा भी स्टेज पर रहे मौजूद

बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन को दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमिताभ बच्चन ने दिवंगत गायिका लता मंगेशकर को याद करते हुए अपने भावुक विचार साझा किए। बता दें, बिग बी को यह पुरस्कार संगीत, कला, संस्कृति और सामाजिक कार्यों में उनके अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया है।

बिग बी ने इस कार्यक्रम के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा सेट के साथ बहुरंगी शॉल पहनी थी। उनके साथ, शिवांगी कोल्हापुरे, रणदीप हुडा, एआर रहमान और महाराष्ट्र भूषण 2023 के विजेता अशोक सराफ जैसे कई प्रसिद्ध कलाकारों को मंच पर देखा जा सकता है।

ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार एआर रहमान, जो



इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए अपने एल्बम के लिए प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं, को संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

अनुभवी अभिनेता को यह पुरस्कार 24 अप्रैल को उनके पिता और थिएटर-संगीत के दिग्गज दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। बिग बी को यह पुरस्कार मिलना उनके प्रशंसकों के लिए गर्व की बात है। भारतीय सिनेमा के शहंशाह अमिताभ बच्चन एक ऐसा नाम है जिसने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री में बल्कि पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनका फिल्मी सफर संघर्ष, सफलता, उतार-चढ़ाव और फिर शिखर तक पहुंचने की कहानी है। इसके अलावा, अनुभवी अभिनेता ने अब तक 200 फिल्मों में अभिनय किया है और अगली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म कल्कि 2898 ई. में दिखाई देंगे।

जो लोग नहीं जानते उनके लिए बता दें कि लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा की गई है। यह पुरस्कार हर साल उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, उसके लोगों और समाज के प्रति अग्रणी योगदान दिया हो। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी इसके पहले प्राप्तकर्ता थे, उसके बाद 2023 में लता मंगेशकर की बहन आशा भोंसले थीं। यह पुरस्कार हर साल संगीत, कला, संस्कृति और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।

# संजय लीला भंसाली की हीरामंडी का आया पहला रिव्यू, जानें कैसी है वेब सीरीज?

***हीरामंडी पहली समीक्षा:*** संजय लीला भंसाली की लंबे समय से ***प्रतीक्षित श्रृंखला, हीरामंडी:*** द डायमंड बाज़ार, अगले सप्ताह नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है और ऐसा लगता है कि यह सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। यह सीरीज स्वतंत्रता-पूर्व, ब्रिटिश शासित भारत और वेश्याओं के कुलीन घराने के खिलाफ आधारित है। हीरामंडी में शानदार स्टार कास्ट है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख शामिल हैं। श्रृंखला में फरदीन खान, अध्ययन सुमन और शेखर सुमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

बुधवार को, नेटफ्लिक्स इंडिया ने एक भव्य प्रीमियर की मेजबानी की और सलमान खान, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, रेखा और जेनेलिया देशमुख जैसे कई सितारों ने प्रीमियर में भाग लिया। जेनेलिया हीरामंडी की समीक्षा साझा करने वाले पहले लोगों में से थीं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर अपनी समीक्षा के साथ प्रशंसित फिल्म निर्माता के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा अभी हीरामंडी के 2 एपिसोड देखे और मुझे इससे और अधिक की चाहत है। क्या दुनिया है, क्या यात्रा है आप हमें संजय सर तक ले जाते हैं। हमेशा की तरह मंत्रमुग्ध। पूरी कास्ट को बहुत पसंद किया, बहुत



पसंद किया और क्रू द्वारा भी क्या शानदार प्रयास किया गया। नेटफ्लिक्स, यह वास्तव में विशेष है।

***हीरामंडी:*** द डायमंड बाज़ार 1 मई को रिलीज़ होने वाली है। ट्रेलर इस महीने की शुरुआत में रिलीज़ किया गया था और इसने प्रशंसकों को उस समय में पहुँचा दिया जब वेश्याएँ सम्राट के रूप में शासन करती थीं। 1940 के दशक में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अशांत पृष्ठभूमि पर आधारित, वेश्याओं और उनके ग्राहकों की कहानियों के माध्यम से, श्रृंखला हीरा मंडी के इसी नाम के क्षेत्र की सांस्कृतिक वास्तविकता की जांच करती है। श्रृंखला में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख तवायफों की भूमिका में हैं, जो नवाबों को अपने नियंत्रण में रखने से लेकर अंग्रेजी उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने तक का सफर तय करती हैं। फरदीन खान, ताहा शाह बदुशा, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन ने नवाब की भूमिका निभाई है।

# पहले संजय दत्त और अब तमन्ना भाटिया, बॉलीवुड के बड़े-बड़े सितारों को अपने चंगुल में लपेट रही है आईपीएल की अवैध स्ट्रीमिंग की जांच



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपी एल) की अवैध स्ट्रीमिंग से जुड़े एक मामले में अब अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का नाम सामने आया है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि तमन्ना को महाराष्ट्र साइबर सेल ने पूछताछ के लिए बुलाया है। जाहिर है, इस मामले में पहले संजय दत्त को भी समन भेजा गया था, लेकिन वह पेश नहीं हो सके। अभिनेता ने अब अपना बयान दर्ज कराने के लिए नई तारीख मांगी है।

एएनआई के मुताबिक, आईपीएल 2023 मैचों की अवैध स्ट्रीमिंग के मामले में तमन्ना भाटिया को 29 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। कथित तौर पर अवैध स्ट्रीमिंग के कारण कंपनी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। समाचार एजेंसी ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, महाराष्ट्र साइबर ने फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग के संबंध में अभिनेता तमन्ना भाटिया को पूछताछ के लिए बुलाया, जिससे वायाकॉम को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। उन्हें 29 अप्रैल को महाराष्ट्र साइबर के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

उपर्युक्त पोर्टल से पता चला कि संजय दत्त को भी 23 अप्रैल को महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। संजय पूछताछ के लिए आने में विफल रहे क्योंकि वह उस तारीख को देश में नहीं थे। पोर्टल ने कहा, अभिनेता संजय दत्त को भी इस सिलसिले में 23 अप्रैल को तलब किया गया था लेकिन वह उनके सामने पेश नहीं हुए थे। इसके बजाय, उन्होंने अपना बयान दर्ज करने के लिए तारीख और समय मांगा था और कहा था कि वह तारीख पर भारत में नहीं थे।

टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, 18 ने सितंबर 2023 में एक शिकायत दर्ज की, जिसमें फेयर प्ले ऐप पर उनके बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। कथित तौर पर, नेटवर्क के पास विशेष अधिकार होने के बावजूद, ऐप अपने प्लेटफॉर्म पर अवैध रूप से आईपीएल मैचों की स्ट्रीमिंग कर रहा था। नेटवर्क को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। समाचार पोर्टल ने उल्लेख किया कि रैपर बादशाह, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और तमन्ना भाटिया और अभिनेता संजय दत्त सहित उद्योग की कई हस्तियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दिसंबर 2023 में ऐप के एक कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया गया था।

फेयर प्ले ऐप में कई खेलों की सुविधा है। जिनमें क्रिकेट सबसे ज्यादा लोकप्रिय है. फुटबॉल, टेनिस, पोकर, कार्ड गेम हैं। गेम देखने के अलावा आप जुए से भी पैसे कमा सकते हैं। ज्ञात हो कि इस ऐप ने कई आईपीएल मैचों को अवैध रूप से स्ट्रीम किया था। लेकिन जो किया ही नहीं जा सकता. क्योंकि दो निजी कंपनियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये के बदले बीसीसीआई से आईपीएल के प्रसारण अधिकार (डिजिटल और टीवी) खरीदे हैं। वे वही हैं जिन्हें कानूनी तौर पर आईपीएल दिखाने की अनुमति है। इस मामले में सिंगर बादशा और एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज भी शामिल हैं. अभिनेता रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर पिछले साल इसी महादेव ऐप का विज्ञापन करके फंस गए थे। ईडी ने उन्हें दोबारा बुलाया. अब देखते हैं कि तमन्ना-संजय के लिए क्या इंतजार है। काम के मोर्चे पर, तमन्ना की समृद्ध फिल्मोग्राफी में कुछ दिलचस्प चीजें शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म ओडेला 2 की घोषणा की है। वह जॉन अब्राहम अभिनीत वेदा में अभिनय करेंगी और उनकी झोली में तमिल फिल्म अरनमनई 4 भी है। अब, प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि एक अभिनेत्री के रूप में अपनी क्षमता दिखाने के लिए पावरहाउस कलाकार और क्या पेशकश करेगा।

# देवव्रत सिंह के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल

## राजा देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी



**राजनांदगांव।** खैरागढ़ के पूर्व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल पर चुनाव प्रचार के दौरान तलाकशुदा पत्नी पद्मा सिंह को पत्नी के रूप में प्रचारित करने के मामले में कड़ी आपत्ति जताई। विभा सिंह खैरागढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह की दूसरी पत्नी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरे स्वर्गीय पति पूर्व विधायक राजा देवव्रत सिंह के नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल कर पूर्व सीएम भूपेश बघेल वोट बटोरने में लगे हुए हैं।कुछ दिन पहले मुझे एक वीडियो फुटेज सोशल मीडिया के माध्यम से मिला, जिसमें राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिला में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं खुद भूपेश बघेल के द्वारा प?द्मा देवी को पूर्व विधायक स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की वर्तमान पत्नी बता कर आम जनता को गुमराह कर वोट मांगा जा रहा है। जबकि प?द्मा देवी साल 2011 में ग्यारह करोड़ रुपये लेकर राजा देवव्रत सिंह एवं बच्चों व क्षेत्र की आम जनता को बेसहारा छोड़ कर चली गई थीं। जिसके बाद पद्मा देवी ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी नितिन पंथ के साथ शादी की और दिल्ली में उनके साथ रहती हैं।लेकिन अब वह अपने निजी स्वार्थ के चलते फिर से खैरागढ़ की जनता के बीच आकर अपने आप को स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की पत्नी बताकर भूपेश बघेल के लिए वोट मांग रही हैं। जब मेरे पति देवव्रत सिंह कांग्रेस पार्टी में थे, तब कांग्रेस पार्टी ने उनको बार-बार बेइज्जत कर खून के आंसू रुलाया। जिसके चलते उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।लेकिन आज उनके नाम का इस्तेमाल कर प?द्मा देवी एवं भूपेश बघेल उनकी आत्मा को और मेरी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। जब मेरे पति पूर्व विधायक स्वर्गीय देवव्रत सिंह की मौत उदयपुर (छुईखदान) में हुई तब मैं दिल्ली में थी। सूचना मिलने पर मैं तत्काल उदयपुर पहुंची थी। मेरे पति का स्वास्थ्य मेरे दिल्ली जाने से पहले ठीक था। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। जिसके चलते मुझे उनकी आकस्मिक निधन पर संदेह हुआ, तो मैंने मौत की जांच कराने की बात रखी।इस दौरान भूपेश बघेल के संरक्षण में प?द्मा देवी और कांग्रेस पार्टी के गुंडों ने मिलकर महल में तोड़-फोड़ करवा दी। यहां तक की मेरे ऊपर जानलेवा हमला भी कराया गया, जो अत्यधिक निंदनीय है। मैं विभा देवव्रत सिंह छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी एवं भूपेश बघेल से प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कुछ सवाल पूछना चाहती हूंमेरा कांग्रेस पार्टी से कुछ सवाल हैं जिसे भूपेश बघेल बताएं। मेरे निजी सुरक्षा कर्मियों को क्यों हटाया गया? राजा साहब की निजी चार पहिया वाहन में पुलिस ने जैमर क्यों लगाया? उदयपुर में जो बलवा हुआ वह पूर्व से सुनियोजित था जिसकी जानकारी पूर्व शासन को थी, उसके बाद भी व्यापक भीड़ इकट्ठी कैसे हो गयी? उदयपुर में मुझपर जानलेवा हमला हुआ, मुझे जान से मारने की कोशिश क्यों की गई मैंने लगातार पूर्व सीएम भूपेश बघेल एवं जिला एसपी राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के डीजीपी को पत्र लिखकर लगातार सुरक्षा की मांग की, लेकिन हमला करने वालों को सुरक्षा दी गई मुझे क्यों नहीं?

# लॉन्ग वीकेंड से गौतमबुद्ध नगर के हाईराइज में क्या रहेगा रुझान, पहली बार सोसायटियों में बने बूथ

एजेंसी



**ग्रेटर नोएडा।** दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। 26 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके साथ ही गुरुवार से ही आम लोगों के लिए एक लंबे वीकेंड की शुरुआत हो रही है। देखने वाली बात होगी कि हाईराइज सोसायटी में रहने वाले मतदाताओं का क्या रुझान रहता है। वह 3 दिन की छुट्टी मनाएंगे या मतदान करेंगे।गौतमबुद्ध नगर की इन हाईराइज सोसायटी में करीब 4 से 5 लाख मतदाता रहते हैं। लंबे वीकेंड में कई लोगों ने बाहर घूमने का प्लान बना रखा है। जिला प्रशासन मतदान के लिए लगातार लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरीके के जागरूकता प्रोग्राम चला चुका है।ग्रेटर नोएडा वेस्ट के महागुण सोसायटी में रहने वाले भगवंत सिंह का कहना है कि उन्होंने आज शाम से ही पहाड़ों पर घूमने जाने का प्रोग्राम बना रखा है। उनके बच्चे के ऑनलाइन क्लासेस चल रही हैं और लंबा वीकेंड होने के चलते उन्हें भी छुट्टी मिल गई है। उनका कहना है कि उनके एक वोट डालने से क्या होगा। कुछ ऐसी ही सोच कई और लोगों की भी है। अब देखने वाली बात होगी कि इन बड़ी-बड़ी सोसाइटियों में रहने वाले लोग प्रशासन के जागरूकता कार्यक्रम के चलते कितनी संख्या में मतदान बूथ पर पहुंचते हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से पहली बार हाईराइज सोसायटी में बूथ बनाए हैं। जागरूकता कार्यक्रम अलग से चलाए जा रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में भी टीमें जाकर छात्रों को मतदान करने और अपने परिजनों और आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक कर रही हैं।इसी कड़ी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने जूम ऐप के माध्यम से लगभग 200 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक भी की। इस बैठक में सभी प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा शैक्षिक दृष्टि से बहुत अग्रणी है। इसलिए स्कूल प्रधानाचार्य/शिक्षक/कर्मचारीगण अधिक से अधिक वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करें तथा छात्रों के माध्यम से उनके अभिभावकों को इस आशय की शपथ/संकल्प कराएं कि वह अपने माता-पिता परिवार तथा आस-पड़ोस के सभी सदस्यों को वोट डालने के लिए कहें।

## क्विक न्यूज

### पटना रेलवे स्टेशन के पास होटल में लगी आग, काबू पाने की कोशिश जारी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को एक बहुमंजिला होटल में आग लग गई। चल रही पछुआ हवा के कारण आग तुरंत पूरे होटल में फैल गई। पुलिस के मुताबिक, पटना जंक्शन के पास एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन दस्ते की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई इस दुर्घटना में कुछ लोगों के फंसे होने की भी आशंका जताई गई है। फंसे लोगों को निकाला जा रहा है।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग से बड़ी क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि भीषण गर्मी और तेज पछुआ हवा के कारण बिहार में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### इंडिया गेट के पास आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इंडिया गेट के पास एक व्यक्ति ने देर रात आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी।मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा निवाली प्रभाकर (25) के रूप में की गई है।अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि आइसक्रीम विक्रेता अपने ठेले (गाड़ी) के पास खड़ा था, तभी एक व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया।राहगीरों ने उसे जमीन पर पड़ा हुआ देखा। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच में व्यक्तिगत दुश्मनी का पता चला है। हालांकि, पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट बना भारतीय पासपोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट है, ऐसा एक स्टडी में पाया गया है। भारत का पासपोर्ट दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट होने के साथ वैलिडिटी की सालभर की लागत के हिसाब से यह दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट है। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट शीर्ष पर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म कॉम्पेयर द मार्केट एयू ने अपनी स्टडी में विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत को लेकर तुलना की है। स्टडी में पासपोर्ट की वैलिडिटी की हर साल लागत की भी तुलना की गई है। इसमें यह तुलना भी शामिल है कि किसी देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री मिल सकती है।ऑस्ट्रेलियाई फर्म की तरफ से जारी प्रेस बयान के मुताबिक, 10 साल की वैलिडिटी के लिए भारतीय पासपोर्ट की कीमत 18.07 डॉलर (1,505 रुपये) है, जबकि यूएई 5 साल के पासपोर्ट के लिए 17.70 डॉलर (1,474 रुपये) का शुल्क लेता है। भारतीय पासपोर्ट सस्ता है लेकिन यह सीमित देशों में ही वीजा फ्री एंट्री प्रदान करता है। भारतीय पासपोर्टधारी केवल 62 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं। यह ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा जैसे देशों के उलट है, जिनके पासपोर्ट महंगे हैं लेकिन वो अधिक देशों में वीजा फ्री एंट्री देते हैं। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट हर मामले में शीर्ष पर रहा चाहे वो दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट हो या फिर वीजा फ्री एक्सेस का मामला हो।स्टडी में कहा गया कि सालभर की लागत के हिसाब से भारतीय पासपोर्ट सबसे सस्ता है।

# हाई सिक्योरिटी के बीच ईवीएम के साथ पोलिंग पार्टियां रवाना, स्ट्रांग रूम के पास नो ट्रैफिक जोन

एजेंसी



**नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर नोएडा के फूल मंडी फेस-2 से गुरुवार को पोलिंग पार्टियां ईवीएम के साथ पोलिंग बूथ के लिए रवाना हुईं। इसके लिए हाई सिक्योरिटी और यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया। फूल मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इसके आसपास इलाके में नो ट्रैफिक जोन रखा गया है। सभी पोलिंग सेंटर पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी एवं वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गई है।गौतम बुद्ध नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया था कि 25 अप्रैल को फूल मंडी फेस-2 नोएडा से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम के साथ में पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान कार्मिक गुरुवार सुबह 5 बजे फूल मंडी फेस-2 नोएडा पहुंच जाएंगे और नोएडा दादरी तथा जेवर विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि पोलिंग पार्टियों को ईवीएम और मतदान सामग्री वितरण कर रवाना करने के उपरांत रिजर्व ईवीएम मशीनों को फूल मंडी फेस-2 नोएडा से कलेक्ट्रेट वेयरहाउस सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में बनाए गए पुलिस सुरक्षा में लाई जाएगी।दूसरे चरण के मतदान के दिन शुक्रवार सुबह 3 बजे कलेक्ट्रेट वेयरहाउस से ईवीएम मशीनों को सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराई जाएंगी। सभी पोल्ड ईवीएम मशीनों को पोलिंग स्टेशनों से फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट को जो रिजर्व ईवीएम मशीनें उपलब्ध कराई गई थी, उनमें से जो भी मशीन अनपोल्ड रहेगी, उनको पहले वापस सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में बनाए गए वेयरहाउस में रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि मतदान के उपरांत फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बनाए गए स्ट्रांग रूम, जिसमें पोल्ड ईवीएम मशीन रखी जाएगी, उसके बाहर राजनीतिक दल प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी स्वयं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं पूर्ण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सीसीटीवी, वीडियोग्राफी एवं वेबकास्टिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी मतदान कार्मिक या व्यक्ति के द्वारा निर्वाचन को प्रभावित न किया जा सके।

# असम राइफल्स के काफिले पर हमले में उल्फा के तीन सदस्य गिरफ्तार गोलीबारी में एक जवान घायल

एजेंसी



**तिनसुकिया।** तिनसुकिया जिले में असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला करने के मामले में बुधवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (आई) के तीन भूमिगत सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। गत 16 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग से तिनसुकिया (असम) के मार्गेरिटा की ओर आ रहे 31 असम राइफल्स के काफिले पर मकुमपानी वन क्षेत्र में संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलीबारी कर दी थी। इसमें अर्धसैनिक बल का एक जवान घायल हो गया था।

हमले की जिम्मेदारी उल्फा (आई) ने ली थी। तिनसुकिया पुलिस ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के तीन लोगों को पड़ोसी राज्य के पुलिस बल और असम राइफल्स के साथ संयुक्त अभियान में पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपितों में से एक ने हमला करने वाले उग्रवादियों की राशन और मार्गदर्शक के रूप में मदद की थी। इसके अलावा दो अन्य ने उग्रवादियों को हमले के बाद भागने में मदद की थी।

पुलिस ने कहा कि पता चला है कि हमले के दौरान असम राइफल्स की जवाबी फायरिंग में एक उग्रवादी की मौत हो गई थी और उसे उसके साथियों ने पास के वन क्षेत्र में दफना दिया थे। मारे गए उग्रवादी के शव को बरामद करने और परिवार के सदस्यों को सौंपने के प्रयास जारी हैं।

# संदेशखाली मामले में एक्शन मोड में सीबीआई

## पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने जमीन कब्जा और महिला उत्पीड़न से जुड़े अपराधों से संबंधित मामलों की चल रही जांच के संबंध में पांच लोगों और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुए सीबीआई को संदेशखाली क्षेत्र में कई कथित अपराधों की जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। कथित तौर पर इन अपराधों में अवैध भूमि अधिग्रहण और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामले शामिल हैं।

बड़े पैमाने पर आपराधिक गतिविधियों और पिछड़े वर्ग के शोषण के आरोपों के बाद सीबीआई का यह कदम आया है। एफआईआर सीबीआई द्वारा गहन जांच की शुरुआत को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य पीड़ितों को न्याय दिलाना और रिपोर्ट किए गए अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

इससे पहले, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखाली में यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के कथित मामलों की अदालत की निगरानी में सीबीआई से जांच कराने का निर्देश दिया था। मामले में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली की महिलाएं सत्तारूढ़ टीएमसी और उसके नेता शाहजहां शेख के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं थी और शाहजहां और उनके सहयोगियों पर अत्याचार करने और उनकी जमीन भी हड़पने का आरोप लगाया।

बता दें कि कई महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जबरदस्ती ÷जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। बशीरहाट कोर्ट ने शाहजहां को सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। कोर्ट से निकलने के बाद शाहजहां को रोते हुए देखा गया था।

### म्यांमार की अदालत ने आंग सान सू की को सुनाई पांच साल की सजा

**बर्मा।** म्यांमार की अदालत ने आंग सान सू की के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराते हुए सजा सुना दी है। उन्हें अदालत ने पांच साल की सजा सुनाई है। उनके मुकदमे की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, फरवरी 2021 में आंग सान सू की को सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। उन पर आरोप लगे थे कि उन्होंने देश में हुए चुनाव में भारी गड़बड़ी कर जीत हासिल की थी। दरअसल, 76 वर्षीय आंग सान सू की के खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। हिरासत में रहने के दौरान आंग सान सू की के खिलाफ कई आरोप लगे। जिनमें अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भेजे गए उनकी पार्टी के पत्र पर सैन्य सरकार को मान्यता नहीं देने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा था। आंग सान सू की को जनवरी 2022 में अवैध रूप से वाकी-टाकी आयात करने और रखने एवं कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के जुर्म में चार साल की सजा सुनाई गई थी।

# हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायल ने लेबनान पर दागे कई रॉकेट

**गिरफ्तार**

इजरायल पर अंधाधुंध रॉकेट लॉन्च कर रहा हिजबुल्लाह

एजेंसी



**तेल अवीव।** ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायल ने उसपर कई रॉकेट अटैक किए हैं। तोपखानों से दक्षिणी लेबनान के एक क्षेत्र पर बमबारी की जा रही है। इन रॉकेटों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसमें कितना नुकसान हुआ ये सामने नहीं आया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि बुधवार दोपहर को उसने लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के लगभग 40 ठिकानों पर हमला कर तबाह कर दिया। हमले दक्षिणी लेबनान के आयता राख शब क्षेत्र में किए गए थे और इसमें इजराइल वायु सेना के लड़ाकू जेट और आईडीएफ तोपखाने दोनों का इस्तेमाल किया गया था। आईडीएफ के अनुसार, उन्होंने हिजबुल्लाह के भंडारण सुविधाएं, हथियार और आतंकवादी बुनियादी ढांचे और क्षेत्र में संगठन द्वारा उपयोग किए जाने वाले अन्य क्षेत्रों पर ये हमले किए हैं। यह सीमा क्षेत्र में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का प्रयास था।

बता दें हिजबुल्लाह आतंकवादी कार्यों के लिए आयता राख शब क्षेत्र का व्यापक उपयोग करता है और उसने इस क्षेत्र में संगठन के दर्जनों आतंकवादी साधन और बुनियादी ढांचे बना रखे हैं, जिनका लक्ष्य इजरायल है। गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्लाह इजरायल में नागरिक ठिकानों पर अंधाधुंध रॉकेट लॉन्च कर रहा है। उधर, इजराइल को चिंता है कि ईरान युद्ध के दौरान किसी भी मुद्रदे पर व्यापक संघर्ष पैदा करने और इजराइल की सेना को विभाजित करने के लिए एक अधिक व्यापक हमला शुरू कर सकता है।

# स्पेस में परमाणु हथियार तैनात करने पर यूएस और रूस के बीच टकराव, अमेरिका ने लगाया गंभीर आरोप

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर अमेरिका और रूस आमने सामने आ चुके हैं। पिछले कुछ दिनों पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस की ओर से पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात करने की योजना है।

इस दावे को रूस ने पूरी तरह खारिज कर दिया। लेकिन असली कहानी इसके बाद शुरू हुई जब अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने का प्रस्ताव रखा। रूस ने इसपर वीटो लगा दिया। रूस के इस फैसले से अमेरिका झल्ला उठा।

यूएस ने रूस के इस कदम की कड़ी आलोचना की। वहीं अमेरिका ने रूस पर सवालों की झड़ी लगा दी। अमेरिका ने कहा कि पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने का रूस का दावा कहीं गलत तो नहीं। क्या रूस कुछ छुपा तो नहीं रहा है क्योंकि अगर रूस अगर पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियार तैनात न करने की बात कही तो वो अमेरिका के प्रस्ताव पर वीटो क्यों लगा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा है कि अमेरिका रूस पर झूठे आरोप लगा रहा है। रूस जल्द ही अंतरिक्ष को शांतिपूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से अपने स्वयं के मसौदा प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों के साथ बातचीत शुरू करेगा।

वासिली नेबेंजिया ने अमेरिका पर सवाल उठाते हुए कहा, हम सिर्फ (सामूहिक विनाश के हथियार) ही नहीं, बल्कि बाहरी अंतरिक्ष में किसी भी तरह के हथियारों की तैनाती पर प्रतिबंध चाहते हैं। लेकिन आप ऐसा नहीं चाहते... मैं आपसे वही सवाल पूछता हूं। क्यों?

अमेरिका और जापान द्वारा प्रस्ताव किए गए मसौदे पर 13 वोट मिले। हालांकि, चीन इस वोटिंग में शामिल नहीं था। इसके पक्ष में सात, विपक्ष में सात और एक अनुपस्थित वोटिंग पड़ी।

# भारत से वार्ता करे पाक सरकार

## आर्थिक संकट से उबारने के लिए कारोबारियों ने पीएम शहबाज से की खास मांग

**सप्लाई**

अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं।

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

### भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर कराची, घरों से बाहर निकले लोग

**कराची।** पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर कराची बुधवार की रात को आए भूपंक के झटकों से कांप उठा। कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, कराची के बाहरी इलाके में बुधवार रात भूकंप का झटका महसूस किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, यह भूकंप धरती के 12 किलोमीटर की गहराई से आया। इसका असर कराची के अलावा कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के बाद डरे सहमें लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, भूकंप की वजह से बहरिया टाउन में एक घर की दीवार में मामूली दरार पड़ गई। वहीं, इसमें किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले पिछले साल 16 अक्टूबर को कराची के कई इलाकों में 3.1 तीव्रता का हल्के तीव्रता वाला भूकंप आया था।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये डीएम ने बीएलओ को किया प्रेरित

घर-घर जाकर मतदाताओं से करें सम्पर्कः डीएम

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने बीएलओ को प्रेरित किया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में जौनपुर सदर, मल्हनी व जफराबाद विधानसभा की बीएलओ के साथ बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र माँदड़ ने प्रेरित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर अब तक बीएलओ का कार्य सराहनीय रहा है लेकिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अब बीएलओ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, इसलिए सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में मतदाता जागरुकता के अभियान संचालित करें। इसमें स्थानीय विद्यालयों का सहयोग भी लें। क्षेत्रवासियों को आगामी 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाय। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे सघन स्वीप गतिविधिया संचालित करें। घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें तथा घर आ जा परदेशी कार्यक्रम के तहत जो मतदाता किन्हीं कारणों से गांव से बाहर हैं, उन्हें मतदान हेतु आमंत्रण पत्र व्हाट्सअप करें और उनसे वॉयस या वीडियो काल करके बात करते हुए उन्हें 25 मई को आकर मतदान करने के लिए आग्रह करें। बीएलओ समय से मतदाता पर्ची व मतदाता गाइड को वितरित करें तथा मतदान दिवस के दिन बूथ पर मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वोटर टर्न आउट को बढ़ाने में बीएलओ की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। लिहाजा सर्वश्रेष्ठ मतदान प्रतिशत वाले बूथ के बीएलओ को आई फोन से सम्मानित किया जायेगा तथा अच्छा कार्य करने वाले 34 अन्य बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व अलग से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनन्दन सिंह, उपजिलाधिकारी सदर पवन सिंह, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, तहसीलदार सदर सहित सदर, मल्हनी, जफराबाद के बीएलओ, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## हज टीकाकरण 29 अप्रैल को

जौनपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा हज 2024 में जाने वाले हज यात्रियों को जिलावार प्रशिक्षण/टीकाकरण कराये जाने हेतु निर्धारित केन्द्रों के माध्यम से हज यात्रियों को दिया जाना है। इस सम्बन्ध में राज्य हज समिति लखनऊ द्वारा हज-2024 में जाने वाले हज यात्रियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण/टीकाकरण 20 से 30 अप्रैल के मध्य अपनी सुविधा अनुसार तिथि निर्धारित कर प्रशिक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में उ0प्र0 राज्य हज समिति द्वारा 97 हज यात्रियों को मदरसा जामिया मोमिना लिलबनात सिपाह को प्रशिक्षण/ टीकाकरण कराये जाने हेतु केन्द्र बनाया गया है जिसमें नामित ट्रेनर्स द्वारा ट्रेनिंग/टीकाकरण 29 अप्रैल को करायी जानी है। नामित प्रशिक्षण केन्द्र मदरसा जामिया मोमिना लिल बनात सिपाह एवं नामित ट्रेनर्स अयाज अहमद खान मोहल्ला उमरपुर अहमद खान मण्डी हैं।

# 100 यूनिट बिजली एवं 1 करोड़ युवाओं को देंगे रोजगारः अशोक

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी अशोक सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि हमारी पार्टी से एक प्रत्याशी जीत की ओर है और जल्द ही खाता खुलने वाला है।

हमारी पार्टी कर्नाटक के एक प्रत्याशी की बगैर चुनाव लड़े ही जीत पक्की होने वाली है। हमारी पार्टी की अगर सरकार बनती है तो विकास की तस्वीर कुछ और ही होगी। उन्होंने कहा कि न हम नोटबंदी करेंगे और न ही किसी तरीके से जनता को तकलीफ पहुंचाने का काम करेंगे, बल्कि हम सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि 100 यूनिट बिजली फ्री देंगे। 1 करोड़ लोगों को रोजगार देने का काम किया जाएगा। जौनपुर को जाम से निजात दिलाने के लिए ओवरब्रिज, सड़क, शौचालय, मां शीतला चौकिया धाम को अयोध्या में बन रही मंदिर की तर्ज पर सुंदरीकरण करवाने का काम करेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लाने की बात कही थी लेकिन आतंकी दाऊद इब्राहिम अभी तक भारत नहीं आया। यदि हमारी सरकार आती है तो भारत की जेल में दाऊद इब्राहिम बन्द मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेशस्तरीय पदाधिकारी डा. सत्येन्द्र सिंह के अलावा तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सपा विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी के निधन पर शोक

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के नेता एवं फूलपुर विधानसभा के अध्यक्ष शकील इस्माइल की पत्नी के लम्बी बीमारी के बाद निधन पर सपा जनों ने दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया है।

सपा नेता शकील इस्माइल की पत्नी का इंतकाल बुधवार को शाम ही हो गया था। आज उन्हें उनके निवास कनौजा खुर्द के कब्रिस्तान मे सुपुर्दे खाक किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, विधायक श्रीमती विजमा यादव, लोकसभा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, अंसार अहमद,वकार अहमद, रविन्द्र यादव, डॉ राजेश यादव, राम अवध पाल, महाबली यादव, दान बहादुर मधुर, भोला यादव, नाटे चौधरी आदि सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता अंतिम संस्कार मे मौजूद रहे।

# जौनपुर में धूमधाम से मनाया गया साईं बाबा मन्दिर का स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के हुसेनाबाद में स्थित साईं बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में विधिवत आरती के उपरांत हुआ जिसके बाद मंदिर के पुजारी पंकज पांडेय ने बाबा की आरती कराई। तदुपरांत पालकी अपने निर्धारित रास्तों से चलते हुए गायत्री माता मंदिर तक हाथी, घोड़ा, पालकी के साथ पहुंची जहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। तदुपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान बाबा की पालकी की एक झलक पाने के लिये हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा दरबार में जमे रहे। बाबा के भक्त नाचते–गाते बाबा की पालकी लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह, संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, पालकी संयोजक जगदीश सेठ, पत्रकार दीपक श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, बृजेश श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक मिश्रा, सत्य प्रकाश यादव, आशीष बरनवाल, डॉ अशोक चक्रवर्ती, अमित श्रीवास्तव, देवांश श्रीवास्तव, सूर्यांश श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, पंकज पाण्डेय, लोलारक नाथ पाठक, गुलाब चन्द, राजन गुप्ता, रमेश, अमन, राजीव गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अर्थ प्रयागराज बास्केटबॉल लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 30 को

प्रयागराज। डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वावधान में होने वाली अर्थ प्रयागराज बास्केटबॉल लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया 30 अप्रैल को सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में होगी। लीग के आयोजक विपिन खत्री ने बताया कि शहर में पहली बार हो रही लीग के लिए 136 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें 84 बालक एवं 52 बालिकाएं हैं। इन 136 खिलाड़ियों को 21 फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीम के लिए खरीदेंगी। 13 फ्रेंचाइजी अपनी टीम में चार बालक एवं चार बालिका खरीदेंगी, जबकि 8 फ्रेंचाइजी सिर्फ बालकों पर बोली लगाएंगी। नीलामी प्रक्रिया के बाद 34 टीमों के बीच लीग का आयोजन अगले माह संस्कार इंटरनेशनल स्कूल सुलेम सराय में होगा।

# आसमान से बरसते शोलों ने बढ़ाई सियासी दलों की मुश्किल

अवधनामा संवाददाता

चुनावी मौसम में दिहाड़ी मजदूरों और मनरेगा श्रमिकों की पौ बारह

प्रयागराज। लोकतंत्र के महापर्व आम चुनाव में अप्रैल के महीने में ही आसमान छू रहे तापमान के पारे ने सियासी दलों के पसीने छुड़ा दिए हैं। चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की अहमियत स्थापित सच है। दलों के यही आंख कान कार्यकर्ताओं को आसमान से सूरज आंखे तरेर रहा है। लिहाजा पार्टी की लाख मिन्नतें करने के बाद भी पार्टी कार्यकर्ता इस चिलचिलाती गर्मी में घर से निकलने से बच रहे हैं। इससे दलों का जन जन संपर्क अभियान ठंडा पड़ गया है।सियासी दलों ने इसका एक विकल्प खोज लिया है। ह्यूमन रिसोर्स इसका एक विकल्प है, इलेक्शन इवेंट मैनेजमेंट करने वाली कंपनिया इसे सियासी दलों को मदद कर रही हैं।

प्रयागराज में लोक सभा चुनाव की गर्मी पर भगवान भास्कर की तपिश भारी पड़ रही है। तापमान का पारा है की 40 डिग्री के नीचे आने का नाम नही ले रहा है। सियासी दलों के लिए यह स्थिति अपने साथ बड़ा संकट लेकर आई है। उन्हे चुनावी सीजन में भी गर्मी के चलते घर घर जन संपर्क करने वाले कार्यकर्ता ही नही मिल रहे है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव बताते हैं कि भीषण गर्मी से चुनाव ठंडा पड़ा है । गर्मी के चलते कार्यकर्ता घर से बाहर नही निकल रहे हैं। कई लोगों के मोबाइल ही बंद हैं। ऐसे में विकल्प की तलाश एक मजबूरी है। यही हाल समाजवादी पार्टी का है जिसे नगरीय क्षेत्र के बाहर घर घर जन संपर्क में कार्यकर्ता संकट से जूझना पड़ रहा है। इलेक्शन इवेंट मैनेजमेंट करने वाली कंपनियों को इस आपदा में अवसर नज़र आया है। रैपिड इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप के सीईओ अरविंद मिश्रा बताते हैं कि उन्होंने दिहाड़ी और मनरेगा श्रमिकों को इसका विकल्प तैयार किया है। उन्हे उनकी दैनिक मजदूरी से ज्यादा देने पर बात बन गई है। ये श्रमिक पार्टियों को अपनी सेवाए दे रहे हैं।

### सियासी दलों को भी सस्ता पड़ रहा है यह पैकेज

चुनावी सीजन में सूरज के ताप से घरों में दुबक रहे पार्टी कार्यकर्ताओं के संकट के चलते सियासी दल इलेक्शन इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों की शरण में है। ग्रामीण इलाकों में खास तौर पर इनकी खेप मौजूद है। रफ्तार पकड़ रहे चुनावी सीजन में मनरेगा मजदूरों की एक खेप विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के रूप में दिहाड़ी काम कर रही है। झुलसाने वाली गर्मी में श्रमिकों को दैनिक मजदूरी से ज्यादा पैसा और आराम खासा रास आ रहा है। कंधई पुर प्रयागराज में इन प्रॉक्सी कार्यकर्ताओं का मेला नजर आता है। ह्यूमन रिसोर्स उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार सुशांत शुक्ला बताते है कि सियासी दलों को भी ये पैकेज करीब 25 फीसदी तक सस्ता पड़ रहा है। मनरेगा मजदूरों को 337 रुपये मजदूरी मिल रही थी जबकि यहां उनको 475 मिल रही है। मजदूरी की दर में इजाफा हुआ है। कड़ी धूप में आठ घंटे की हाड़तोड़ मेहनत करने की जगह ये मनरेगा मजदूर नारेबाजी और पार्टी के छोटे मोटे कार्य कर रहे है जो उन्हें खासे रास आ रहे हैं।

# प्रयागराज ने जीते 4 स्वर्ण सहित 16 पदक

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित कैडेट जूनियर अंडर 21 और सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2024 में चार स्वर्ण पदक सहित 16 मेडल जीते। कराटे एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में (बालक) कैडेट आर्यमन दास एकल काता इवेंट में स्वर्ण पदक, कुमीते +70किलो भार वर्ग में नरेंद्र श्रीवास्तव स्वर्ण, -45 किलो भार वर्ग में आर्यन प्रजापति काँस्य, राजीव त्रिपाठी - 63 किलो भार वर्ग में काँस्य,काता में शिवांश यादव रजत, जूनियर -76 किलो भार वर्ग में हिमांशु पांडे काँस्य, इंडिविजुअल काता इवेंट में सुजीत यादव रजत -50 किलो भार वर्ग में स्वर्ण, अंडर 21 - 67 किलोग्राम भार वर्ग में निखिल कुशवाह काँस्य, सीनियर -50 किलो भरवर्ग में शाबाज खान ने काँस्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार (बालिका ) जूनियर -42 किलो का वर्ग में सौम्या कुशवाहा ने रजत एवं इंडिविजुअल काता व टीम काता में काँस्य, अंडर 21 इंडिविजुअल काता में शिवांशी कुशवाहा स्वर्ण व टीम काता में काँस्य, अंडर 21 - 45 किलो भार वर्ग में मेहजबीन बानो काँस्य, सीनियर -50 किलो भार वर्ग एवं टीम काता दोनों में काँस्य पदक प्राप्त कर जनपद का मान बढाया। कराटे एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिंह एवं संस्था के चेयरमैन आईएएस कुणाल सिंह ने मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ में बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे जो 9 से 12 मई को देहरादून में आयोजित हो रही है। इसी प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका के लिए गए आर डी यादव, अरविंद कुमार, उमा सेन, शिफा हैरिसन, शुभम मौर्य, जिला कराते संघ के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सचिव मनीष सोनकर को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी जिला करते संख्या अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के द्वारा प्राप्त हुई।

## श्री चण्डी महायज्ञ एवं ज्ञान महायज्ञ 11 मई को आयोजित

आजमगढ़। गोपालपुर स्थित चण्डिका माता मंदिर में आगामी 11 मई से आयोजित होने वाले श्री चण्डी महायज्ञ एवं ज्ञान महायज्ञ आगामी के बावत गुरूवार को भूमि पूजन हुआ। यह भूमि पूजन आचार्य विनोद उपाध्याय द्वारा मुख्य यजमान श्रीकांत चौतन्य ब्रह्मचारी के मौजूदगी में कराया गया। इस बावत आयोजक श्रीकांत चौतन्य ब्रह्मचारी ने बताया कि सात दिवसीय चण्डी महायज्ञ 11 मई से शुरू होगा। जिसमे प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी और पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन सायं व्यास अंकित चतुर्वेदी जी महाराज की संगीतमयी श्रीराम कथा होगी। भूमि पूजन के दौरान पंडित सुभाष चन्द तिवारी कुन्दन, रामनरेश तिवारी, अरविन्द राम पूर्व प्रधान सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार खाई में पलटी, चालक की मौत

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के मुबारकपुर थाना अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन पर बिजरवां गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिससे घटनास्थल पर ही वाहन चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवा सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र आशीष सिंह निवासी जंगलीपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या अपनी वर्ना कार से अपने ननिहाल उकरौड़ा निखिल सिंह के घर पट्टीदारी में होने वाली शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे कि रास्ते में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर ननिहाल से महज 3 किलोमीटर पहले बिजरवां गांव के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिससे मौके पर ही वाहन चला रहे शिवा सिंह की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर बनकट चौकी प्रभारी मय हमराह पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिए। सूचना पर ननिहाल पक्ष भी मौके पर पहुंच गया और इसकी सूचना उनके घर वालों को भी दे दी गई थी।

## सपा प्रत्याशी ने किया मुबारकपुर में जनसंपर्क

मुबारकपुर,आजमगढ़। जनपद के लोकसभा क्षेत्र-69 के विधानसभा-मुबारकपुर में विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के लिए चुनाव निशान साइकिल पर वोट देने के लिए अपील की गई और लोगों को संविधान की प्रस्तावना समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव व लोकसभा चुनाव प्रभारी अजीत कुमार राव ने सुनाया और लोगों ने संविधान की प्रस्तावना को दोहराने का काम किया और अजीत कुमार राव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय,अत्याचार व गरीबों मजलूमों, असहयों के साथ दमन उत्पीड़न करने का काम कर रही है।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिनः 01015 दादर से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और 01016 गोरखपुर से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिनः 01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और 01428 गोरखपुर से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य;
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

चलने के दिनः 01411 पूणे से 27.04.2024 को और 01412 गोरखपुर से 28.04.2024 को।; स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहरावः हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिनः 02250 दिल्ली जं. से 27.04.2024 को और 02249 पटना जं. से 28.04.2024 को।
स्थानः 3 टियर वाता. एकोनॉमी; ठहरावः कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

चलने के दिनः 09478 पटना जं. से 27.04.2024 को
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; ठहरावः आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

**08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

चलने के दिनः 08481 पुरी से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और 08482 आनन्द विहार(टर्मि.) से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहरावः साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

**04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

चलने के दिनः 04672 जम्मू तवी से 27.04.2024 को
स्थानः 3 टियर वाता.; ठहरावः पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

**04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

चलने के दिनः 04221 वाराणसी से 27.04.2024 को
स्थानः 3 टियर वाता.,
ठहरावः भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1246/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चौधरी नौनिहाल क्लब की एकतरफा जीत

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। राहुल राजपाल (50 रन एवं दो विकेट) और प्रथम मिश्र (48 रन एवं तीन विकेट) के खेल से चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में रिज़्वी एजुकेशनल ग्रुप को दस विकेट से हराया।

दौलत हुसैन मैदान पर गुरुवार को खेले गए अंतिम लीग मैच में रिज़्वी एजुकेशनल ग्रुप ने 17.3 ओवर में 98 रन (विभव कुशवाहा 48, रोशन सिंह 22, प्रथम मिश्र 3/09, राहुल राजपाल 2/18) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 6.3 ओवर में बिना विकेट खोए 102 रन (राहुल राजपाल 50 नाबाद, प्रथम मिश्र 48 नाबाद) बना लिए। प्रथम मिश्र को कालिदास क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के महासचिव व सेंट जोसेफ कॉलेज के पूर्व क्रिकेट कप्तान मनीष यादव ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मोहम्मद आरिफ व तौसीफ शेख ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की।

प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को चौधरी नौनिहाल क्लब और भानु प्रताप सिंह क्लब के बीच सुबह आठ बजे से खेला जाएगा।

# बाबा साहब ने जो वोट की ताकत दीलाई उसका करें इस्तमाल

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जब आप किसी सरकारी नौकरी का पेपर देते हैं और बाद में पेपर लीक हो जाता है तो क्या मन करता है। यही करता है न कि जिसने पेपर लीक किया उसका गुर्दा निकाल कर जमीन में गाड़ दें। वैसे ऐसा तो हम कर नहीं सकते हैं लेकिन बाबा साहब ने जो वोट की ताकत दिया है उसको बंदूक की गोली की तरह प्रयोग हम इन पर कर सकते हैं। उक्त बाते बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने गुरुवार को लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मई खरगपुर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बसपा एक मिशन है। आम जनता के हित को लेकर लड़ने वाली पार्टी है। पार्टी मुखिया मायावती की नीतियां सभी जनते हैं। उनके शासन काल को भी लोगों ने देखा है। आज सबसे बुरा हाल युवाओं का है। मां-बाप काफी पैसा खर्च कर हमें पढ़ाते हैं। इसके बाद हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम भी कमा कर मां-बाप व परिवार की देखभाल करें। रोजगार मिल नहीं रहा तो सरकारी नौकरी की भर्ती पेपर लीक होने के चलते रद्द हो जा रही है। जिसके चलते युवा बेरोजगार होकर घूमने को मजबूर हैं। ऐसा करने वालों को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आकाश आनंद ने कहा कि बाबा साहब ने हमें वोट की ताकत दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने नामांकन कक्षाओं का किया निरीक्षण



जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र मांदड़ ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नामांकन कक्षों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया जहां कहा कि समय से वीडियोग्राफी, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य सभी प्रकार की तैयारी समय से पहले पूर्ण कर ली जायं, ताकि नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार का समस्या का सामना न करना पड़े। जनपद में स्थित 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट एवं 74-मछलीशहर (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन न्यायालय अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) जौनपुर कोर्ट नम्बर 14 में किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) बृजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### छूटे व नये मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 27 को

जौनपुर। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण/सहायक प्रभारी अधिकारी मतदान एवं मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नियुक्त छूटे एवं नये मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 27 अप्रैल को प्रथम पाली 10 से 1 बजे तक तिलकधारी इण्टर कालेज में आयोजित किया गया है।

### शेखपुर अग्निकांड मे पीड़ितों से मिले सपा प्रत्याशी घटना पर जताया दुख

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के शेखपुर मे गत बुधवार को हुए अग्निकांड मे पीड़ित जनों से सपा प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने मिलकर दुख जताया। अग्निकांड मे गाय, भैंस, बछड़े सहित 5 जानवरों की मौत हो गई थी तथा लगभग 50 कुंतल गेंहू एवं कई टन भूसा जलकर खाक हो गया था। अमरनाथ सिंह मौर्य ने शेखपुर गाँव मे हुए घटना स्थल पर जाकर पीड़ितों राजमणि यादव, देव यादवआदि से मुलाक़ात कर घटना मे हुई जान माल के नुकसान पर दुख जताया। उधर सपा के विधानसभा अध्यक्ष शकील इस्माइल के पत्नी के निधन पर उनके आवास जाकर सांत्वना दी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, मुजतबा सिद्दीकी, वकार अहमद, डॉ राजेश यादव आदि भी साथ मे मौजूद रहे।

# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के राजस्व में 17% की मजबूत वृद्धि, जो बाजार की वृद्धि से अधिक है

## वित्त वर्ष 23-24 में लाभ में 30% का उछाल

**मुंबई।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 23-24 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23-24 में 319 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) अर्जित करते हुए वृद्धि गति को जारी रखा, जो वित्त वर्ष 23 के मुकाबले 30% अधिक है। कंपनी के ग्रॉस रिटेन प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) में पिछले साल के मुकाबले 17% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 12,731 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के विविध प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो, वितरण पहुंच, ब्रांड और लागत अनुकूलन की वजह से इन आंकड़ों को प्राप्त करने में मदद मिली। मोटर और हेल्थ के नेतृत्व में रिटेल बिजनेस में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। प्राइवेट मार्केट में पर्सनल एक्सिडेंट सेगमेंट में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस नंबर पर बना हुआ है। वहीं हेल्थ, होम, फसल, वाणिज्यिक और मोटर सहित व्यवसायों में कंपनी की मजबूत उपस्थिति बरकरार है।

कंपनी के राजस्व और कर पूर्व लाभ(पीबीटी) में मजबूत उछाल आया और पीबीटी वित्त वर्ष 22-23 के 244 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 23-24 में बढ़कर 319 करोड़ रुपये हो गया। सॉल्वेंसी अनुपात 2.25 रहा, जो 1.50 गुना की न्यूनतम नियामक आवश्यकता के मुकाबले इसकी मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। कंपनी के प्रदर्शन के बारे में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा, एसबीआई जनरल में, हम लगातार बाजार की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। केवल 14 वर्षों के संचालन के दौरान हम वित्त वर्ष 23-24 में 12,731 करोड़ रुपये की जीडब्ल्यूपी के साथ मजबूत वृद्धि हासिल करने में सफल रहे हैं। यह उपलब्धि हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो, वितरण शक्ति, तकनीक का लाभ उठाने और ग्राहक केंद्रित रणनीति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मिसाल है। सभी के लिए बीमा उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ, हम अपने ब्रांड में ग्राहकों के भरोसे का लाभ उठाने वाले सरल वैल्यू-ओरिएंटेड प्रॉडक्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के सीएफओ, श्री जितेंद्र अत्रा ने कहा, हमारे वित्तीय नतीजे हितधारकों के लिए लाभदायक ग्रोथ के जरिए लंबे समय में मूल्य निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। कंपनी के लाभ में 30% की वृद्धि, हमारी वित्तीय सेहत और उत्पादकता में सुधार, ओपेक्स अनुपात में सुधार और ग्राहक मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने की हमारी रणनीति को दिखाती है।

# ईसीआईएल ने सरकार को दिया 40 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में करीब 40 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि सरकार को ईसीआईएल से लाभांश किश्त के रूप में करीब 40 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है। इसकी स्थापना 11 अप्रैल, 1967 को हैदराबाद में तब के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान एएस राव ने की थी। ईसीआईएल के कार्यालय बेंगलुरु, नई दिल्ली, ठाणे और चेन्नई के अलावा अन्य सात अन्य शहरों में स्थित है।

# रियलमी ने नार्ज़ो श्रृंखला का विस्तार करते हुए केवल 10,999 रुपये में सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन

## रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी पेश किया



**नई दिल्ली।** सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का उपयोग करने वाले यूज़र्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूज़र्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है। इस गठबंधन के अंतर्गत यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ केवल अमेज़न.इन पर मिलेगी। रियलमी की ड्युअल-प्लेटफॉर्म रणनीति के अंतर्गत रियलमी ने अपना पहला ऑनलाईन स्टोर मार्च, 2023 में अमेज़न पर शुरू किया था। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

**प्रयागराज।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने प्रयागराज से अपने 20 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में ज़मान हुसैन ने 99.97 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) परसेंटाइल व एआईआर 500 हासिल की है। इसी क्रम में मेहेर गुप्ता ने 99.91, आर्यन सोनी ने 99.89, उतकर्ष सिंह ने 99.87, समृद्धि सुमन ने 99.78 और नैतिक जायसवाल ने 99.57 परसेंटाइल हासिल किए। साथ ही अन्य 14 स्टूडेंट्स ने 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता



है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है.आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था।

उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया,, हम आकाश के विषेशज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती।÷आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ÷उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

# शेयर बाजार ने लगाया मजबूती का पंच, सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,015 अंक उछला

**नई दिल्ली** (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों ने लगातार खरीदारी शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के कारण शेयर बाजार ने ओपनिंग के कुछ समय बाद ही शानदार रिकवरी कर ली। आज के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,015 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 320 अंक की छलांग लगाने में सफल रहे। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, मेटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट के साथ बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद उछल कर 404.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 401.37 लाख करोड़ रुपये था।

# तीन दिन की गिरावट के बाद उछला सोना, चांदी में गिरावट जारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोने ने तेजी दिखाई। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना 400 रुपये से 550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। हालांकि चांदी में आज भी गिरावट का रुख जारी रहा। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 82,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 66,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


# जर्मन कंपनी ऑडी जून से वाहनों की कीमतों में दो फीसदी का करेगी इजाफा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** जर्मन वाहन निर्माता कंपनी ऑडी ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करेगी।

कंपनी के इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने जारी बयान में कहा कि एक जून से कीमतों में बढ़ोतरी का उद्देश्य ऑटोमेकर और उसके डीलरों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के साथ ही ग्राहकों पर प्रभाव को कम करना है। कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार 33 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही थी।

# टीवी पर आने से पहले जियोसिनेमा पर अपने पसंदीदा टीवी शो मात्र 29 रुपये प्रति माह पर देखें





**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की ज़बरदस्त सफलता और एक पुरस्कार विजेता मनोरंजन पेशकश के साथ, जियोसिनेमा ने खुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो क्वालिटी के वीडियो और ज़्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियोसिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश जियो सिनेमा प्रीमियम की घोषणा की है। मात्र 29 रुपये मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापनमुक्त 4च क्वालिटी और ऑफ़लाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे। सदस्य कनेक्टेड टीवी सहित किसी भी डिवाइस पर एक्सक्लूसिव सीरीज़, मूवी, हॉलीवुड, किड्स और टीवी मनोरंजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं। भारतीय घरों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए मात्र 89 रुपये प्रति माह पर एक फ़ैमिली प्लान की भी घोषणा की गई है,जिसमें एक साथ 4 स्क्रीन पर देखने की अतिरिक्त सुविधा मिलती है।

जियोसिनेमा के मौजूदा प्रीमियम सदस्य अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के फैमिली प्लान के सभी अतिरिक्त लाभों का आनंद ले सकेंगे। फ़िलहाल चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग के स्पोर्ट्स कंटेंट और हज़ारों घंटे के मनोरंजन कंटेंट इसकी विज्ञापन-मुक्त पेशकश के हिस्से के तौर पर मुफ़्त में उपलब्ध रहेंगे।जियोसिनेमा प्रीमियम सदस्यों की निम्नलिखित कंटेंट तक विशेष पहुंच होगी- स्थानीय भाषाओं में बेहतरीन अंतराष्ट्रीय कंटेंट दुनिया के सबसे बड़े स्टूडियो - पीकॉक, एचबीओ, पैरामाउंट और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ पार्टनरशिप के ज़रिये हॉलीवुड की सबसे बड़ी ग्लोबल सीरीज़ और फिल्मों के प्रीमियर।

# कैंटाबिल रिटेल ने उत्तर प्रदेश में अपना नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार

**हाथरस।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने हाथरस में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1722 वर्ग फुट में फ़ैला ब्रांड का यह स्टोर, खसरा नंबर 182,183,184, नागल भुस से नागल उम्मेद रोड, ग्राम गढ़ी कंधारी, हाथरस, उत्तर प्रदेश 204101 पर स्थित है, जो कि ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगे।

स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, ÷हमें हाथरस में अपने इस नये स्टोर को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड-प्रीमियम



सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। हमारा यह नया स्टोर पुरुषों एवं महिलाओं के लिए फैशन-फ़ॉरवर्ड परिधानों के साथ साथ फुटवियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा। अपने सभी ग्राहकों के लिए ट्रेंडी और प्रतिस्पर्धी फैशन परिधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने उत्तर प्रदेश में अपना यह नया स्टोर खोला है। आज, सम्पूर्ण देश में हमारी मजबूत उपस्थिति है और हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है।

नया कैंटाबिल रिटेल स्टोर अपने ग्राहकों के लिए रिटेल एक्सपीरियंस की झलक पेश करता है, जो कि पुरुषों के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल तथा अल्ट्रा-कैजुअल क्लोथिंग के अलावा वीमेन वियर एवं फुटवियर की सम्पूर्ण रेंज प्रदान करता है। अपने इस लेटेस्ट एडिशन के खुलने के साथ ही, कैंटाबिल रिटेल पूरे भारत में 535 स्टोर तक पहुंच गया है जिससे ब्रांड की फैशन इंडस्ट्री में लीडर के रूप में स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

कैंटाबिल रिटेल हमेशा से ही अत्याधुनिक शैली में प्रीमियम कपड़े पेश करने में सबसे आगे रहा है। ब्रांड हर साल एक आरामदायक, क्लासिक और स्टाइलिश कलेक्शन तैयार करता है, जो ब्रांड को तेजी से बदलते समय के हिसाब से एक नई पहचान प्रदान करता है।

# रिलायन्स ज्वैल्स ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में लॉन्च किया विंध्या कलेक्शन




**मुंबई।** भारत के प्रमुख ज्वैलरी ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स ने अनूठे एवं शानदार कलेक्शन के साथ त्योहार मनाने की परम्परा को जारी रखते हुए इस साल अक्षय तृतीया के अवसर पर विंध्या कलेक्शन का अनावरण किया है। अपनी प्रतिष्ठित 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन सीरीज़ में यह नौंवा कलेक्शन, मध्य प्रदेश की समृद्ध कलात्मक परम्पराओं से प्रेरित है। फैशन आइकन एवं बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने वाराणसी स्थित रिलायन्स ज्वैल्स स्टोर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान इस एक्सक्लुज़िव फेस्टिव कलेक्शन का अनावरण किया।

अक्षय तृतीया एक पावन उत्सव है, जिसे हिंदु संस्कृति में समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर आभूषण खरीदना शुभ मानते हैं। इसी के मद्देनज़र रिलायन्स ज्वैल्स का विंध्या कलेक्शन शानदार आभूषण लेकर आया है, जो मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं वास्तुकला से प्रेरित हैं। इस कलेक्शन का हर पीस का डिज़ाइन मध्य प्रदेश के लोकप्रिय स्मारकों जैसे ग्वालियर के किले, सांची स्तूप, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर और मितावली एवं बटेश्वर मंदिर से प्रेरित है। लॉन्च के अवसर पर श्री सुनील नायक, सीईओ, रिलायन्स ज्वैल्स ने कहा, ''इस अक्षय तृतीया विंध्या कलेक्शन का लॉन्च भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्य प्रदेश की समृद्ध परम्पराओं से प्रेरित यह कलेक्शन हमारी 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' सीरीज़ का नौंवा कलेक्शन है, जो भारतीय कला एवं कारीगरी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।''

उन्होंने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, ''अक्षय तृतीया आभूषण खरीदने के लिए अच्छा मौका है, क्योंकि इस त्योहार को समृद्धि एवं सम्पत्ति का प्रतीक माना जाता है। इस साल हम विंध्या कलेक्शन के साथ अपने उपभोक्ताओं के लिए अपने घर समृद्धि लाने का मौका लेकर आए हैं! यह शानदार कलेक्शन न सिर्फ समृद्धि एवं भव्यता का बल्कि अक्षय तृतीया और हमारे ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स की जश्न की भावना का भी प्रतीक है।''

# Pocket FM ने रचा इतिहास मारी 100 करोड़ क्लब में एंट्री




एक बेहद लोकप्रिय व प्रतिष्ठित ऑडियो सीरीज़ प्लेटफॉर्म क्ष्ष्म्द्धह्ल स्न्रू ने आज इस बात ऐलान किया कि उनके दो मशहूर ऑडियो सीरीज ने दुनिया भर में श्रोताओं के ज़रिए हासिल द्मद्ध 100 करोड़ क्लब में एंट्री । उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही शोज़ - एक लड़की को देखा तो और इंस्टा मिलेनियर क्ष्ष्म्द्धह्ल स्न्रूकी 10 सबसे मशहूर सीरीज़ में टॉप पर ट्रेंड कर रही हैं।

ग़ौरतलब है कि एक लड़की को देखा तो एक काल्पनिक कहानी है जिसमें बताया गया है कि कैसे एक दिन अनिका अपनी बेटी के साथ मनाली में अपने घर लौट जाती है जहां उसे अपनी जुड़वा बच्चे के बारे म पता चलता है। यह दिलचस्प कहानी नायिका के संघर्ष की दास्तां को दिलचस्प तरीके से बयां करती है। यह सीरीज़ दुनिया भर में इस क़दर लोकप्रिय साबित हुई है कि इसने अब तक कुल 150 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई कर ली है।? उल्लेखनीय है कि यह लोकप्रिय सीरीज़ भारत में हिंदी, तेलुगू और तमिल में उपलब्ध है जबकि इसे अमेरिकी श्रोताओं के लिए सेविंग नोरा के नाम से पुनर्निमित किया जा रहा है। बता दें कि इस सीरीज़ को अब तक 50 करोड़ बार सुना जा चुका है।

# रोमांच- वन पीसः लैंड ऑफ वानो आर्क का प्रीमियर 5 मई को पहली बार हिंदी में कार्टून नेटवर्क पर!

**मुंबई।** दुनिया भर में धूम मचाने वाली सांस्कृतिक घटना और इपिक पायरेट रोमांच की कहानी अब भारत में कार्टून नेटवर्क पर प्रसारित होगी। कार्टून नेटवर्क ने आज विश्व स्तर पर प्रशंसित मांगा सीरीज वन पीस के वन पीस- लैंड ऑफ वानो आर्क कहानी को पहली बार भारतीय टेलीविजन पर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में प्रसारित करने की घोषणा की है। चैनल समर सीजन और अपने लोकप्रिय जापानी एनीमे स्लेट के भंडार में चमक जोड़ते हुए, लफी एंड द रेस्ट ऑफ़ स्ट्रॉ हैट्स पाइरेट्स के साथ रोमांचकारी कारनामों को भी होस्ट करेगा, जो 5 मई से प्रत्येक रविवार को दोपहर 1 बजे से शुरू होगा और उसके बाद सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे तक प्रसारित होगा।उत्तम पाल सिंह, किड्स क्लस्टर हेड, साउथ एशिया, वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने शो के प्रीमियर के बारे में कहा, कार्टून नेटवर्क हमेशा से ही अपने दर्शकों को मूल और व्यापक रूप से मान्यता



प्राप्त कहानियों की पेशकश करने में अग्रणी रहा है और हमारा एनीमे स्लेट इसका एक सच्चा प्रतिबिंब है। हमें पिछले दो सालों में अपने प्रशंसकों से बेहद प्यार और समर्थन मिला है और हम वन पीस- लैंड ऑफ वानो आर्क की अविश्वसनीय कहानी और अनुभव के साथ अपने सभी एनीमे दीवानों और कार्टून नेटवर्क फैंस के लिए वन पीस यूनिवर्स से एक और नायाब जेम लाने को पूरी तरह से रोमांचित हैं। शो की यूनिवर्सल थीम बहादुरी, दोस्ती और कभी न हार मानने वाला रवैया जैसे कार्टून नेटवर्क के मार्गदर्शक सिद्धांतों का पूरी तरह से पूरक है।÷उन्होंने कहा, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम जैसी क्षेत्रीय भाषा में डबिंग वाली इस सीरीज को कार्टून नेटवर्क पर भारत के करोड़ों एनिमे प्रेमियों द्वार देखा जाएगा और यह शो उन्हें एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगा।

प्रसिद्ध एनीमे स्टूडियो टोई एनिमेशन इंक द्वारा निर्मित और निर्माता इइचिरो ओडा द्वारा अब तक के सबसे अधिक बिकने वाले मांगा शीर्षक पर आधारित, वन पीस एक समुद्री महाकाव्य है, जो अजेय मंकी डी. लफी के यात्रा बताता है जो कि, समुद्री डाकूओं का राजा बनने की अदम्य इच्छा रखता है। इस यात्रा में लफी और साहसी स्ट्रॉ हैट पाइरेट्स अपनी रोमांचकारी मनोरम यात्रा के दौरान अकल्पनीय कठिनाइयों और अनुभवों के माध्यम से एक रास्ता बनाते हैं।हर राइड-या-डाई वन पीस फैन के लिए एक यह एक अमेजिंग फीस्ट है।

# जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

अवधनामा संवाददाता



- गोरखपुर के 9 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 99 व उससे अधिक परसेंटाइल

**गोरखपुर।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गोरखपुर से अपने 9 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं।

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में उत्कर्ष अग्रवाल ने 99.89 परसेंटाइल व एआईआर 1758 हासिल की है। इसी क्रम में आयुष बरनवाल ने 99.89 परसेंटाइल व एआईआर 1786, सिद्धिमा ने 99.83 परसेंटाइल व एआईआर 2725 और शिवम मल ने 99.74 और कुशाग्र ने 99.70 व अन्य चार स्टूडेंट्स ने 99 व उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं। वहीं प्रखर जायसवाल और अंशु चौरसिया ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल हासिल किए। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया। हम आकाश के विषेशज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ÷उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जालसाज ने भूमि बेची

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में चचेरे मामा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भतीजी की भूमि दूसरे के नाम बैनामा कर रिया हड़प गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने फर्जीवाड़ा में शामिल पांच जालसाजों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से राम प्रकाश उपाध्याय पुत्र स्व देवी शरण उपाध्याय निवासी जंगल सरया बेलबरिया थाना गोला ने नाना की दो पुत्रियां है।जो पूरी संपत्ति की मालिक भी है। लेकिन चचेरे मामा ने कुटराचित फर्जी दस्तावेज तैयार मौसी के नाम दर्ज गाटा संख्या 526 व 524 को फर्जी तरीके से दूसरे के नाम बैनामा कर रुपया हड़प गया है। शेष बची भूमि भी बेचने के फिराक में लगा है। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा होने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम प्रकाश उपाध्याय, राम कृष्ण उपाध्याय, विजयानंद उपाध्याय नरेंद्र देव, रविनाथ उपाध्याय के खिलाफ कुटराचित दस्तावेज तैयार कर फर्जीवाड़ा करने तथा मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# संविधान विरोधी है भाजपा सरकार खत्म कर रही आरक्षण : मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



- कुशीनगर लोकसभा दौरा पर पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य
- लोकसभा के पांचों विधानसभाओं में किया भ्रमण

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान विरोधी है इसीलिए वह आरक्षण खत्म करने पर आमादा है। यह चुनाव बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों व विचारों को बचाने का है। उन्होंने इंडिया गठबंधन की जीत की वकालत की।

कुशीनगर लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद वह पहली बार क्षेत्र में आए थे। उनके एक दिवसीय दौरे पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत किया। लोकसभा के हाटा से लगायत कसया, पडरौना, खड्डा व रामकोला विधानसभाओं के भ्रमण के दौरान उन्होंने मीडिया व जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वादाखिलाफी को देश की जनता अच्छी तरह जान गई है व देख चुकी है। पूंजीपतियों व सामन्तवादियों को बढ़ावा देने वाली इस सरकार ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने देश की अर्थव्यवस्था को बदहाली की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा सरकार राष्ट्रीयकृत संस्थानों को धड़ल्ले से निजीकरण कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वह इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए लड़ रहे हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो देश के हालात सही होंगे। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि भाजपा को जो प्रत्याशी हराए उसे वोट करें। इस दौरान आरके मौर्य, हैदर अली राइनी, नरेंद्र यादव, अशोक मौर्य, दिनेश चौधरी, हंसराज कुशवाहा, बेचू खान, सज्जन गुप्ता, कृष्ण प्रताप मौर्य, मुकेश रंजन मौर्य, अमरजीत कुशवाहा, मो. आलम, नरेंद्र भारती, दूधनाथ भारती, मनोज मानव, शम्भू कुशवाहा, अजय कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## ग्लोबल एकेडमी स्कूल के छात्र हिमांशु यादव ने जेईई मैंस में लाया प्रदेश में पहला स्थान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** कहते है कुछ पाने की चाहत हो तो कुछ भी मुश्किल नहीं होता है। परेशानियां ही बढ़ती है साहस, मुश्किल से मिलती है मंजिल सुहानी। किसी महान शख्सियत ने लाइन लिखी थी आज इस होनहार छात्र हिमांशु यादव पर फिट बैठती है। भारत में इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन होता है जिसका परिणाम बुधवार देर रात को आया ग्लोबल एकेडमी स्कूल जंगल हकीम नंबर एक के छात्र हिमांशु यादव ने जेईई मेंस में यूपी टॉप करके स्कूल और माता-पिता का नाम रौशन किया है मूल रूप से गाजीपुर के पचारा नंदगंज के रहने वाले संजय यादव के छोटे पुत्र हिमांशु यादव ने जेईई मेंस में यूपी टॉप किया है संजय यादव पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर महाराजगंज में क्राइम ब्रांच तैनात है संजय के बड़े पुत्र प्रियांशु यादव मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बीटेक कर रहे हैं और छोटा बेटा हिमांशु यादव ने जेईई मेंस यूपी टॉप करके स्कूल और माता-पिता का नाम रौशन किया है हिमांशु बचपन से ही पढ़ने लिखने में होनहार था। बैडमिंटन खेलना उसकी हॉबी है 8 से 10 घंटे वह सेल्फ स्टडी भी करता है पिता संजय यादव ने बताया कि वह अभी फिलहाल गांव पर है और जेई एडवांस की तैयारी में लगा हुआ।

## शीघ्र ही जंगल रामनगर में दूर होगी खारे पानी की समस्या

**अमेठी।** स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत जंगल रामनगर के चार मजरों में खारे पानी की समस्या दो महीने के अंदर दूर हो जाएगी। जंगल रामनगर की लगभग पच्चीस हजार आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन की ओर से लगभग दस करोड़ रुपए की परियोजना पर काम चल रहा है। पुरानी ग्रामीण पेयजल समूह योजना का विस्तार भी किया गया है। 20 अप्रैल तक एक ओवर हेड टैंक के निर्माण का लगभग 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। 60 किमी लम्बाई में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। पुरानी ग्रामीण पेयजल समूह योजना से जलापूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जंगल रामनगर में तीन ओवर हेड टैंक बनवाए जा रहे हैं। तीन नलकूपों की स्थापना की जाएगी। दो हजार से ऊपर संख्या में हर घर तक नल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इंजीनियर वी पी सिंह अधिशासी अभियंता जलनिगम ने बताया की हेड टैंक से वाटर सप्लाई शुरू करा दी जाएगी।

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को द्वितीय प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। जिसमें उन्हें पोलिंग पार्टी रवानागी के समय क्या करना है बीयू, सीयू और वीवीपैट को चेक करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है मतदान के दिन की जाने वाली कार्यवाही ईवीएम कनेक्शन की प्रक्रिया माकपोल की प्रक्रिया वास्तविक मतदान के लिए सीयू सीयू व वीवीपैट को सील करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के साथ ही उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहेंगे तथा किसी भी बूथ पर मतदान से संबंधित कोई समस्या आने पर तत्काल वहां पहुंचकर उसका निराकरण निश्चित करायेंगे। आप लोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पार्टियां समय से अपने-अपने बूथों पर पहुंच जाएं। इसके साथ ही आप लोग स्वयं ईवीएम मशीन को जोड़ने एवं मशीन में आने वाले एरर की जानकारी के साथ ही सभी मास्टर ट्रेनरों के नंबर भी अपने पास सुरक्षित सेव कर ले जिससे मतदान के दिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप लोग आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर ले उसी के अनुसार निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर, एवं मे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक एन के सिंह डॉ पीके मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर के किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो पूनम टंडन ने कहा कि नवयुवाओं का दिमाग ही नवाचार के लिए सबसे अच्छा हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा नवान्वेषण और नई -नई तकनीकियां के माध्यम से देश एवं प्रदेश को विकसित करने मे अपना प्रमुख योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजिनियर जे बी राय ने कहा कि संस्थान लगातार प्रगति कर रहा है यहा का शैक्षिक परिवेश प्रशासनिक व्यवस्था एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के स्तर का है। इसमें 200 से ज्यादा शोध पत्र प्राप्त हुए हैं और विभिन्न संस्थानों के 500 से अधिक प्रतिभागी इस त्रिदिवसीय संगोष्ठी मे प्रतिभाग करेंगे। इस आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया एवं कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया ने बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ मनोज कुमार मिश्र, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन बच्चे सफल



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा गोरखपुर-सरकार मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन करा रही है। इस परीक्षा में सफल बच्चो को सरकार द्वारा चार वर्ष तक प्रतिमाह एक हजार रुपया छात्रवृत्ति के तौर पर मुहैया कराती है। इस परीक्षा में सहजनवा ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर बुदहट के तीन बच्चे सुरज, विशाल, कंचन ने सफलता पाई है। बच्चो ने इस सफलता का श्रेय माता, पिता और गुरुजनों को दिया है।

## दुखदुरिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के गांव सरायखेमा स्थित



प्राचीन महावीरन धाम पर बृहस्पतिवार को दुख दूरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की 49 महिलाओं ने हिस्सा लिया तथा अवसान माता की पूजा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा पाठ किया। भाजपा के सेक्टर संयोजक एवं समाजसेवी संजीव कुमार मिश्र की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। तथा आए हुए समस्त भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर संजीव राजीव कुमार शिवकरण मौर्य बिंद्रा प्रसाद विश्वकर्मा सुरेंद्र मौर्य सौरभ गायत्री प्रसाद मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज




कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1 विकास खण्ड-देवरिया नरेन्द्र मोहन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा गत 23 अप्रैल को विधान सभा क्षेत्र-देवरिया के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थल सं0 303, 304 प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1, विकास खण्ड-देवरिया के विद्यालय पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र मोहन सिंह द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानक का अनुपालन करते हुए आदर्श एवं सराहनीय कार्य किया जाना पाया गया।

## प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में सूर्यांश का हुआ चयन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा क्षेत्र के भीटी रावत, चकिया टोला निवासी सूर्यांश यादव पुत्र मिथिलेश यादव का चयन प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बताते चले की सूर्यांश यादव ( उम्र 11 वर्ष ) ने प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी का पहला ट्रायल 19 फरवरी को रिजीनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में दिया, जिसमें सूर्यांश को सफलता मिली ।तत्पश्चात 5 अप्रैल से 6 अप्रैल के मध्य दूसरा व अंतिम ट्रायल मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज, सैफेई, इटावा में हुआ। जिसका परिणाम बीते 24 अप्रैल को घोषित हुआ। जिसमे सूर्यांश का चयन प्रदेश स्तरीय जुनियर कबड्डी में हुआ ।परिणाम आने के बाद से ही क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, और सभी लोग सूर्यांश को शुभकामना देने में लगे हुए है । वहीं सूर्यांश के पिता मिथिलेश यादव भी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कालेसर में योग चिकित्सक के रूप में कार्यरत है।

## मलेरिया दुनिया की सबसे घातक परजीवी बीमारियों में से एक, इसके खिलाफ जारी लड़ाई में तेजी लाना हो लक्ष्य



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में विश्व मलेरिया दिवस पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की शिक्षिका श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय ने छात्रो को बताया कि मलेरिया वास्तव में दुनिया की सबसे घातक परजीवी बीमारियों में से एक है, जिसके कारण 2017 में वैश्विक स्तर पर 21.9 करोड़ से अधिक मामले और 4.35 लाख मौतें हुई। मलेरिया से हर साल 200 करोड़ लोगों को ख़तरा होता है, जिनमें 90 स्थानिक देशों के निवासी और 12.5 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक शामिल हैं यदि उपचार में देरी होती है तो गंभीर जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं जैसे कई मलेरिया एनीमिया, सेरेब्रल मलेरिया, कोमा या मृत्यु हो जाती है इस गिनती पर अंकुश लगाने के लिए बिमारी और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिस कारण विश्व मलेरिया दिवस मनाये जाने कि शुरुआत वर्ष 2000 से प्रारंभ की गयी उस समय अफ्रीकी देश में विश्व अफ्रीका मलेरिया दिवस के नाम से मनाया जाता था जिसे वर्ष 2008 से विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस दिवस का मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य विश्व के हर व्यक्ति को इस जानलेवा रोग के प्रति जागरूक करना, इसके रोकथाम करना, वैक्सीन इत्यादि कि खोज कर विश्व को मलेरिया से मुक्त करना है।

# एबीसी क्लासेस ने 1014 जनरल रैंक देकर फिर से जिले में लहराया अपना परचम

अवधनामा संवाददाता




**कसया, कुशीनगर।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 में नगर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था एबीसी क्लासेस कुशीनगर के बच्चों ने इस बार फिर बाजी मारी। जेईई मेन 2024 की परीक्षा में इस वर्ष बैठे 15 लाख छात्रों में आशीष पाण्डेय ने देश में 1014 जनरल रैंक देकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया व जयदीप कुशवाहा दूसरे स्थान पर रहे।

संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोनबरसा पाण्डेय डीह, वार्ड नम्बर-19, शिवाजी नगर, कुशीनगर निवासी राजीव पाण्डेय व प्रधानाध्यापक निशा ओझा के पुत्र आशीष पाण्डेय को 99.94 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुआ और प्रधानाध्यापक रमेश कुशवाहा व उर्मिला देवी के पुत्र जयदीप कुशवाहा निवासी मठिया ख़रीद, वार्ड नम्बर-10, सरोजनी नगर, तरकुलवा, देवरिया ने जेईई मेन 2024 में 99.64 परसेंटाइल लाकर ज़िले में दूसरा स्थान प्राप्त किया, एबीसी क्लासेस से चयनित 5 बच्चों में तीसरे स्थान पर रही स्वेता कुशवाहा पुत्री चंद्रशेखर कुशवाहा व लक्ष्मी देवी निवासी - गंडक कॉलोनी, फ़ाज़िलनगर ने 97.31 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है। चौथे स्थान पर उत्कर्ष कुमार पुत्र धीरज कुमार व अनीता पाठक निवासी - सेमरा हरदोपट्टी, कुशीनगर ने 97.10 परसेंटाइल प्राप्त किया और पांचवे स्थान पर अराधना शर्मा पुत्री दिनेश्वर शर्मा व सरोज शर्मा निवासी पचरूखिया, कुशीनगर ने 92.79 परसेंटाइल प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक व नपा परिषद कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल व निदेशक हिमांशु जायसवाल सहित शिक्षकों ने छात्रों और उनके माता पिता को सम्मानित किया व संस्था द्वारा विगत महीने ही जे.ई.ई. मेन 2024 के प्रथम चरण के परिणाम आने के बाद इन बच्चों के प्रोत्साहन और मनोबल हेतु जिले में प्रथम आए आशीष को 51000 रू ज़िले में दूसरे पे आए जयदीप को 51000 रू और स्वेता को 25000 रू पुरस्कार राशि भेंट किया गया। निदेशक राकेश जायसवाल ने कहा कि अपनी कर्मठता के बल पर व्यक्ति सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करता है। इसलिए कड़ी मेहनत, ईमानदारी से अध्ययन करें। आप सदा आगे बढ़ेंगे। इस दौरान शिक्षक ई. अंकुश गुप्ता, डॉ अरविंद शुक्ला, ई. राहुल कुमार गुप्ता, डॉ फिरोज अली अंसारी, सच्चिदानंद तिवारी, अमरेन्द्र पाठक, विनय प्रभाकर पाण्डेय, विवेक मिश्रा व ईशा जायसवाल ने सफल छात्र - छात्राओं को बधाई दी है।

## सचल खरीद के माध्यम से गेहूं क्रय के लिए 92 क्रय केन्द्रों को किया गया अधिकृत

**अमेठी।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी/अपर जिला खरीद अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार गेहूँ क्रय नीति के तहत मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ क्रय किया जाना है तथा अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा मोबाइल खरीद किये जाने हेतु ऑनलाइन माड्युल पर केन्द्र प्रभारियों को सुविधा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त निर्देशानुसार जनपद के समस्त किसान किसी ग्राम में एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूँ की उपलब्धता होने की स्थिति में अपने नजदीकी क्रय केन्द्र से सम्पर्क अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नम्बर 8528126280 पर अवगत करा सकते है तथा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल सचल खरीद के माध्यम से खरीद सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि गेहूँ क्रय किये जाने हेतु जनपद में समस्त 92 क्रय केन्द्रों को मोबाइल परचेज के माध्यम से खरीद करने के लिए अधिकृत किया गया है।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता मोदी और योगी : स्वतंत्रदेव

अवधनामा संवाददाता



- सोशल मीडिया को अपना हथियार बनाएं कार्यकर्ता

**देवरिया।** तरकुलवा नगर पंचायत के ओम मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी का मजबूत सिपाही है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश के हजारों घरों की कुंडी खटखटाई तब जाकर अटल बिहारी वाजपेई जैसा समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को प्राप्त हुआ। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसने राम को नकार दिया राम को काल्पनिक कहा वो हमारी पुरातन संस्कृति के बारे में क्या बताएंगे, देश का प्रधानमंत्री जमीन पर उतर कर सफाई कर्मियों के पैर धोता है ये हमारा सौभाग्य है । पहले देश की संसद में बम फटता था, अयोध्या में बम फटता था देश के अन्य कई हिस्सों में आतंकवादियों के हमले होते थे लेकिन आज देश का नेतृत्व एक कुशल हाथों में होने के कारण आतंकियों के सरपरस्तों को उनके घर में घुसकर उन्हे सबक सिखाने का कार्य नरेंद्र मोदी ने किया। अन्नदाताओं को सम्मान, महिलाओं को सम्मान, युवाओं को रोजगार, गरीबों को छत देने का कार्य भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि बड़े संघर्षो के बाद पार्टी सत्ता में आई तो आप सभी देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं की बदौलत आई । देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, और शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो रही है, आज दुनिया के अंदर हिंदुस्तान की जय जयकार हो रही है। आप सबको मोदी बनकर, शशांक बनकर चुनाव लड़ना होगा, आज शूटर मरे नहीं हैं बल्कि मोदी और योगी के डर से दुबक कर घर में बैठे हैं, उन्हे मौका मिला तो वो फिर जम्मू कश्मीर से तिरंगा उतरवाने का कार्य करेंगे, धारा 370 हटाने का कार्य करेंगे इनके इसलिए इनके बहकावे में नहीं आना है इनकी मानसिकता देश को लूटने की है । यहां बैठा भाजपा का हर कार्यकर्ता कल मोदी और योगी बन सकता है और ये सिर्फ भाजपा में संभव हो सकता है । हमारा एक गौरवशाली इतिहास रहा है क्योंकि हमने अंत्योदय का मंत्र दिया, हमने एकात्म मानववाद का नारा दिया और आज देश के करोड़ों गरीब की रोटी चलाने का कार्य भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार में किया जा रहा है । अपने स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का समय है कि आज इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का हम सबको मार्गदर्शन मिल रहा है, आज के इस दौर में मोबाइल और इंटरनेट का जमाना है जिसके माध्यम से समाज के भीतर सूचनाओं का आदान प्रदान बहुत ही सुगमता के साथ और बहुत ही कम समय में किया जा सकता है । इसका सदुपयोग पार्टी के कार्यकर्ता बहुत ही सकारात्मक रूप से करें और पार्टी के कार्यो को जनता तक पहुंचाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवरिया लोकसभा के प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि आज भारत सूचना और तकनीकी के क्षेत्र में पूरे विश्व में अपना डंका बजा रहा है, बड़ी बड़ी तकनीकी कंपनियों के सी ई ओ भारत के नागरिक हैं । उन्होंने सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी के योजना रचना के अनुसार सरकार के कार्यों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। सोशल मीडिया का विभाग हर व्यक्ति के लिए है।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया ईसीसीई मॉडयूल 2 और डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को ईसीसीई पर मज़बूत बनाने के लिए बहुत कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को सीडीपीओ कार्यालय गौरीगंज में परिक्षेत्र की 35 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ ईसीसीई की महत्वता एवं बच्चों के विकास के प्रमुख डोमेन पर राकेट लर्निंग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के मॉड्यूल-2 की ट्रेनिंग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को काफी रुचिकर लगी। उन्होंने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसमें बाल्यावस्था शिक्षा की संज्ञानात्मक विकास की विभिन्न गतिविधियों जैसे- संख्या का खेल आओ कहानी बनाये आकार बनाने के प्रकार आदि के माध्यम से उनको अनुभव कराया गया। इस ट्रेनिंग में तकनीकी प्रशिक्षण द्वारा ऑडियो विसुअल विडियो मोबाइल के इस्तेमाल और डाटा कलेक्शन भी शामिल था ताकि वह इसका इस्तेमाल अपने केन्द्रों में बच्चों को सिखाने में कर सकें। डीपीओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने आज के प्रशिक्षण में कार्यकत्रियों ने क्या-क्या सीखा की जानकारी ली और कहा की इसे आप सभी अपने केंद्र पर बच्चों को गुणवात्तपूर्ण शिक्षा प्रदान करें। आज के प्रशिक्षण मे सीडीपीओ संतोष कुमार गुप्ता रॉकेट लर्निंग संस्था से जिला सामन्यक सुरेश गुप्ता मुख्यसेविका सोमवती एवं परिक्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने प्रशिक्षण मे प्रतिभाग किया।

# मानव मात्र के संकल्प से ही धरा पर हैं गौ माता सुरक्षितः एस सुधाकरन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आंखें चाहे इंसान की हो या जानवर की आंसू तभी बाहर आते हैं, शरीर व दिल में दर्द जब बेइम्तिहा होता है। गौ माता प्राण ही नहीं संसार का प्राण है, यह जानवर नहीं इसमें देश की जान है, यह उक्त बातें अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनेन्दु सुधाकरन ने एक मुलाकात में कही। जनवरी माह में नई तैनाती पर आए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एस सुधाकरन ने अधिकार और मानवीयता के फांसले को और कम करते हुए गौ माता के जीवन की चर्चा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एकबार गौ माता पर हो रहे अत्याचार को देखकर मन सिहर सा गया, सहन नहीं हुआ मेरे मन को झकझोर कर रख दिया। तभी से मन गौ माता की सेवा भाव को बिना विलंब किये शुरुआत किया।2014 बैच पीसीएस अधिकारी अपर जिला अधिकारी सुनेन्दु सुधाकरन ने अबतक लखीमपुर खीरी, रायबरेली, चित्रकूट के बाद सुल्तानपुर में सेवा दे रहे अपने स्वभाव और विचार को साझा करते हुए कहा कहा कि अधिकार हमारे तभी मजबूत होंगे, जब हमारा मानवीयता अथवा संस्कार मजबूत होगा, मूलतः बलिया के रहने वाले श्री एस सुधाकरन ने बताया कि अपने पैतृक गांव में अबतक 255 गौ माता की सेवा करने का संकल्प लिया है जो सेवा भाव चल रहा है। उन्होंने कहा कि बेजुबान जानवरो के मरणोपरांत उनके मृत शव को खुले में फेंकने से पर्यावरण प्रदूषण के प्रबंधन के लिए एक नई पहल शुरू किया है। जो इस जनपद में धरातल पर लाने के लिए काम शुरू कर दिया। मृत पशुओं के लिए इलेक्ट्रिक शव दाह बनाने के लिए जमीन आवंटन के लिए नगर पालिका को पत्र लिखा है। अगर समय रहते जमीन आवंटन हुआ तो जल्द ही यह पहल कामयाब होगा। इस मौके पर नेशनल यूनियन ऑफ जनरलिस्ट उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष/राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी का सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह, व संगठन के जिला महामंत्री जयशंकर दूबे, उपाध्यक्ष केडी शुक्ला सहित अन्य लोगों ने अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा गौ सेवा के इस कार्य की सराहना की।

## मुरारपुर शक्ति केंद्र प्रभारी बने भुपेश मिश्रा



**सुल्तानपुर, भदैंया।** मंडल के मुरारपुर शक्ति केंद्र का प्रभारी गणेश की जगह अब भुपेश मिश्रा को बना दिया गया हैं। जो भदैंया मंडल के भाजपा आई टी शेल के भी प्रभारी है। भुपेश मिश्रा को एक और जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। भुपेश मिश्रा समेत समर्थकों ने कहा इस बार 400 सौ पार के मोदीजी के मारे को वे सफल बनाएंगे। वही भदैंया भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने कहा की मुरारपुर शक्ति केंद्र प्रभारी श्री गणेश कुमार शुक्ला जी थे, उनकी तबीयत खराब होने से उनको सही इलाज वा आराम करने की सलाह दी गई है। इसी लिए गणेश जी के स्थान पर अब भदैंया मंडल के आई टी शेल प्रभारी भुपेश मिश्रा को मुरारपुर शक्ति केंद्र प्रभारी का भी प्रभार सौंप दिया गया है।

# दुकानदारों को नगर पालिका द्वारा बेदखल करने के खिलाफ कांग्रेस हुई मुखर, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर द्वारा सब्जी मंडी के व्यापारियों को उनकी दुकानों से बेदखल करने की नोटिस के विरोध में कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में व्यापारी जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे।आक्रोशित व्यापारियों ने जमकर नगर पालिका परिषद के ई ओ एवं अध्यक्ष के विरोध में नारे लगाए।कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष सब्जी मंडी की बेश कीमती भूमि को अपने चहेते मित्रों को देने के लिए जानबूझकर सब्जी मंडी की दुकानों को जर्जर बता रहे हैं।यदि भवन जर्जर है तो उन्हें उसकी मरम्मत के लिए प्रयास करना चाहिए, ना कि दुकानदारों को उनकी दुकानों से बाहर निकाल देना चाहिए।उन्होंने जिला अधिकारी महोदय से तत्काल इस प्रकरण पर संज्ञान लेने की बात कही।उन्होंने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है,फिर भी प्रशासन जानबूझकर व्यापारियों को तंग कर रहा है। जिससे वह सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाए और प्रशासन को कार्रवाई का अवसर मिल जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छोटे व्यापारियों की हितैसी है और वह हर सूरत में व्यापारियों के साथ खड़ी रहेगी।ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान मौजूद कोतवाली पुलिस और कांग्रेस नेता वरुण मिश्र के बीच जमकर बहस भी हुई।मौके पर व्यापारियों के आक्रोश को देखकर सिटी मजिस्ट्रेट ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। इस अवसर पर मोहम्मद जुनेद कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा,युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मोहित तिवारी, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल मिश्रा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश मिश्र, अबरार अहमद ,संदीप सोनकर, महेश सोनकर, निहाल खान, नरेंद्र सोनकर, मोहम्मद खालिक, जीतू सोनकर, राजेश, गोलू, डब्लू, कामता, सुमित, टिबलू, वीरू, गणेश, बब्बन, नेबूलाल, रोहित, सुकई, मदन, कपिल, दीपक, अर्जुन, बंटी, अभिषेक, विशाल, शुभम, माजिद, देनु, भारत, प्रेम, सनी, समेत सैकड़ों की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर से शिक्षामित्र महिला की मौत

**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत एक स्कूटी पर सवार शिक्षामित्र महिला की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। थाना खैरगढ़ के कस्बा निवासी 42 वर्षीय सुमनलता पत्नी शिवकुमार जो कि श्योमई के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात है। वह रोज़ाना की भांति विद्यालय से छुट्टी पश्चात घर लौट रही थीं कि तभी रास्ते में सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार सुमन को अपने चपेट में ले लिया। जिससे शरीर पर गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तभी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। वहीं घटना की सूचना स्थानीयजनों ने पुलिस को दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर षव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला विच्छेदन गृह में रखवा दिया। एसओ खैरगढ़ के अनुसार घटना के बाबत अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम में दी जानकारी

**शिकोहाबाद।** राज नारायण महेश्वरी ज़िला संयुक्त चिकित्सालय मे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में मलेरिया रोग की रोक थाम व इस रोग के सम्बन्ध मे जागरूकता बढ़ाना रहा। सीएमएस ने बताया कि मलेरिया जैसी समस्या एवं वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में तेजी सुनिश्चित किया जाना निश्चित किया है। इसी को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम की थीम 'आईए मिलकर मलेरिया मुक्त स्वस्थ्य भारत बनाए' रहा। इस पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। लोगों को मलेरिया से बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रबन्धक डॉ. शाने आलम, फार्मासिस्ट कीर्ति गुप्ता, एनसीडी काउंसलर साक्षी और प्रीति आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्ट रोड लाइट पोल फैला रहे हैं उजाले के बजाय अंधेरा

- बंद पड़ी हैं स्मार्ट रोड की स्ट्रीट लाइटें

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** शहर फिरोजाबाद में सरकार की मंशा के अनुरूप शहर के एस0एन0 रोड को सुभाष तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक स्मार्ट रोड की संज्ञा दी गयी है। जहां किए जा रहे विकास कार्यों के अन्तर्गत पुराने विद्युत पोल भी हटा कर नये लगाए गए हैं जो आज-कल देखने के लिए लाइट पोल है। लेकिन लाइट करने के बजाय अंधेरा फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

जी हां। स्मार्ट रोड पर लगी पुरानी स्ट्रीट लाइटों को भी पुराने विद्युत पोलों के साथ हटा लिया गया। उनके स्थान पर नये लाइट पोल भी लगा दिए गए साथ ही उन पर स्ट्रीट लाइटें भी लगा दी गयी हैं। लेकिन वह लाइटें एक-दो बार जलायी तो गयी थीं लेकिन वह आवष्यकता के अनुरूप उजाला नहीं कर सकी। परन्तु नगर निगम एवं सम्बन्धित विद्युतकर्मियों की लापरवाही के चलते अब वह पूरी तरह से अंधेरा फैलाने का कार्य कर ही हैं। क्योंकि आज-कल वह पूरी तरह से बन्द पड़ी हैं जिसके चलते कम्पनी बाग चौराहे से लेकर तिकोनिया मोड़ तक स्मार्ट रोड पूरी तरह से रात भर अंधेरे में डूबा रहता है। जिसके चलते राहगीरों को सिर्फ आने-जाने में दिक्कतों का सामना ही नहीं करना पड़ रहा है बल्कि डर के एहसास को भी सहना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी निगम का स्ट्रीट लाइट, विद्युत विभाग पूरी तरह से गांधारी बना हुआ है। अगर समय रहते निगम ने स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं कीं तो रात के समय घटना एवं दुर्घटना हो सकती है।

## जनसामान्य से मुलाकात के समय में हुआ आंशिक संशोधन

**बहराइच।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी प्रतिदिन प्रातः 09.00 बजे से 10.00 बजे तक रूम नं0-2, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। श्री रंजन ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9044154983 अथवा उनके लाईज़निंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9450531248 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# हाइकोर्ट की मियाद पूरी अवमानना की तैयारी में याची

- ईट भट्ठे के खिलाफ हाईकोर्ट मे दाखिल याचिका से जुड़ा मामला, मई के पहले सप्ताह मे तारीख नियत

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले में अवैध व मानक विहीन स्थिति मे चल रहे आधा दर्जन ईट भट्ठे के खिलाफ उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में पड़ी जनहित याचिका में न्यायालय ने अपर मुख्य सचिव पर्यावरण एवं वन यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ प्रांतीय यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जिला अधिकारी, जिला खनिज व खनन अधिकारी जिला पंचायत बोर्ड समेत सभी पक्षकारों से तीन सप्ताह के अंदर जवाब मांगा था। समय सीमा बीत जाने के बावजूद पक्षकार अफसरों ने कोर्ट मे कोई जबाब दाखिल नही किया न ही इस मामले मे कोई कार्यवाही ही की थी। समय पूरा होने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने से अब याचिका करता द्वारा न सिर्फ अवमानना के लिए कोर्ट मे अर्जी देने की तैयारी है बल्कि याचिका को मजबूत करने के लिए कुछ और कागजात दाखिल करने पर बल दिया है। फिलहाल मई के पहले हफ्ते मे कोर्ट ने तारीख नियत की है। वही याचिका की जद में आए सभी महकमें व भट्ठा मालिकान पर कानूनी तलवार अभी भी लटकती नजर आ रही है। बताते चले हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जनहित याचिका दायर की गयी। मा. न्यायाधीश की डबल बेंच ने याचिका की सुनवाई करते हुए शासन के पक्षकारों के साथ-साथ आधा दर्जन भट्ठा मालिकों को भी नोटिस भेज कर तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा था। पूर्व की शिकायतों में लेखपाल और कानूनगो द्वारा दी गई रिपोर्ट भी जनहित याचिका से इतर दी गयी है। फिल्हाल याचिका की जद मे आये दूबेपुर ब्लॉक के गाजी ब्रिक फील्ड अमहट बरियार साह ब्रिक फील्ड ताज खान पुर स्टार ब्रिक फील्ड दूबेपुर अब्बास ब्रिक फील्ड रामापुर बरियार साह ब्रिक फील्ड बिकना गुलशन ब्रिक फील्ड उसेपुर सरैया भारत ब्रिक फील्ड दादूपुर आदि भट्ठा संचालकों की मुसीबते थमने का नाम नही ले रही।

# प्रत्याशी प्रतिनिधियों व प्रेक्षक की उपस्थित में रेण्डमाइजेंशन आवंटित

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए जिला प्रशासन चरणबद्ध कार्य कर रहा है इसी क्रम में एनआईसी कक्ष विकास भवन में ई वी एम व वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन जिलाधिकारी रमेश रंजन व सामान्य प्रेक्षक डी गंगाधरन एवं सभी प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। बूथवार रेण्डामाजेशन के नम्बर की सीयू, बीयू एवं वीवीपैट मशीनें लगेगी तथा साफ्टवेयर से आवंटित किया गया। जनपद की सभी विधान सभाओं में निर्धारित बूथों की कुल संख्या के सापेक्ष मशीनों को आवंटित किया गया एवं कुछ प्रतिशत मशीनों को रिजर्व किया गया, जसराना विधान सभा के लिए 445 बीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनें आवंटित की गई, इसी प्रकार से फिरोजाबाद विधान सभा के लिए 414 बीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनें व शिकोहाबाद विधान सभा के लिए 391 बीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनें, सिरसागंज विधान सभा के लिए 369 बीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनें व टूण्डला विधान सभा के लिए 434 बीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनें आवंटित की गयी है। सम्पूर्ण रैण्डमाइजेशन की कार्यवाही अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा कराई गयी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज व सभी उप जिलाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी, सपा प्रत्याशी प्रतिनिधि विजय कुमार आर्या, बसपा प्रत्याशी प्रतिनिधि सुशील भारती, भाजपा प्रत्याशी प्रतिनिधि अवधेश कुमार, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी संजय सिंह, राष्ट्रीय उदय पार्टी प्रभात कुमार, निर्दलीय विपिन कुमार आदि उपस्थित रहें।

## हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए स्थान व तिथि निर्धारित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के टीकाकरण हेतु स्थान एवं तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है।

सीएमओ ने बताया कि मदरसा जामिया अरबिया मसऊदिया नुरूल उलूम काज़ीपुरा, बहराइच में 27 अप्रैल 2024, मदरसा अल जामेयतुन नूरिया ऐनी कैसरगंज बहराइच में 28, मदरसा सै. गौसुल उलूम मौजा दरहेटा फखरपुर व मस्जिद एवं मदरसा खैरून्निशां निकट नोवा हास्पिटल, मो. नाज़िरपुरा बहराइच में 29, मदरसा दारूल उलूमकादरिया बेलदारन टोला नानपारा 30 अप्रैल 2024 तथा मदरसा जामिया फैजुल उलूम बख्शीपुरा दरगाह रोड बहराइच में 01 मई 2024 को हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया निर्वाचन कन्ट्रोल रूम व नामांकन स्थल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन स्थल का निरीक्षण कर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच के अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी मोनिका रानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

नामांकन स्थल के निरीक्षण के उपरान्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय ने ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण कर निर्वाचन कन्ट्रोल रूम/शिकायत प्रकोष्ठ, सी-विजिल, हेल्पलाइन नम्बर 1950, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया मानीटरिंग सेल का अवलोकन करते हुए आनलाइन, ऑफलाइन व दूरभाष के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण तथा अभिलेखीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सामान्य प्रेक्षक श्री राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक नानपारा ज्योति चौरसिया, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पुलिस प्रेक्षक ने इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम तथा गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेते हुए सुरक्षा के लिए किये जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चात पुलिस प्रेक्षक सुब्बारेड्डी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# वरिष्ठ पत्रकार की चतुर्थ पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में प्रेस क्लब के सम्मानीय पूर्व सदस्य स्व.पं.सुधाकर तिवारी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर संरक्षक मंडल के सदस्यों के साथ प्रेस क्लब के पदाधिकारी सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन के साथ उन्हें अपनी अपनी भावविनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले ने अपने संबोधन में कहा कि स्व.तिवारीजी चिंतक, विचारक लेखक, उम्दा समाजसेवी पत्रकार थे। उन्होंने प्रेस क्लब संस्था के लिए भी बेहद मनोनयन के साथ कार्य किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अन्य पत्रकार साथियों ने भी अपने-अपने विचारों के माध्यम से स्वर्गीय तिवारी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में उनके परिजनों एवं पत्नी श्रीमती संध्या तिवारी जी के द्वारा गरीब,असहाय,जरूरतमंदों लोगों को भोजन कराया गया।

# शादी समारोह में आये युवक की हत्या का मामला

- पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ललितपुर में दो दिन पहले 23 अप्रैल को कोतवाली सदर क्षेत्र नेहरू नगर में बच्चा जेल के सामने एक शादी समारोह में प्रेम प्रसंग के चलते युवक की मारपीट कर चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य हत्यारोपी थाना जखौरा के ग्राम सिरोंन कलां निवासी संजय सिंह सहित तीन लोगों को आज गुरुवार की सुबह भागने की कोशिश करते समय सिद्दन मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया । उनके पास से चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने बताया कि हत्यारोपी संजय व मृतक ग्राम दुधई निवासी 20 वर्षीय शैलेन्द्र सिंह आपस में रिश्तेदार थे और वह लोग अपने रिश्तेदार की शादी में आये थे , जहां संजय व शैलेन्द्र ने पहले शराब पी। इसी दौरान संजय व शैलेन्द्र में मारपीट हो गई। जिसके बाद संजय ने अपने भाई इंद्रजीत व पिता ऊदल के साथ मिलकर चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में अन्य लोगो की भूमिका की जांच कराई जा रही है। हत्यारोपियों को पकडने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी राहुल राठौर, हे.कां.शीलेन्द्र, हे.कां.स्वदेश, कां. भानप्रताप, हे.कां.चालक दीपक दुबे, सर्विलांस टीम प्रभारी कुलदीप राणा, हे.कां.जिनेन्द्र, कां.रोहित, कां.आमिर, कां.प्रशान्त व कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण सिंह, निरीक्षक जर्नादन यादव, उ.नि.देवराज मौर्या, उ.नि.बांके बिहारी, उ.नि.विनीत कुमार सिंह, उ.नि.विवेक धामा, कां.विक्रम सिंह, कां.गनेश कुशवाहा, कां.करन प्रताप सिंह, कां.जितेन्द्र कुमार व कां.संजीव कुमार शामिल रहे।

# जाखलौन धौर्रा रेल्वे स्टेशन के मध्य सात घंटे बाधित रहा रेल मार्ग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रयागराज से अम्बेड़कर नगर जा रही ट्रेन ललितपुर से होकर भोपाल की ओर जाखलौन-धौर्रा रेलवे स्टेशन के मध्य पहुंची ही थी कि तभी ट्रेन का पेंटो टूट जाने के कारण ललितपुर- भोपाल अप रेल लाइन पूरी तरह से ठप हो गयी। इसके चलते यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। वहीं दूसरी ओर ललितपुर से भोपाल की ओर जाने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से करीब सात घण्टे देरी से रवाना हुयीं। बताया जा रहा है कि प्रयागराज से चलकर अम्बेड़कर नगर की ओर जा रही गाड़ी संख्या 14116 रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही जाखलौन-धौर्रा रेलवे राजमार्ग पहुंची कि तभी गाड़ी का पेंटो टूट गया। इसके चलते ट्रेन मौके पर ही रूक गयी। ट्रेन में पेंटों टूट जाने के कारण ललितपुर- भोपाल रेल राजमार्ग बाधित हो गया। आनन-फानन में रेलवे इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंच कर घण्टों की कड़ी मशक्कत के बाद पेंटो को ठीक किया, तब कहीं जाकर रेल मार्ग सुचारू हो सका। बताया जा रहा है कि ललितपुर से होकर भोपाल की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस, दक्षिण एक्सप्रेस सदन, इन्दौर-पटना एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस और सचखण्ड जैसी गाडियां करीब सात घण्टे देरी से चली।

# जाम का कारण बना बैंक ऑफ बड़ौदा

- छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को झेलना पड़ रहा है जाम का दंश

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** एस0एन0 रोड स्थित महात्मा गांधी बालिका विद्यालय के सामने से जा रहे इस्लाम गंज रोड पर देखा जा रहा है कि लोग जाम में फंसे कराहते नज़र आते हैं। वजह है बैंक ऑफबड़ौदा के ग्राहकों के वाहनों का सड़क पर खड़ा करना।

इस्लाम गंज रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा पर प्रातः 10 बजे से ग्राहकों का आना-जाना शुरू हो जाता है। बैंक ऑफ बड़ौदा पर आने वाले ग्राहक अपने-अपने वाहनों को बैंक के सामने ही सड़क पर खड़ा कर देते हैं। जिसके चलते स्कूली क्षेत्र होने के कारण 10-11 बजे से जाम लगना शुरू हो जाता है। बैंक के आगे-पीछे दो-तीन बड़े-बड़े विद्यालय हैं जहां छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का भी आना-जाना प्रातः से ही शुरू हो जाता है। बैंककर्मियों की लापरवाही एवं पार्किंग अव्यवस्था के चलते राहगीरों को अकसर जाम के झाम से दो-चार होना पड़ता है।

सड़क पर वाहनों के खड़ा होने के कारण लोगों को प्रातः 10-11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जाम का दंष झेलना पड़ता है। इसके बावजूद बैंक न तो पार्किंग की समुचित व्यवस्था करा रही है और न ही सुरक्षाकर्मियों को लगाकर वाहनों को सड़क पर खड़ा करने से रोकती है। बैंक की यह लापरवाही किसी भी दिन झगड़े का कारण बन सकती है।

# सकुशल एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन हेतु गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लें

- प्रशासन की सख्ती से शत-प्रतिशत कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण
- कारण सहित अनुपस्थित 02 कार्मिक 27 अप्रैल को लेंगे प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम) को जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में निर्वाचन सम्बंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासन की सख्ती के कारण 720 में से 718 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, मात्र 02 कार्मिक कारण सहित अनुपस्थित रहे, जिन्हें 27 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उपस्थित मतदान कार्मिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, जनपद के 749 मतदान केन्द्रों के 1056 मतदेय स्थलों पर 5वे चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है, जिसके लिए विधानसभा ललितपुर 538 एवं महरौनी के लिए 518 (कुल 1056) पोलिंग पार्टियां बनायी गई हैं, जो दिनांक 19 मई को अमरपुर मण्डी से रवाना होंगी। मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए 2 एआरओ, 15 जोनल व 107 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गए हैं। इसके अलावा 8 एफएसटी व 6 एसएसटी टीमें भी बनायी गई हैं। बताया गया कि जनपद में कुल 15 लाख 64 हजार 711 जनसंख्या के सापेक्ष 9 लाख 50 हजार 593 मतदाता हैं जो 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी नियुक्ति पीठासीन अधिकारी/मतदान कार्मिक के रूप में की गयी है। उक्त अवधि में निर्वाचन आयोग के नियंत्रणधीन होंगे, आपको कार्य एवं व्यवहार में निष्पक्ष रहने के साथ निष्पक्ष दिखना भी चाहिए।

# मनरेगा कार्यशैली से बीडीओ नाराज, एक सप्ताह मे सकारात्मक परीणाम देने का दावा

## 42 गांव मे आज लगे कुल 6048 मनरेगा मजदूर, टाप पांच मे लगातार भवानी, छिमौली, रतौली, हिमौली व लरौद की ग्राम पंचायतें

**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा विकासखंड की 63 ग्राम पंचायतों मे कल 43 के सापेक्ष मात्र 42 ग्रामीण पंचायतो में 6048 मजदूरों को रोजगार देकर एक बार फिर मौदहा विकासखंड को प्रदेश के मुखिया से सम्मान दिलाने के लिए कठोर परिश्रम करती कागजों में दिखाई दे रही हैं। हालाकि कल के मुकाबले आज 1 ग्रामीण सरकार ने भले ही मनरेगा योजना का लाभ त्यागकर पलायन रोकने मे अपना योगदान बन्द कर दिया हो किन्तु 42 ग्राम पंचायतों ने कल के मुकाबले आज 5972 मनरेगा मजदूरों के सापेक्ष 6048 मजदूरों को काम देकर खण्ड विकास अधिकारी के भ्रमण का बेहतरीन स्वागत किया है, हालाकि खण्ड विकास अधिकारी नम्बर वन पर बने ग्राम भवानी के बजाय फिलहाल सिर्फ चैथे स्थान पर काबिज ग्राम हिमौली आदि की व्यवस्थाये देख सके है। मामला विकास खण्ड मौदहा की ग्राम पंचायतों का है।

विकास खण्ड मौदहा के 63 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष जहां 42 ग्राम पंचायतों ने कल के मुकाबले आज 76 मनरेगा मजदूरों को अधिक काम देकर कुल 6048 मजदूरो को काम पर लगा रखा है, ऐसा कागज बोल रहे है। जिसमे टाप 5 मे ग्राम भवानी लगातार 521 मजदूरों को काम देकर कब्जा जमाये है। जबकि ब्लाक प्रमुख का पैतृक गांव छिमौली 461 मजदूरो को काम देकर दूसरे पायदान मे मौजूद है। इसी क्रम मे छोटी सी ग्राम पंचायत रतौली भी 445 मजदूरो को काम देकर तीसरा स्थान छोडने को तैयार नहीं। जबकि ग्राम पंचायत हिमौली भी दमदारी से चैथे स्थान पर



काबिज रहकर पलायन रोकने में अहम भूमिका निभा रही है। तो भले ही आबादी मे कम हो किन्तु ग्राम लरौद भी मनरेगा योजना से लाभ पहुंचाने मे किसी से कम नही और 336 मजदूरो को काम पर लगाकर पांचवे नम्बर पर आज भी काबिज है। जंबकि ग्राम करहिया, नरायच, छिरका व पढोरी सहित तमाम ग्राम पंचायतें भी पलायन रोकने में अपना अहम योगदान देते हुये मजदूरो को अच्छे दिनो का एहसास करा रही है, कम से कम कागज तो यही बोल रहे है। हालाकि उक्त विषय पर खण्ड विकास अधिकारी ने बेहद ईमानदारी से कुछ कमियो को स्वीकारते हुये कहा कि उनके द्वारा उठाये गये सार्थक कदम का परिणाम एक सप्ताह के अन्दर दिखाई देगा। अब कमियां कहां-कहां और क्या हैं यह समझना हमारे जैसो के लिये थोडा कठिन है।

हालाकि आरोपों की माने तो मनरेगा योजना का दुरूपयोग कर मजदूरों के बजाय जेसीबी से काम कराना ग्राम पंचायतों के लिये कोई नई बात नहीं है। लम्बे समय से ग्रामीण आरोप लगाते आ रहे हैं कि उनके गांव मे रातों को जेसीबी चलाकर मेडबन्दी खुदाई आदि के काम मनरेगा योजना से कराये जाते है और कहीं कहीं तो बिना किसी काम के भी मनरेगा निधि से काम कराके कागजो मे दर्ज कर भुगतान मनरेगा मजदूरों के खाते मे किये जाते हैं और बाद मे उन्हे बिना काम के ही 20 से 30 प्रतिशत सुविधा शुल्क देकर शेष राशि उनसे वसूल कर ली जाती है। जिससे मजदूर भी खुश और ग्रामीण सरकारों के जिम्मेदार भी खुश , किन्तु वास्तविक मजदूर काम के अभाव मे पलायन को मजबूर है, ऐसा सिर्फ ग्रामीणों के आरोपो तक ही सीमित हो सकता है। यदि जांच की बात करें तो विकासखण्ड मौदहा के गांव भवानी मे लगातार 521 मजदूरों को मनरेगा योजना से काम देकर पलायन रोकने का प्रयास किया जा रहा है। 521 मजदूर 6 साईटों मे काम कर रहे हैं जिनमे 4 साइट सिर्फ क्षेत्रपंचायत से संचालित है जिससे खण्ड विकास अधिकारी सन्तुष्ट नहीं दिखे और भ्रमण प्रगति पर होने की बात कही है। फिलहाल उन्होने हिमौली आदि ग्रामो का निरीक्षण किया यहां के कामो से भी वह सन्तुष्ट नहीं दिखे। जिसके चलते उन्होने एक सप्ताह मे व्यवस्था सुधारने का दावा किया है। अब व्यवस्था कितनी सुधरती है यह तो भविष्य के गर्भ मे है किन्तु प्रश्न यह भी है कि इस मंहगाई के दौर मे जब मिनीमिम आम मजदूरी 400रू के लगभग है तब ऐसे मे मनरेगा योजना मे काम करने वाले मजदूर मात्र 236रूपये के एवज मे मजदूरी कर अपने परिवार को कैसे दो वक्त कमी रोटी का इन्तजाम करेंगे।

# पेयजल सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला अधिकारी (नमामि गंगे) ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, हमीरपुर तथा उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), कैम्प कार्यालय, हमीरपुर में स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम विकास भवन स्थिति जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, हमीरपुर के कक्ष संख्या-228 में स्थापना की गयी है, जिसकी दूरभाष संख्या-05282-298176 है व कन्ट्रोल रूम में दो कार्मिक विनोद कुमार एवं संतोष कुमार की तैनाती की गयी है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), कैम्प कार्यालय, हमीरपुर में स्थापित कन्ट्रोल रूम का नं0-9264991425, ई-मेल-upjnhamirpur@gmail.com है एवं शिवम कुमार सहायक अभिंयता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर व अलकेश कुमार,अवर अभियंता, एसडब्लूएसएम, हमीरपुर की तैनाती की गयी है। उक्त कन्ट्रोलरूम नम्बरों पर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल सम्बन्धी शिकायत दर्ज करायी जा सकती है, जिसका त्वरित निस्तारण किया जायेगा।

# डॉ0 घोष को मिला दादा साहेब फाल्के अवार्ड

**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेणुसागर में सीनियर शिक्षक के पद पर कार्यरत डॉ0 विदेन्दु घोष को इंडियन क्लॉसिकल डांस (कत्थक) नृत्य कलाकार के रूप में कल्याणजी जनता यूथ फाउंडेशन डी पी आई ए एफ क्लब मुंबई द्वारा दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया।



उक्त सम्बन्ध में बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ0 घोष ने बताया कि इसके पूर्व दिसंबर, 2023 में पुरस्कार के क्रम में कला भूषण अवार्ड,भारत भूषण अवार्ड दिल्ली और नेल्सन मंडेला अवार्ड मुंबई से सम्मानित किया गया है,आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल में शिक्षण कार्य करने से पूर्व नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित दयानन्द एंग्लो वैदिक महाविद्यालय में 5 वर्ष तक संगीत,डांस व चित्रकला की शिक्षा का ज्ञान प्रदान किया। विगत 21 वर्षो से आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेणुसागर में सीनियर शिक्षक के पद पर कार्यरत है डॉ0 घोष को संगीत, नृत्य और चित्रकला में महारत प्राप्त है,इतना ही नहीं कई राज्यों से सम्मान व समय पर अनेक पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं।

# बैंक कैशियर पर वाउचर फेंक दुर्व्यवहार करने से ग्रामीणों में आक्रोश



**अवधानामा संवाददाता**

**सरीला (हमीरपुर)** क्षेत्र के हरसुंडी गांव के ग्रामीणों ने जलालपुर में स्थित आर्यावर्त बैंक के कैशियर के ऊपर वाउचर फेंक दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय प्रबंधक को बैंक कैशियर के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

हरसुंडी गांव निवासी शिवपाल, राजा करन, मनीराम, परमेश्वरी दयाल, चंद्रपाल, अयोध्या, राधे श्याम, नवल किशोर ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण आर्यावर्त बैंक जलालपुर में स्थित है। जिसमें ग्रामीणों का खाता संचालित है। बताया कि खाते में डले रुपए निकालने के लिए जब खाता धारक आर्यावर्त बैंक जलालपुर जाते हैं। तो वहां पर तैनात कैशियर द्वारा वाउचर को फेंक दिया जाता है। कैशियर कहता है कि वाउचर में फिक्स रुपए भरिए। फुटकर कैश नहीं है। यह हलवा देकर बैंक से भगा दिया जाता है। कुछ खाताधारक ऐसे हैं जो एनपीए हो गए हैं। एनपीए खाताधारकों का रुपया नहीं निकालते हैं। आरोप लगाया कि रुपए के लेन-देन की बात होती है तो दस हजार रुपए में दो हजार रुपए कमीशन काटकर आठ हजार रुपए खाताधारक को दे दिए जाते हैं। इस संबंध में बैंक मेनेजर सज्जन कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कार्मिक 26 अप्रैल को प्राप्त करें प्रशिक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के कुशल निर्देशन में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आज राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, चुर्क सोनभद्र में दो पालियों में सम्पन्न हुआ, जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में जिन भी कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है और वह अब तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किये हैं, वह 26 अप्रैल,2024 को अवश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, प्रशिक्षण में प्रतिभाग न करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व की सुसंगत धाराओं में एफ0आई0आर0 दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के 02 कक्षों में प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा 04 कक्षों में ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया। मतदान में मतदाताओं की पहचान से लेकर मतदान करने तक विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं सावधानियों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित करते हुए विभिन्न प्रारूपों पर सूचना अंकित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों को ध्यान पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने, पारदर्शिता बरतने एवं निष्पक्षता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में कुल 316 मतदान कार्मिकों को उपस्थित होना था, जिसमें से 04 मतदान कार्मिक बिना किसी सूचनाध्कारण के अनुपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव नामांकन स्थल का किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रचलित लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के नामांकन स्थल की बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के क्रम में प्रत्याशियों के समर्थकों व वाहनों के रूट निर्धारित किए जाने के संबंध में कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन कुमार लोधी पुत्र धरमपाल के कब्जे से एक किलो दो सौ ग्राम सूखा अवैध गांजा बरामद करते हुए पुरैनी तिराहा बहद ग्राम ममना से गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में थाना जलालपुर पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

### अधिशाषी अधिकारी नें दिलाई मतदान की शपथ



**मौदहा-हमीरपुर।** मौदहा नगरपालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने सुबह नगरपालिका प्रांगण में मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत पालिका के सभी कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। अधिशाषी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने कहा कि मतदान के दिन सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना है। मतदान में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभानी है। इस मौके पर जेई तोताराम, वरिष्ठ बाबू इसराईल, विजय कुमार, शाह अनवर हसन, अवस्थी, सुशील, सबील आदि सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### निर्धारित तिथियों में फैसिलिटेशन सेन्टर पर पहुंचकर करें मतदान

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन,2024 में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों हेतु पोस्टल-बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु उनके जनपद जहां के वे मतदाता हैं, फैसिलिटेशन सेन्टर स्थापित किया जा रहा है, जनपद के कार्यालयों में तैनात कार्मिक पोस्टल-बैलेट के माध्यम से निर्धारित तिथि को कार्मिक अपने जनपद के स्थापित फैसिलिटेशन सेन्टर पर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, मतदान के समय मतदान कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी आदेश की छायाप्रति मतदाता पहचान पत्र अथवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, जनपद बरेली के कार्मिक 25 अप्रैल,2024 से 29 अप्रैल,2024 तक, राजकीय इण्टर कालेज बरेली में बने फैसिलिटेशन सेन्टर पर मतदान कर सकते हैं, जनपद प्रयागराज में 14 मई से 18 मई,2024 तक प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक मेरीलुकस गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज कचहरी रोड प्रयागराज में पहुंचकर मतदान कर सकते हैं।

# नदी में डूबे युवक का दो दिन बाद मिला शव

## शव देखते ही परिजनों में मचा हाहाकार मृतक अपने बाप का था इकलौता चराग

- कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ टीम को मिली सफलता



**अवधानामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत करगरा गांव में बीते 23 तारीख को शादी में शरीक होने आये दो किशोरी ओर एक युवक 24 तारीख को बारात विदा होने के पश्चात बगल में ही बह रही सोननदी में नहाने गये थे जहां नहाते समय दोनो किशोरियां नदी में डुबने लगी यह देख मृतक अंकित दूबे इनको बचाने के लिए नदी में कुद गया और इनको बचाते बचाते खुद डुबने लगा किसी तरह दोनों किशोरियां तो बच गई लेकिन अंकित गहरे पानी में समा गया जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया सुचना मिलते ही मौके प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह पहुंच गये जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से पूरे दिन भर लापता युवक का खोजबीन किया गया परंतु निराशा ही हाथ लगी सायं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा एसडीआरएफ टीम को सुचना दी गई जिसके बाद गुरुवार को सुबह करगरा घाट पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने युद्धस्तर पर खोजबीन शुरू कर दिया काफी जद्दोजहद के बाद दोपहर बाद युवक का शव मिला शव मिलने की सुचना मिलते ही मौके पर ही मौजूद परिजन बदहवास हालत में शव से लिपट कर दहाड़े मार मारकर रोने लगे यह दृश्य देखकर हर कोई की आंख में आसू आ गया मृतक अपने मां बाप का इकलौता चराग था उसकी दो छोटी बहनें हैं।

# गेंहूं की उठान न होनें के कारण तौल बाधित

**अवधानामा संवाददाता**

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सरकारी गेंहू खरीद केंद्र में खरीद किए गए गेंहू की उठान न होने के कारण तीन दिन से तौल नही हो पा रही है। किसान अपना गेंहू व्यापारियों को बिक्री करने के लिए मजबूर हो रहा है।मंडी समित स्थित टीन शेड में बोरी डंप हो गई है।

कस्बा कुरारा के कृषि उत्पादन मंडी समित में तीन सरकारी दर पर गेंहू खरीद केंद्र संचालित है। दो केंद्र सहकारी समिति कुरारा देहात व साधन सहकारी समिति कुसमरा संचालित है। तथा शेखुपुर , मिस्त्रीपुर, बेरी साधन सहकारी समिति में सरकारी दर पर गेंहू खरीद केंद्र संचालित है। मंडी समित स्थित आर एफ सी के दो केंद्र संचालित है । केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक 2860 कुंतल गेंहू की खरीद हो गई है। दूसरे केंद्र प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि अभी तक 2772 कुंतल गेंहू खरीद हो गई है।पीसी एफ कृषक सेवा केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक 1754 कुंतल गेंहू की तौल कराई गई है।

लेकिन उठान न होने के कारण तीन दिन से तौल नही हो पा रही है। आज दो गाड़ी गेंहू भेजा जा रहा है।

# देश के 36 नाम चीन विभूतियों को किया गया सम्मान



**अवधानामा ब्यूरो**

- दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यशाला
- जिले के सुप्रसिद्ध तबला वादक सर्वेश कुमार मिश्र हुए सम्मानित

**सोनभद्र।** जिले के सुप्रसिद्ध तबला वादक सर्वेश कुमार मिश्र को बीते 24 अप्रैल 2024 को भोपाल मध्यप्रदेश में तबला वादन के क्षेत्र में विशेष योगदान एवम समाज में शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार के हेतु दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यशाला। सुप्रसिद्ध तबला वादक सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया किआज इस दुनिया में कितनी भाग दौड़ होते हुए एकमात्र संगीत है जो मनुष्य को शांति और सुकून दे पा रहा है और उसमें भी अगर शास्त्रीय संगीत हो तो हृदय और मन दोनों को एक अलग आनंद की अनुभूति होती है और ऐसे संगीत को जीने वाले अपने जिले के नाम चीन तबला वादक डॉक्टर सर्वेश कुमार मिश्रा जिनके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ विश्वविद्यालय द्वारा देश के 36 नाम चीन विभूतियों को सम्मान प्रदान किया गया। इन्ही 36 में अपने जिले के सुप्रसिद्ध तबला वादक सर्वेश कुमार मिश्र को 24 अप्रैल 2024 को भोपाल मध्यप्रदेश में तबला वादन के क्षेत्र में विशेष योगदान एवम समाज में शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार के हेतु Honrery doctrat (वाचस्पति सारस्वत) की मानद उपाधि प्रदान की। आपके सांगितिक शिक्षा बचपन में पिता पं उमानाथ मिश्र द्वारा तत्पश्चात बनारस घराने के सुविख्यात कलाकार पद्म भूषण स्वर्गीय पंडित सामता प्रसाद मिश्र के परंपरा में पंडित संतोष पाठक जिनसे आपकी औपचारिक शिक्षा शुरू हुई और आज तक चल रही है। आपने देश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपना एकल तबला वादन तथा संगत तबला वादन प्रस्तुत किया है और समय समय पर आप अपने शोध पत्रों एवं लेखन के साथ संगीत के कपोज़ीशन के लिए भी जाने जाते हैं।

# जन जन की है यही पुकार, वोट डालो अबकी बार

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** गुरुवार को SVàßàßP 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल विकासखंड रॉबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत लसड़ा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर जनपद के ह्य1द्द्रश्च नोडल अनिल कुमार (प्रवक्ता , राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज )ने विद्यालय के बच्चों, शिक्षक ,शिक्षिकाओं ,उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए अनिवार्य रूप में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई।

लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है ,, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से जन जागरण का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई एवं जनता को मतदान के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम मे एआरपी अवधेश तिवारी,प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लसड़ा के प्रधानाध्यापक बटुक प्रसाद दुबे एवं जयप्रकाश ,सहायक अध्यापक शरद अग्रवाल , भरत सिंह ,सरोज कुमार चौधरी , मीरा देवी सहित ग्रामीण जनों में ग्रामीण जन जगदीश तिवारी ,विजय कुमार, जहांगीर ,रेखा, कमलावती, सुनीता इत्यादि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नामंकन प्रक्रिया संबंधी डीएम की सदारत में हुयी महत्वपूर्ण बैठक

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्न निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया /आदर्श आचार संहिता /रेट लिस्ट के निर्धारण संबंधी बैठक एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में जिलाधिकारी ने नामंकन प्रक्रिया संबंधी सपम्पूर्ण जानकारी तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया तथा उम्मीदवारों व राजनैतिक पार्टियों द्वारा प्रचार-प्रसार के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजन एवं जलपान आदि की व्यवस्था में व्यय होने वाली सामग्री/उपकरणों की दरों आदि के निर्धारण के संबंध से भी अवगत कराया गया और सामग्री की दरों की सूची हस्तगत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को हस्तगत कराई गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक नामांकन स्वीकार किया जाएगा। उम्मीदवार अगर बाहरी लोक सभा क्षेत्र से है तो संबंधित लोक सभा क्षेत्र से प्रमाणित मतदाता सूची लाना अनिवार्य होगा। किसी राजनैतिक दलो के उम्मीदवारों को फार्म ए0बी0 रिटर्निंग आफीसर के यहॉ जमा करना



होगा, तथा उम्मीदवार को अपना चुनाव हेतु एक अलग से बैंक खाता खोलना होगा जो किसी परिवारिक सदस्य के साथ नही होगा। यह खाता ईलेक्शन एजेन्ट के साथ खोला जा सकता है। उम्मीदवार का फोटोग्राफ तीन माह की अवधि से पुराना नही होगा। अगर उम्मीदवार का अपराधिक इतिहास है तो उसको फार्म सी वन में भरकर दो राष्ट्रीय स्तर तथा एक स्थानीय समाचार पत्रों में तीन बार प्रकाशित कराना होगा। राष्ट्रीय समाचार पत्र की प्रसार संख्या 75 हजार तथा स्थानीय समाचार पत्र में 15 हजार होनी चाहिए। चुनाव लड़ने हेतु जमानत धनराशि सामान्य वर्ग हेतु 25000 रू0 तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आधी यानी 12500 रू0 निर्धारित है। नामंकन कक्ष में उम्मीदवार सहित पॉच व्यक्ति नामंकन के समय रह सकते है। नामंकन करनें जाते हुए गाड़ियों को 100 मीटर की परिधि के बाहर रखना होगा। उम्मीदवारों को नामंकन के समय नोड्यूज का भी विवरण संलग्न शपथ पत्र के कालम में भरना होगा। फोटों 2M2.5 सेन्टीमीटर का होगा। जो सफेद या अर्द्धसफेद पृष्ठभूमि का होना चाहिए। फोटो मे चश्मा ,टोपी या वर्दी नही पहनी होनी चाहिए। शपथ पत्र के सभी कलम संपूर्ण रूप से भरे होने चाहिए जो मतदाता 85 डी तथा दिव्यांग हैं उनको कर से इच्छुक मतदाताओं को होम वोटिंग की फॉसीलिटेशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनकी तिथि तथा रूट मार्ग को राजनैतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा जो कार्मिक मतदान ड्यूटी में लगे हैं वह ईडीसी के जरिए मतदान दिवस के दिन ड्यूटी वाले बूथ पर मतदान कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी,अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार,वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि/ पदाधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# राम मंदिर का सपना हुआ पूराः मुख्यमंत्री योगी

वहाज अली निहाल

- भाजपा देश को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहीं है
- देश की एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकारः मुख्यमंत्री

**इटावा/लखनऊ।** 21-लोकसभा मैनपुरी के जसवंतनगर विधानसभा के रामलीला मैदान में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जनसभा का आयोजन किया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता से कैबिनेट मंत्री व मैनपुरी लोकसभा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए जन-समर्थन मांगते हुए कहा कि बीते चरण के चुनाव से स्पष्ट है पूरे देश की एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। भाजपा सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद, गुंडागर्दी को समाप्त करने का काम किया है। भाजपा की जनहितकारी नीतियों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए, 80 करोड़ लोग फ्री राशन का लाभ ले रहें है। डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों को डायरेक्ट ट्रांसफर से भरष्टाचार खत्म हुआ है।

भाजपा देश को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहीं है वही इंडी गठबंधन अपने कुनबे को बचाने के लिए लड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि

सपा, कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया तथा प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। इनका ये कृत्य सनातन संस्कृति के प्रति इनकी



तुष्टिकरण को दर्शाती है।

यदि देश के अंदर कांग्रेस सरकार आने पर विरासत टैक्स लगाएगी, आपकी संपत्ति को हड़पने का कुत्सित प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण में से डकैती डालकर मुसलमानों को दे दिया। कांग्रेस कहती है देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है। इस बार का लोकसभा चुनाव देश के भाग्य को बदलने और सनातन का झंडा बुलंद करने का चुनाव है। कांग्रेस कह रही है आपकी प्रोपर्टी का सर्वे करवाकर आपकी संपत्ति को हड़प कर मुसलमानों को देंगे। हिंदुओ की महिलाओं के मंगलसूत्र को बेचने का काम करेंगे। कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन राम के लिए कुर्बान कर दिया। सपा प्रमुख रामभक्त कल्याण सिंह के निधन पर नही पहुंचे, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर नहीं पहुंचे। जबकि दुर्दांत माफिया के मरने पर कब्र पर फातिया पढ़ने पहुंच गए।

भाजपा आत्मनिर्भर भारत बनाने और देश को सशक्त बनाने, सेनाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। समाजवादी पार्टी को प्रदेश की जनता ने ठुकरा दिया है तो देश की जनता टिकने भी नहीं देगी। सपा प्रदेश की केवल 62 सीट पर लड़ रहे है बहुमत 273 सीट चाहिए। सपा प्रमुख देवतुल्य जनता को मूर्ख समझ रही है।

समाजवादी पार्टी में शिवपाल यादव केवल चूर्ण खिलाने वाले बनकर रह गए है। जिनकी तूती बोलती थी आज उनको बैठने के लिए सीट का हत्था मिल रहा है।

माफिया और अपराधियों के लिए फातिया पढ़ने वाले विपक्ष को जनता पांच साल और देने का काम करेंगी। सपा का नारा था खाली प्लॉट हमारा है। अब बुलडोजर सरकार है जब ये चलता है तो माफियाओं की पेंट गीली हो जाती है।

# भाजपा सरकार की नीतियों पर अल्पसंख्यकों का बढ़ा विश्वासः डॉ. अम्मार रिज़वी



अवधनामा ब्यूरो

- डॉ. अम्मार रिज़वी ने भाजपा के लिये मांगा समर्थन

**लखनऊ।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उ0प्र0 के पूर्व कार्यवाहक मुखयमंत्री रहे डॉ0 अम्मार रिज़वी ने अवध क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में चुनावी मीटिंग्स में जनता एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर पार्टी उम्मीदवारों के लिए समर्थन की अपील की। इसी क्रम में आज अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए आज डॉ रिज़वी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर चर्चा की। डॉ रिज़वी ने अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लखनऊ संसदीय क्षेत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से राजेश वर्मा के लिए चुनावी मीटिंग्स तथा बाराबंकी, मोहनलालगंज, अयोध्या सहित अन्य सीटो पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत के लिए वहां की जनता एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार मुलाक़ातों के बारे में बताया। डॉ रिज़वी ने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र एवं राज्य सरकारों के प्रति अल्पसंख्यक समुदाय के विश्वास में बढोतरी हुई है जिसका असर निश्चित रूप से सम्पूर्ण प्रदेश में पार्टी उम्मीदवारों की लम्बे मार्जिन से जीत से दिखाई देगा।

## गर्मी के तेवर हुए सख्त

**लखनऊ।** दिन बीतने के साथ ही गर्मी के तेवर सख्त होने लगे हैं। लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पारा एक बार फिर 40 डिग्री के पार हो चुका है। प्रयागराज 43.4 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं झांसी, वाराणसी में पारा 42 पार रहा। सामान्य से अधिक हो चुके तापमान के कारण गर्मी अधिक महसूस हो रही है। वहीं, रात के पारे में उतार-चढ़ाव बृहस्पतिवार को भी बना रहा। मौसम विभाग ने दो दिन के भीतर 40 से अधिक जिलों के लू के चपेट में आने की चेतावनी जारी कर सतर्क रहने के कहा है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, 28 अप्रैल तक पारे में उत्तरोत्तर वृद्धि के आसार हैं। लू चलने के आसार हैं, ऐसे में लोगों को सेहत को लेकर कुछ सतर्क रहना चाहिए। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार को बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, श्रावस्ती व आसपास लू के थपेड़ों से सावधान रहने के जरूरत है।

# कांग्रेस का सोशल मीडिया ढांचा बहुत सशक्त, भाजपा नहीं फैला पा रही




अवधनामा ब्यूरो

- देश के प्रधानमंत्री को झूठ का सहारा लेना पड़ रहा है
- न्याय पत्र की गारंटियों को जन-जन तक पहुंचाने पर सुझाव दिये

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज कांग्रेस के न्याय पत्र की चर्चा गांव-गांव में हो रही है। न्याय पत्र में शामिल पांच न्याय और 25 गारंटियां और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रयास सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंच रहे हैं। आज कांग्रेस का सोशल मीडिया ढांचा बहुत सशक्त है, जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी झूठ फैलाने में कामयाब नहीं हो पा रही है। इसीलिए न्याय पत्र की चर्चा से घबरा कर देश के प्रधानमंत्री को झूठ का सहारा लेना पड़ रहा है। श्री पाण्डेय गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया विभाग विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, सोशल मीडिया व डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म की राष्ट्रीय चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने प्रवक्ताओं को टिप्स और सुझाव देने के साथ ही सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस की बातों और न्याय पत्र की गारंटियों को जन-जन तक पहुंचाने पर सुझाव दिये। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मीडिया विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन पवन खेड़ा ने प्रवक्ताओं और सोशल मीडिया को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दु और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोशल मीडिया की जो पूरी पाइपलाइन है वह गांव-गांव तक पहुंच चुकी है और संगठन के ढांचे की ताकत से हम अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने में समक्ष हो रहे हैं।

# भाजपा ने युवाओं, किसानों, दलितों को दिया धोखाः खेड़ा

- 400 सीटों के नारे के पीछे की असलियत संविधान बदलना है
- अपनी गारंटियां भूल दिन-रात झूठा प्रोपेगण्डा फैला रहे प्रधानमंत्री
- 10 सालों के भाजपा के कुकर्मों का लिया जायेगा हिसाबः पवन खेड़ा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर देश के युवाओं, किसानों, आम आदमी, दलितों और पिछड़ों से धोखेबाजी का आरोप लगाया। श्री खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 सीटों के नारे के पीछे की असलियत संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र से प्रधानमंत्री इतना घबरा गये हैं कि अपनी गारंटियां भूल दिन-रात झूठा प्रोपेगण्डा फैला रहे हैं। लेकिन जनता उनके बहकावे में नहीं आने वाली और 10 सालों के भाजपा के कुकर्मों का हिसाब इंडिया गठबंधन की कांग्रेस सरकार बना कर लेने जा रही है। श्री खेड़ा गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। पवन खेड़ा ने कहा कि जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र के पांच न्याय की 25 गारंटियों पर भरोसा है। इसीलिए आज मोदी की गारंटियां गायब हो गयी हैं और देश में सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है। प्रधानमंत्री जनता से जुड़े मुद्दों की बात नहीं करते। मोदी जी आज महिलाओं के मंगलसूत्र की बात करते हैं लेकिन पूरे देश में जो महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था और भाजपा सांसद-विधायक देश की बहन-बेटियों की आबरू लूट रहे थे और भाजपा सरकारें बलात्कारियों को संरक्षण दे रही थीं, उस वक्त प्रधानमंत्री की आवाज तक नहीं निकली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में रोजगार की बात नहीं कर पा रहे, क्योंकि प्रदेश में कोई भी पेपर सकुशल नहीं हो सका। प्रदेश का नौजवान अब इन्हें सबक सिखाने जा रहा है। संविधान की शपथ लेकर प्रधानमंत्री चुनावी सभाओं में स्तरहीन बयानबाजी कर संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री जो 400 सीटों का नारा दे रहे हैं जिसे जनता खास कर युवा, किसान दलित, पिछड़े समझ चुके हैं कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। श्री खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की बनाई नीतियों से आम आदमी की कमर टूटती चली गयी और उसी का परिणाम है कि जब से कांग्रेस का न्याय पत्र आया है उसी की चर्चा हो रही है। न्याय पत्र की चर्चा का असर है कि प्रधानमंत्री अपनी गारंटियां भूल कर कांग्रेस के न्याय पत्र पर ही चर्चा कर रहे हैं। झूठा प्रोपेगण्डा फैला रहे हैं। इसी बहाने हमारा न्याय पत्र देश के घर-घर पहुंच रहा है। श्री खेड़ा ने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी की बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उनकी सभी बातें और वादे झूठे साबित हो गये। कांग्रेस के न्याय पत्र पर लोग भरोसा कर रहे हैं और 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि वार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया कोआर्डिनेटर चित्रा, गरिमा, यूपी मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रवक्ता सचिन रावत, तमजीद अहमद, प्रियंका गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# कला प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

अवधनामा ब्यूरो

- कला प्रदर्शनी का आयोजन 'प्रथम सोपान' नाम से है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कला समागम द्वारा राज्य ललित कला अकादमी में 26 अप्रैल को 5:30 बजे सायं को कला प्रदर्शनी का उद्घाटन हो रहा है। समागम के सचिव गोपेन्द्र कुमार ने बताया कि यह कला समागम, कला विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा बनाया गया है, इस समागम द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन 'प्रथम सोपान' नाम से किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी कला विद्यालय के पूर्व कला आचार्य बद्रीनाथ आर्या जी को समर्पित है।

इस प्रदर्शनी में 62 कलाकारों की लगभग 75 पेन्टिंग प्रदर्शित की जा रही है। जिन कलाकारों की पेन्टिंग देखने को मिलेगी, उसमें कई देश के महान कलाकार भी शामिल है जोकि विद्यालय के पूर्व छात्र भी रहें है। इन कलाकारों में गौरी शंकर वर्मा, पृथ्वी राज सिंह, श्याम वर्मा, सीताराम कश्यप, एम.के.कदम, राजीव मिश्र, अजीत सिंह सुशीला फेंक, नीरा निगम, प्रेम कुमार शर्मा, विभावरी सिंह, मनीषा सिंह, अंजू पाण्डेय, रवीकान्त पाण्डेय, सरोज सिंह, दिनंश गुप्ता, तूलिका कश्यप, शैफाली कपूर, श्रुति कौशिक, संजय प्रजापति, प्रदीप सिंह, पूनम नाग, सुनी वर्मा, जय गुप्ता, निहारिका सिंह, अकिंत प्रजापति, अकाश दुबे, अनिकेत पटेल, धीरज मंध्यानी अमर पाल, शुभम विश्वकर्मा, मानसी मौर्या, शिवम वर्मा, धरम सेन पाल, मोहिता शुक्ला, अरीन्द्र चौधरी, कीर्ती, मोनिका, ज्योति प्रजापति, सिद्धान्त गुप्ता, अर्चना गौतम, अंशिका शुक्ला, रुदांबा सिंह, वर्तिका त्रिपाठी, कलपना वर्मा, हर्शिका सिंह, वंदना प्रजापति, बरीजा नाजिम, धीरेन्द्र प्रताप, अनुज गुप्ता, श्रुति, शालिनी, श्रषभ, मदन, प्रांजली मदनलाल, अमनदीप, कौशिकी द्विवेदी, शिवांगी सिंह, तान्या सिंह, रितिका बुद्धराजा हैं। प्रदर्शनी के संयोजक श्री शशिभाल सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 26 अप्रैल को 5:30 बजे सायं को राज्य ललित कला अकादमी में होगा।

# नुक्कड़ सभाओं में राजनाथ सिंह के विकास कार्यों पर चर्चा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा लखनऊ प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं में लखनऊ महानगर में हुए विकास कार्यों की चर्चा की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा के अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड बर्फखाना तथा पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड में सभाओं का संबोधन किया वही उत्तर विधानसभा में डॉ नीरज बोरा ने कुर्सी रोड स्थित लाल लाजपत राय वार्ड तथा विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत छोटा रामलीला मैदान, प्राथमिक पाठशाला निवाजगंज विजय हलवाई चौराहा में क्षेत्रीय जनता को संबोधित किया, कैंट विधानसभा के बाबू बनारसी वार्ड में पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपाई उपस्थित रहे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आम जनता के मन में फिर एक बार मोदी सरकार का है समाज के हर तबके का आशीर्वाद और समर्थन भाजपा को प्राप्त हो रहा है। 80 करोड़ गरीबों को 4 साल से लगातार फ्री राशन दिया जा रहा है। 50 करोड लोगों को जनधन अकाउंट खोले जाने का लाभ मिला। 12 करोड़ लोगों शौचलय का लाभ मिला। तीन करोड़ गरीबों को आवास दिया जा रहा है केंद्र में मोदी की सरकार और राज्य में योगी की सरकार ने सभी वर्गो के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का काम रही है। 20मई को लोक तंत्र के पर्व पर आप सबको अपने मताधिकार का उपयोग करके भाजपा को बड़ी संख्या में जीत दिलाना है। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने बताया आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के तहत 60 करोड़ लोगों का जीवन बीमा हुआ, सौभाग्य योजना का जिक्र करते हुए बताया 2.86 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन दिया गया साथ ही लखनऊ के कई इलाकों में बिजली के तार बांस बिजली की लाइन की समस्या से निजात दिलाया है।

विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ के विकास कार्यों, कोरोना काल में सरकार की उपलब्धियों, ओवर ब्रिज गोमती नगर रलवे स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएँ विकास हुए।

## कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**लखनऊ।** कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेश में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने गुरुवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल हैं।

चौथे चरण के चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, डॉ. निर्मल खत्री, राजबब्बर, पी.एल. पुनिया, अजय कुमार लल्लू, दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदीप माथुर, विवेक बंसल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, संजय कपूर, इमरान प्रतापगढ़ी, जफर अली नकवी, रवि वर्मा, इमरान किदवई, बी.पी. सिंह, धीरज गुर्जर, नीलांशू चतुर्वेदी, तौकीर आलम, नकुल दुबे, हाजी इकराम, राजेश लिलौठिया, सुप्रिया श्रीनेत, हरेन्द्र अग्रवाल, अफरोज अली खान, दीपक सिंह, इमरान मसूद, नदीम जावेद, राजकुमार रावत, योगेश दीक्षित और शरद मिश्रा का नाम शामिल है।

# टीकाकरण की जागरूकता के लिये कार्य कर रहे युवा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ के कुछ युवाओं ने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण हेतु जागरूकता फैलाने एवं भ्रांतियाँ तोड़ने का बीड़ा उठाया है। लगभग छह माह से नियमित टीकाकरण हेतु यह युवा लखनऊ के सीतापुर इलाके में स्थित झुग्गियों एवं ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के कार्यक्रम कर रहे हैं। इन युवाओं ने सरकार से सहयोग से कुछ विशेष टीकाकरण सत्रों का भी आयोजन कराया जिसमें वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराया गया।

ख्वाजा मोईनूद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा यह कार्य, 'CHABI YAN' (चिल्ड्रेनस होप फॉर एक्शन एण्ड बेटर इम्पैक्ट यूथ अडवोकेसी नेटवर्क) के अंतर्गत किया जा रहा है। CHABI YAN युवाओं द्वारा शुरू की गई एक अनूठी पहल है जिसके अंतर्गत युवा बच्चों के अधिकारों और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए स्वेच्छा से काम कर रहे हैं। इसकी शुरुवात यूनिसेफ उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, डॉ शकुंतला मिश्र पुनर्वास विश्वविद्यालय एवं ख्वाजा मोईनूद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के समाज कार्य एवं पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 20 नवंबर 2023 को विश्व बाल दिवस के अवसर पर की गई थी। भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन संपर्क विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रुचिता चौधरी ने बताया, यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र छात्राओं को यूनिसेफ के विशेषज्ञों द्वारा नियमित टीकाकरण के विषय में सितंबर 2023 में जानकारी दी गई थी। इसके उपरांत छात्रों को इस विषय पर एक्शन प्रोजेक्ट करने थे। यह प्रोजेक्ट छ्याक्ड्ड के अंतर्गत किए जा रहे थे जिसमें लखनऊ के चार विश्वविद्यालयों के छात्र छात्राएँ भाग ले रहे थे और सबको बच्चों से संबंधी अलग-अलग विषय दिए गए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के सपने को पूरा कियाः उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

- भाजपा को चुने और साक्षी महाराज को एकतरफा जिता कर रिकॉर्ड बनाएं

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्नाव से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डा. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी (स्वामी साक्षी महाराज) की नामांकन सभा को सम्बोधित किया। श्री पाठक ने कहा कि हम पार्टी देख कर चुनें, एक ओर भ्रष्टाचारियों व अपराधियों के संरक्षण वाली सपा है तो दूसरी तरफ विकसित भारत का संकल्प लेने वाली पार्टी भाजपा है। आप सब से अपील है कि भाजपा को चुने और साक्षी महाराज को एकतरफा जिता कर रिकॉर्ड बनाए। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से लेकर 2024 तक का लेखा-जोखा जनता के सामने है।

## रायबरेली से ठाकुर प्रसाद को मिला बसपा का टिकट

**लखनऊ।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बहुजन समाज पार्टी ने रायबरेली संसदीय सीट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बसपा ने ठाकुर प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद दो



बार यहां से विधानसभा का चुनाव लड़े हैं, लेकिन हार गए थे। 2024 में वह सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। वैसे तो ठाकुर प्रसाद लखनऊ के मानसरोवर सेक्टर बी के रहने वाले हैं लेकिन उन्होंने अपना आशियाना सरेनी विधानसभा क्षेत्र के बहाई लालगंज में भी बनवा लिया है। सरेनी विधानसभा सीट से ठाकुर प्रसाद 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़े, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सके। इस बार बसपा ने ठाकुर प्रसाद पर एक बार फिर विश्वास जताया है और उनको दिल्ली का रास्ता तय करने के लिए लोकसभा का टिकट दिया है। बसपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा का इंतजार है।

# जेईई मेन्स द्वितीय 2024 में ग्रेविटी का फिर शानदार रिजल्ट

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जेईई मेन्स द्वितीय 2024 के रिजल्ट में ग्रेविटी के छात्र छात्राओं ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। इस तरह ग्रेविटी ने सफलता के अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोडक़र कदम और आगे बढ़ा दिए हैं। इस बार के रिजल्ट में ग्रेविटी क्लासेज के 600 से अधिक बच्चों ने जेईई मेन्स क्रैक किया है। जो कि लखनऊ के लिए सबसे बड़ा रिजल्ट है। इतना बड़ा रिजल्ट पहले भी किसी ने नहीं दिया है। ग्रेविटी क्लासेज के पांच विद्यार्थियों ने 99.9 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। वहीं 99.6 परसेंटाइल से अधिक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 36 है। यशवर्धन ने 99.99, प्रथम ने 99.97, शौर्य ने 99.926, वेदांत 99.923 और ईशान ने 99.92 परसेंटाइल अर्जित किया है। ग्रेविटी क्लासेज के एसआरजी बैच के 40 में से सभी 40 बच्चों ने जेईई मेन्स में सफलता हासिल की है। सबसे बेहतर प्रदर्शन स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के बच्चों का रहा है। ग्रेविटी क्लासेज जेईई मेन्स और एडवांस्ड में बीते कई वर्षों से शानदार रिजल्ट दे रही है। यही वजह है कि ग्रेविटी क्लासेज की सफलता की दर न सिर्फ लखनऊ, कोटा बल्कि देश के कई शीर्ष संस्थानों को भी आश्चर्यचकित कर रही है। जेईई मेन्स के नतीजे में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को ग्रेविटी क्लासेज के निदेशक और सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

# मतदान हेतु दिलाई गई शपथ

- विभिन्न संकायों के छात्रों और शिक्षकों ने शपथ ली

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, लखनऊ ने मुख्य परिसर में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। शपथ ग्रहण समारोह मतदान जागरूकता अभियान के संबंध में था और लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन.एस. सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया था, जिसमें एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ विभिन्न संकायों के छात्रों और शिक्षकों ने मतदान करने की शपथ ली। आगामी संसदीय चुनाव 2024 में अपना मतदान करें। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य कुलानुशासक डॉ. ऋषि कुमार मिश्रा ने सफलतापूर्वक समन्वयन किया और कॉलेज प्राचार्य द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के महत्व के बारे में प्रेरक भाषण के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। शपथ ग्रहण के बाद समारोह में कॉलेज के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें संदेश दिया गया कि शत-प्रतिशत मतदान के बिना एक लोकतांत्रिक समाज अधूरा है। दोनों जागरूकता अभियानों का सफलतापूर्वक आयोजन डॉ. नोमितागोवन, कॉलेज चुनाव नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार मिश्रा के साथ किया गया।

# दरिन्दे ने महिला को मरा जानकर किया दुष्कर्म

अवधनामा ब्यूरो

- घायल महिला ट्रॉमा सेंटर रेफर

**लखनऊ।** मोहनलालगंज इलाके के एक गांव में नशे में धुत वहशी दरिन्दे की दरिन्दगी का मामला प्रकाश में आने पर लोग दंग रह गए। महिला ने जब दुष्कर्म का विरोध किया तो दरिन्दे ने महिला का गला दबा दिया। महिला जब बेसुध हो गई तो महिला को मरा समझकर कर दरिन्दे ने कुकर्म किया। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला का इलाज ट्रॉमा सेंटर मे चल रहा है।

आरोपी को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। पुलिस के मुताबिक इलाके के एक गांव मे मां बेटे रहते हैं। मंगलवार को बेटा काम पर गया था। आरोप है कि आरोपी युवक सुभाष शराब के नशे मे धुत होकर देर शाम महिला के घर मे घुस आया और महिला से अश्लीलता करने लगा। महिला अपनी आबरू बचाने के लिए दरिन्दे से भिड़ गई। इस पर दरिन्दे युवक ने महिला को जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया जिस पर महिला बेसुध हो गई। महिला को मरा समझकर वहसी दरिन्दे ने दुष्कर्म किया। महिला का बेटा रात में वापस घर आया तो मां की हालत देख दंग रह गया।